# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-08-06-2024

# विधायक की नाराजगी पड़ी भारी, पिपराइच इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

## मतदान के दिन भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई का मामला

- एसएसपी ने करायी गोपनीय जांच, कार्रवाई करने में थानेदार ने बरती थी शिथिलता
- पिटाई करने वाला पार्षद हो चुका है गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** लोक सभा चुनाव में मतदान के दिन पिपराइच विधान सभा क्षेत्र के सोराइच उर्फ बड़े गांव में मतदान के दौरान पार्षद दीपक चौहान और भाजपा कार्यकर्ता गुड्डू हिन्दू के बीच मारपीट के मामले में एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई न करने के आरोप में पिपराइच इंस्पेक्टर अमित कुमार शर्मा को लाइनहाजिर कर दिया।

इस मामले में मतदान स्थल पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह व पूर्व ब्लाक प्रमुख आनन्द शाही से भी तकरार हो गया था। पुलिस द्वारा त्वरित एक्शन नहीं लेने के कारण विवाद बढ़ गया था। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पूरे मामले की गोपनीय जांच करायी कराने के बाद इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने कहा कि त्वरित कार्रवाई करने में किसी ने शिथिलिता बरती गई तो कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

मालूम हो कि पिपराइच थाने के सोनराइच उर्फ बड़े गांव में मतदान स्थल पर पहले से पार्षद दीपक चौहान मौजूद थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता गुड्डू हिन्दू मतदान स्थल पर रहने को लेकर एतराज किया। पार्षद वहां से बाहर नहीं गया तो इस बात की जानकारी भाजपा नेताओं को उन्होंने दी। कुछ समय बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख भी पहुंच गए और वह पार्षद को बाहर जाने की बात करने लगे। इसी बीच विधायक भी मतदान स्थल पर पहुंच गए जहां पार्षद से वाद विवाद हुआ।

बताया जाता है कि मतदान स्थल से गुड्डू हिन्दू घर जाने के लिए निकला तो पार्षद ने समर्थकों के साथ उनसे मारपीट भी किया। मारपीट के मामला विधायक तक पहुंचा तो पुलिस ने पार्षद के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी तरफ मारपीट के मामले में पार्षद परिवार ने विधायक सहित दो लोगों को खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी।

लोगों का कहना है कि पुलिस की लापरवाही की वजह से वहां पर विवाद बढ़ा था। मामला तूल पकड़ लिया और फिर एसएसपी ने पूरे मामले की गोपनीय जांच करायी जिसके बाद बृहस्पतिवार की रात पिपराइच इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)** ।बड़हलगंज पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि धारा 376,506 में वांछित अभियुक्त सचिन कुमार उर्फ गोलू पुत्र देवनाथ निवासी नीबी सैनी थाना बड़हलगंज को गिरफ्तार किया गया। वह उपरोक्तमुकदमे में वांछित चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध थाना बड़हलगंज द्वारा लुकआउट नोटिस जारी कराया गया था। वह 6ध्06ध्2024 को दुबई से एयर इंडिया फ्लाइट से वापस आकर श्री लालबहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बाबतपुर वाराणसी में जैसे ही उतरा चेकिंग के दौरान अधिकारियों द्वारा रोक लिया गया। उसके बाद पुलिस टीम गिरफ्तार कर बड़हलगंज लाकर जेल भेज दी।

# गैंगस्टर के दो आरोपी पर 82 की कार्रवाई

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)** ।चौरीचौरा थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह मय फोर्स के साथ गैंगिस्टर एक्ट के फरार आरोपित सुनील साहनी पुत्र अभिराज साहनी निवासी भगवानपुर (राजी टोला) थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के घर नोटिस चस्पा कर 82 की कार्यवाही की गई।थाना प्रभारी द्वारा इसी तरह गैंगिस्टर एक्ट के फायर आरोपित राज गौड़ उर्फ विट्ठू पुत्र राजेंद्र गौड़ निवासी औला दोपम थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर के विरुद्ध 82 की कार्यवाही करते हुए उसके घर पर नोटिस चस्पा कर कार्यवाही किया गया।थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि गैंगिस्टर एक्ट के दोनों फरार आरोपी है।माननीय न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए दोनो आरोपियों पर पुलिस द्वारा 82 की कार्यवाही करते हुए नोटिस चस्पा किया।

# युवक की गला रेत कर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बृहस्पतिवार को गोरखनाथ के अहमद नगर चक्सा हुसैन निवासी कपड़ा कारोबारी जिशान अहमद की गला रेत कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**गोरखनाथ इलाके के अहमद नगर चक्सा हुसैन की घटना**

- मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या का केस
- घर के सामने बबलू से जिशान का हुआ था विवाद
- दोनों को समझा कर घर भेजा, रास्ते में बबलू ने चाकू से गला काटकर कर दी हत्या

मिली जानकारी के अनुसार मृतक का मुर्गा काटने की दुकान लगाने वाला पड़ोसी बबलू से किसी बात को लेकर किराने की दुकान पर विवाद हुआ था। उस समय आसपास के लोगो ने दोनों को समझा बुझाकर वहां से हटा दिया। वहां से हत्यारोपी बबलू घर गया और चुपके से मुर्गा काटने वाला चाकू छुपा कर मृतक के दुकान के पास पहुंचा। सड़क पर ही जिशान से उसकी मुलाकात हो गयी। उसे रोक कर बबलू ने चाकू से जिशान का गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद मुख्य आरोपी बबलू मोबाइल बंद कर फरार हो गया। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या (302) के तहत केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

मौके पर मौजूद मृतक के पिता और स्थानीय लोगों का कहना है कि जिशान दुकान से कुछ दूर सड़क पर खड़ा था। तभी बबलू घर से उसके पास पहुंचा और धोखे से मुर्गा काटने वाले चाकू से उसका गला रेत कर वहां से फरार हो गया। जिशान की कुछ समय बाद मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ गोरखनाथ योगेन्द्र सिंह व एसओ मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक नाबालिक सहित तीन के खिलाफ नामजद हत्या का केस दर्ज किया। एसओ गोरखनाथ जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से आरोपी ने मोबाइल फोन बंद कर लिया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी ।

# यात्री का मोबाइल छीनकर चाकू मारने वाले दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)**। आरपीएस, पूरे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। रेलवे सुरक्षा बल, छपरा एवं जीआरपी, छपरा कचहरी द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान 4 जून को गाड़ी संख्या-04058 के एक यात्री का मोबाइल छीनकर चाकू मारने वाले दो चोरों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया तथा उनकी निशानदेही पर चोरी किये हुए एक मोबाइल के साथ एक अन्य चोर को गिरफ्तार किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या-02 पर 17 वर्ष की एक लड़की लावारिश हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-11060 में 17 वर्ष की एक लड़की लावारिश

**■ आरपीएफ व जीआरपी ने की संयुक्त कार्रवाई**

हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, आजमगढ़ को सुपुर्द किया गया। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊसे प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-12555 में 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोंडा को सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# हत्या का केस दर्ज करने का आदेश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गोरखपुर ने धारा के 156(3) के तहत दाखिल आवेदन पर सम्यक विचारोपरांत हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश एस ओ बांसगांव को दिया है।



बेलीपार थाना क्षेत्र के सेवई निवासी सूरजमन चौरसिया ने अपने अधिवक्ता रीतेश कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) दंप्रसं के तहत सीजेएम गोरखपुर के समक्ष प्रस्तुत किया।प्रार्थना पत्र के माध्यम से उसने बताया कि उसकी बहन पार्वती देवी का विवाह स्व दूधनाथ निवासी ग्राम महसीन, थाना बांसगांव, गोरखपुर के साथ हुआ। बहन के पति की मृत्यु 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है।बहन का पुत्र उपेन्द्र चौरसिया जो कि दुबई में रहता है,षड्यंत्र करके अपने पत्नी व बच्चों से प्रार्थी के बहन को जहर दिलवा दिया जिससे बहन की मृत्यु हो गई। यहां यह बताते चलें कि उपेन्द्र चौरसिया अपनी पत्नी सुधा देवी तथा अपने पुत्रगण उमेध व अनुराग प्रार्थी के बहनोई के मृत्यु के उपरान्त प्रार्थी की बहन को मारते पीटते थे तथा घर का सारा कार्य मेरी बहन से कराते थे।बुजुर्ग महिला से सारा कार्य कराने के बाद भी भोजन समय से नहीं देते थे। मेरे द्वारा समझाने पर भी नहीं माने। अंततः 20 अक्टूबर 2023 को उपेन्द्र चौरसिया के कहने पर उसकी पत्नी सुधा देवी व उसके दोनो पुत्र उमेध व अनुराग ने एक होकर मेरी बहन को मार-पीट कर जबरदस्ती दवा के नाम पर जहर पिला दिए। जिससे प्रार्थी के बहन की मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना बांसगांव में कई बार प्रार्थना पत्र दिया परन्तु मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। मेरे द्वारा घटना की सूचना जरिये रजिस्ट्री पत्र 06 दिसम्बर 23 को एसएसपी को दिया किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। सीजेएम गोरखपुर द्वारा पत्रावली के अवलोकन के बाद प्रथम ष्टया अपराध कारित किया जाना पाया और प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए अन्तर्गत धारा 156 (3) दंप्रसं के तहत थानाध्यक्ष बांसगांव को धारा 302,120 बी, 328,323, 504, 506आईपीसी के तहत अभियोग दर्ज करके नियमानुसार विवेचना करें एवं आदेश प्राप्ति की तिथि से तीन के अन्दर अनुपालन आख्या न्यायालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

# चोरों ने मकान खंगाला, हजारों का सामान समेटा

**खजनी(एसएनबी)**। खजनी इलाके में बीती रात चोरों ने तीन घरों में घुसकर नकदी और जेवरात सहित सामान समेट ले गए। खजनी थाना क्षेत्र कुंआ बुजुर्ग में बेखौफ चोरों ने तीन घरो से लाखों के जेवर सहित बर्तन कपड़े उड़ाये ,दूसरे दिन दोपहर बाद मायके से आई महिला ने देखा घर का दशा तो अवाक रह गई,उसी दौरान पता चला कि चोर दो और घरो में जंगला तोड़कर चोरी कर लिए, ग्रामीणों ने तत्काल खजनी थाने पर फोन किया। मौके पर हल्का इंचार्ज पहुंचे चोरी में गए समान का विवरण लेकर वापस थाने आ गए, वही दो घरों में पुरुष के अनुपस्थिति में तहरीर नही दिया गया ।

बताया गया एक का परिवार पुलिस में बनारस है,दूसरे घर के महिला का पति नही है। खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम कुआ बुजुर्ग का है जहां बीती रात चोर संदीप कुमार के घर मे घुस कर चोर चार पायल, 10 सोने के अंगूठी, 2 जोड़ी झुमका, कनफूल माला चांदी की थाली उठा ले गए है,जिसकी कीमत पांच से सात लाख बताई जा रही है। उसी रात माया देवी पत्नी स्व. किशोर के घर पायल अंगूठी, हाथपलानी बर्तन आदि समान उठा लेकर, तीसरे घर दयाल यादव के घर चोर जंगला काट कर आभूषण बर्तन कपड़ा आदि उठा ले गए, सन्दीप कुमार बनारस में पुलिस पद पर तैनात है उनकी पत्नी गोरखपुर रहती है।माया देवी अपने मायके गई थी ,दोपहर जब घर आई तो हाल देख दंग रह गई, दीनदयाल का परिवार घर रहता है पीछे का जंगला तोड़ कर चोर खंगाल ले गए । दोपहर बाद सभी चोरियो की जानकारी परिजन को हुई ग्रामीणों का कहना है कि रात में विद्युत आपूर्ति भी कुछ देर तक ठप थी,बहरहाल खजनी पुलिस जांच में जुट गई।

# अस्पताल में तोड़फोड़ करने वालों पर केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पीएचसी करमहा सरदार नगर के चिकित्साप्रभारी डा. हरिओम पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 5 जून को बांकेलाल यादव पुत्र प्यारे लाल उम्र (55) वर्ष को अस्पताल में ईलाज के लिए लाया गया था,ईलाज के दौरान घायल युवक की मृत्यु हो गई। आरोप है कि घायल की मृत्यु के बाद अज्ञात लोगों द्वारा डक्टर पर ही ईलाज मे लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा करते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ कर सरकारी सम्पत्ति का नुकसान किया। हंगामा के दौरान अस्पताल के वार्ड व्वाय,ब्लाड एकाउंटेंड मैनेजर के साथ मारपीट किया।आरोप है कि चिकित्साप्रभारी व डक्टरो को जान से मारने की धमकी दे रहे थे।चिकित्साप्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 353,506, 3,4 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

**■ चिकित्सा प्रभारी ने अज्ञात लोगों पर दर्ज कराया केस**

# फरार आरोपी पर 82 की कार्रवाई

■ डोहरिया बाजार।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

चिलुआताल थाना के मजनू चौकी अन्तर्गत अजिजुल्लाह उर्फ चकिया गांव निवासी गिरीश शर्मा, गणेश शर्मा,अभिमन्यु शर्मा, कन्हैया शर्मा तथा प्रत्युश शर्मा केस अपराध संख्या 88/023 में आरोपी है जिसमें प्रत्युश शर्मा न्यायालय के बार बार आदेश के बावजूद भी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहें थे न्यायालय द्वारा उपस्थिती सुनिश्चित कराने के लिये फरवरी में ही गैर जमानती वारंट जारी किया गया था मगर आरोपी प्रत्युश शर्मा हमेशा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए हाजिर नहीं हुआ। चौकी प्रभारी मजनू दिग्विजय परमार आरोपी के घर पहुंच डुमडुगी कराकर 82 की नोटिस चस्पा कर गांव वालों के समक्ष परिजनों को कार्रवाई से अवगत कराया।

# तीन बदमाश तीस हजार नकदी व सोने की चेन लूट कर फरार

■ गोरखपुर।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

कैंपियरगंज इलाके के बजही गांव के निकट बीती रात अपाची सवार तीन बदमाशों ने बाइक सवार रोककर मारा पीटा और तीस हजार नकदी, सोने की चेन और बाइक की चाभी लेकर फरार हो गए। युवक ने पुलिस को सूचना दी जहां पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हैं।

**कैंपियरगंज प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बजही गांव के राणी देई पुल के समीप अपाची सवार 3 बदमाशों ने मोटरसाइकिल सवार प्रमोद पासवान निवासी बगहीभारी पीपीगंज को मारपीट कर 30000 रुपया नगद सोने के चेप व मोबाइल व मोटरसाइकिल की चाभी लूट कर फरार हो। लूट के शिकार प्रमोद पासवान ने अपाची

■ **कैंपियरगंज के बजही गांव के पास हुई घटना**

■ **वारदात के दौरान अपाची सवार बदमाश बाइक की चाभी भी लेकर चलता बने**

मोटरसाइकिल सवार 3 अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध कैंपियरगंज पुलिस को तहरीर दिया। बताया जाता है कि गुरुवार की रात 10 बजे के आस पास बगहीभारी निवासी प्रमोद पासवान बाइक से अपनी ससुराल मोहनाग गांव जा रहा था। बजही गांव के राणी देई पुल के समीप अपाची सवार तीन युवक रोड पर गाड़ी खड़ा कर प्रमोद पासवान की गाड़ी रोक लिए और पिटाई कर मोबाइल,सोने की चेन व 30000 रुपया गाड़ी की चाभी लूट कर हरनाथपुर के तरफ फरार हो गये। गाड़ी धकेलते हुए प्रमोद पासवान कुंजलगढ़ गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने रात्रि में मोहनाग गांव के प्रधान को घटना की जानकारी दी। रात्रि में ही प्रमोद पासवान के स्वसुर चंद्रिका पासवान मोहनाग के प्रधान पीड़ित को घर ले गए। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि तहरीर मिला है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# एक ही रात चार थाना क्षेत्रों के 14 घरों में हुई भीषण चोरी

## बड़हलगंज, सिकरीगंज व सहजनवां थाना क्षेत्र में हुई घटना, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, सर्विलांस की मदद से तलाश शुरू

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बड़हलगंज, सिकरीगंज, खजनी और सहजनवां थाना क्षेत्र के 14 घरों में गुरुवार की रात चोरों ने चोरी कर पुलिस को चुनौती दी है। बड़हलगंज में छह और खजनी व सिकरीगंज के तीन घरों में छत व पीछे के रास्ते घुसे चोर नकदी समेत लाखों के जेवर उठा ले गए। शुक्रवार सुबह घटना की सूचना पर सीओ व थाने की पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाया। वहीं, सहजनवां कस्बे में दो बंद घरों का ताला तोड़कर चोर जेवर समेत जरूरी कागजात उठा ले गए। तहरीर मिलने पर सहजनवां पुलिस अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

बड़हलगंज संवाददाता के अनुसार छपिया गांव के उमा रमण तिवारी गुरुवार की रात घर के बाहर सोए थे। पत्नी कमरे में सो रही थी। इसी बीच घर के पीछे लगे जंगले का ग्रिल निकाल अंदर घुसे चोर सोने के दो हार, तीन चेन, चार नथिया, दो झुमका, सोने की आठ अंगूठी, दो बाली समेत अन्य जेवर उठा ले गए। इसी गांव के सतीश यादव के घर छत के रास्ते अंदर घुसे चोर सोने की चार चेन, चार अंगूठी, एक ब्रेसलेट, कान की बाली, कान का फूल, पायल समेत नकदी उठा ले गए। वहीं, छपिया के बगल में स्थित टाड़ा गांव में मुखलाल मौर्य, रामसकल मौर्य, सुरेश मौर्य, श्रीभागवत मौर्य के घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत हजारों के जेवर पार कर दिए। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर घटना के पर्दाफाश की मांग की है। सीओ गोला रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि डाग स्क्वाड के साथ गांव पहुंचकर जांच की गई है। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

महदेवा बाजार संवाददाता के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के भटियारी निवासी सुधांशु पांडेय, हरिराम और ईनर के घर में चोरी हुई। जांच को पहुंची पुलिस से सुधांशु ने बताया कि उनके घर से चोर सोने की तीन अंगूठी, चेन, बाली, झुमका समेत अन्य जेवर व जरूरी कागजात उठा ले गए। हरिराम ने बताया कि उने घर से तीन अंगूठी, दो चेन, दो मंगलसूत्र, अंगूठी, पाजेब, झुमका व नकदी गायब है। वहीं, ईनर के घर से एक अंगूठी, मंगलसूत्र, नथुनी समेत अन्य जेवर चोरी हुए।



सिकरीगंज के भटियारी में चोरी के बाद बिखरा सामान • जागरण



छपिया गांव में घटना के बाद मौके पर जांच करता डाग स्क्वाड • जागरण

उनवल संवाददाता के अनुसार खजनी थाना क्षेत्र के कुआं बुजुर्ग में तीन बंद घरों का ताला तोड़कर चोर जेवर समेत नकदी उठा ले गये। संदीप कुमार के घर से सोने की 10 अंगूठी, दो जोड़ी झुमका समेत अन्य जेवर, माया देवी के घर से पायल, अंगूठी व बर्तन और दीनदयाल यादव के घर से जेवर व बर्तन गायब हैं। संदीप वाराणसी में पुलिसकर्मी हैं। इनकी पत्नी गोरखपुर में रहती हैं। घटना के समय माया मायके गई थीं। सीओ खजनी ओंकार दत्त तिवारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम व डाग स्क्वाड के साथ जांच की गई है।

सहजनवां संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत के वार्ड नंबर-पांच सहबाजगंज निवासी अनीता देवी मायके गई थीं। उनके घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने की दो चेन, नथिया, टीका, झुमका समेत अन्य जेवर, बैंक पासबुक, बैनामा के कागजात पार कर दिया। वहीं शिवपुरी कालोनी निवासी नीलकमल कन्नौजिया के घर में घुसे चोर आलमारी व बक्से का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, टीका, बाली, पावजेब, बैनामा व एलआइसी के कागजात उठा ले गए। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस सीसी कैमरे से चोरों को तलाश रही है।

## शादी का भरोसा देकर जेल से छूटा, वादे से मुकरने के बाद किया दुष्कर्म

जासं, चौरी चौरा : शादी करने का भरोसा देकर जमानत पर छूटा आरोपित बाद में मुकर गया। आरोप है कि पीड़िता को अपने घर ले जाकर दोबारा दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित पर दुष्कर्म, उसकी मां, चाचा व बहन पर मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

युवती ने चौरी चौरा थाना पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि गांव में रहने वाले रणजीत ने चार वर्ष पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रणजीत को जेल भेजा था। उसके स्वजन ने शादी करने का भरोसा दिया तो आरोपित को जमानत मिली। इसके बाद रणजीत ने नजदीकी बढ़ा ली और फोन पर बातचीत करने लगा। अप्रैल 24 में उसकी सहेली की शादी थी, जिसमें रणजीत भी गया था। वहां से होटल में ले जाकर उसने दुष्कर्म किया और मुंबई चला गया। 23 मई को उससे मिलने मुंबई पहुंची तो वहां से साथ लेकर 26 मई को घर चला आया और दुष्कर्म किया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले अधिवक्ता

गोरखपुर : जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार चंद के पट्टीदारों द्वारा उनके ऊपर जानलेवा हमला करने के विरोध में शुक्रवार को एसोसिएशन सभागार में उपाध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक का संचालन मंत्री लालमन ने किया। हमले की घटना और पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने के विरोध में सर्वसम्मति से 10 जून को कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

अधिवक्ता पर पांच जून की रात नौ बजे जान मारने की नियत से असलहे से फायर किए जाने की सूचना थाना गोला में देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर अधिवक्ताओं ने घटना की घोर निन्दा की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेने के बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर तत्काल उचित कार्यवाही की मांग की।

## पीएचसी पर हंगामा व तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात पर मुकदमा

जासं, मुंडेरा बाजार : पीएचसी सरदारनगर पर बुधवार को हंगामा करते हुए तोड़फोड़ करने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. हरिओम पांडेय के तहरीर पर चौरी चौरा पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

चौरी चौरा थाना क्षेत्र के करमहा गांव के बंकेलाल यादव चालक थे। बुधवार को आटो में सोनबरसा से सवारी लेकर फुटहवा ईनार आ रहे थे। सरैया में पोखरा के पास आटो पोल से टकरा कर पलट गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिचित व स्वजन उपचार के लिए पीएचसी सरदारनगर लाए तो कुछ देर बाद ही उनकी मृत्यु हो गई। पीएचसी नजदीक होने की वजह से गांव के लोग एकत्र हो गए। उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा और तोड़फोड़ की।

## दुबई से लौट रहा दुष्कर्म का आरोपित वाराणसी एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

जासं गोरखपुर : दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद दुबई भागने वाले आरोपित को गुरुवार को वाराणसी एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। दुबई से लौट रहे आरोपित के विरुद्ध एसएसपी ने लुक आउट नोटिस जारी किया था। एयरपोर्ट प्रशासन के सूचना देने पर वाराणसी पहुंची बड़हलगंज थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया।

गोला क्षेत्र की युवती ने बड़हलगंज के नीबी सैनी गांव के सचिन कुमार उर्फ गोलू के विरुद्ध दुष्कर्म व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि शादी करने का झांसा देकर तीन वर्ष तक उसने शारीरिक शोषण किया और बाद में मुकर गया। पीड़ित के दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत पर गोला थाना पुलिस ने सचिन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया, जिसकी विवेचना बड़हलगंज पुलिस कर रही थी।

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिकंजा कसने पर एक वर्ष पहले सचिन कुमार दुबई भाग गया। थानेदार ने इसकी रिपोर्ट दी थी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लुक आउट नोटिस जारी किया था।

# मऊ पुलिस ने चौरी चौरा में छापेमारी कर बरामद की बाइक

जासं, मुंडेरा बाजार : मऊ जिले की मधुबन थाना पुलिस ने शुक्रवार को चौरी चौरा क्षेत्र के जोधपुर में छापेमारी कर चोरी की एक बाइक बरामद कर एक आरोपित को हिरासत में लिया।

मऊ के मधुबनी क्षेत्र में बाइक चोरी का मामला आया था, जिसमें पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि बाइक चौरी चौरा में बेची गई है। सूचना पर मधुबन पुलिस ने जोधपुर गांव में छापेमारी कर बाइक बरामद कर खरीदार को हिरासत में लिया। चौरी चौरा थानेदार आशीष कुमार सिंह ने बताया कि मऊ पुलिस चोरी की बाइक बरामद कर युवक को हिरासत में लेकर गई है।

रसूखदारों में थानों के 'माथे' पर नाम लिखवाने की होड़, एम्स थाने के बोर्ड पर कोचिंग सेंटर संचालक का फोटो

# स्कूल, अस्पताल या थाना, यहां मुश्किल है समझ पाना

सतीश पांडेय • जागरण

गोरखपुर : थाने के बाहर और अंदर लगे बोर्ड को देखकर पता ही नहीं चलता कि यह स्कूल, हास्पिटल, कोचिंग सेंटर का कार्यालय या थाना है। गोरखपुर समेत जोन के अधिकांश जिलों में यही स्थिति है। हर थाने, चौकी के प्रवेश द्वार पर प्रायोजकों के सौजन्य से बोर्ड लगवाया गया है। कहीं-कहीं बोर्ड इतने बड़े हैं कि उसमें प्रायोजक का नाम बड़ा और थाने का नाम छोटा लिखा है।



एम्स थाना पर चस्पा हुआ कोचिंग संस्थान का नाम • जागरण

संवेदनशील सरकारी संस्थान के बोर्ड पर लगे इस प्रकार के विज्ञापन निष्पक्षता पर पूरी तरह से सवाल खड़े करते हैं। यदि कोई पीड़ित व्यक्ति न्याय की गुहार लगाने के लिए थाने पर जाता है और अगर संयोगवश आरोपित वही संस्थान या व्यक्ति है, जो कि थाने को लिखित रूप में प्रायोजित करता नजर आता है तो पीड़ित न केवल हतोत्साहित होता है, बल्कि उसके मन में पुलिस व न्याय व्यवस्था को लेकर संशय की स्थिति पैदा हो जाती है। संयोगवश यह गलत परंपरा प्रत्येक थानों पर फैलती जा रही है।

जो न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली, बल्कि निष्पक्षता के सवाल को संदिग्ध बना रही है। यह प्रचलन एक फैशन के रूप में उभरता जा रहा है, जिसके माध्यम से रसूखदार अपना नाम थानों के 'माथे' पर लिख देना चाहते हैं। कई जगह तो पुलिस के प्रतीक रंग में ही प्रायोजक का नाम भी लिख दिया गया है। एम्स थाने के बोर्ड पर एक कोचिंग सेंटर संचालक का चश्मा लगाए फोटो व मोबाइल नंबर के साथ लिखा है कि बच्चों को घर पर ट्यूशन पढ़ाने के लिए संपर्क करें।

थाने के बोर्ड पर स्कूल, हास्पिटल, कोचिंग या किसी संस्थान का नाम लिखने की परंपरा गलत है। जोन के सभी आइजी/डीआइजी के साथ ही पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर इस गलत परंपरा को सही कराया जाएगा, ताकि थाने आने पर किसी को ऐसा न लगे कि यहां किसी का प्रभाव है।



– डा. केएस प्रताप कुमार, एडीजी जोन

## नहीं है ऐसा कोई नियम या आदेश

थानों के प्रवेश द्वार पर लगे बोर्ड में हास्पिटल, कोचिंग, जिम, व्यापारिक संस्थाओं का नाम और प्रचार थाने के नाम के साथ संयुक्त रूप से लिखने का कोई प्राविधान पुलिस नियमावली में नहीं है। किसी सक्षम प्राधिकार की ओर से ऐसा कोई आदेश भी नहीं दिया गया है।

# ड्यूटी के दौरान उपनिरीक्षक की बिगड़ी तबीयत, हुए भर्ती

जासं, गोरखपुर : कैंट क्षेत्र में आरटीओ चौराहे पर ड्यूटी के दौरान शुक्रवार की शाम 5:30 बजे यातायात उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह की तबीयत बिगड़ गई। साथी आनन-फानन उन्हें लेकर सदर अस्पताल गये। चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। हालांकि सूचना पर पहुंचे स्वजन ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

कुशीनगर के खड्डा निवासी वीरेंद्र सिंह बीते छह माह से गोरखपुर में यातायात उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह शाम को आरटीओ चौराहे पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गये। जिला अस्पताल के चिकित्सक के अनुसार उन्हें ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत है। सदर अस्पताल पहुंचे यातायात निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि वीरेंद्र सिंह के स्वजन आ गये हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जिला अस्पताल में भर्ती किए गए आरटीओ तिराहे पर ड्यूटी के दौरान बेहोश हुए यातायात निरीक्षक वीरेंद्र सिंह • जागरण

# जिला अस्पताल की इमरजेंसी से 'बिका' रोगी, हंगामा हुआ तो लौटा

- दलाल ने जांच के बहाने तीमारदारों को बहकाया, भेजा निजी अस्पताल
- इमरजेंसी के रजिस्टर पर लिखवाया गया 'अपनी मर्जी से लेकर गए हैं'

जासं, गोरखपुर : जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शुक्रवार को इलाज कराने पहुंचे एक रोगी को 'बेच' दिया गया। इमरजेंसी में ही दलाल ने तीमारदारों से कहा कि इसे निजी अस्पताल ले जाओ। उसने एंबुलेंस भी मंगा दी। एंबुलेंस वाले ने 700 रुपये मांगे तो 200 कम करा दिया। रोगी के शुभचिंतक इमरजेंसी में पहुंचे तो रजिस्टर में रोगी का नाम दर्ज नहीं था। बाद में एक स्वजन से रजिस्टर में लिखवाया गया कि 'उनके भाई के कहने पर ले गए हैं अपनी मर्जी से।' जल्दबाजी में रोगी की जगह उसके भाई शनि का नाम लिख दिया गया और उसके आगे लिखा गया है- रेफर टू बीआरडी, जबकि इसके पहले रोगी वहां से जा चुका था।

जाफरा बाजार के सोनू कुमार की तबीयत अचानक खराब हो गई। स्वजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। वहां काले रंग का शर्ट पहने एक युवक ने जांच की और एक निजी अस्पताल का नाम लेकर कहा कि इन्हें वहां ले जाइए। उसने एंबुलेंस भी बुलाई। स्वजन जब उसे लेकर निकले तो पार्षद अभिषेक शर्मा को फोन किया कि कुछ रुपये लेकर आ जाएं, वे रोगी को निजी अस्पताल लेकर जा रहे हैं। पार्षद के साथ तत्काल कुछ लोग इमरजेंसी में पहुंचे। वहां के रजिस्टर में रोगी का नाम भी दर्ज नहीं था। कोई कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं था। जब उन लोगों ने स्वजन को फोन किया और वापस जिला अस्पताल आने को कहा तो यह सुनकर एंबुलेंस चालक रोगी को रास्ते में ही उतारकर भाग गया। इसी बीच दैनिक जागरण की टीम इमरजेंसी में पहुंची। वहां एक युवती ज्योति रजिस्टर में कुछ लिख रही थी। उन्होंने बताया कि रोगी का भाई अपनी मर्जी से निजी अस्पताल ले गया है। इसी बीच रोगी व उसके भाई अमर वापस आ गए। अमर ने बताया कि जब वह आए तो एक युवक ने निजी हास्पिटल ले जाने को कहा। रोगी वापस आया तो डाक्टर ने जांच की और मेडिकल कालेज रेफर किया।

# कपड़ा व्यापारी की हत्या का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार की रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या के मुख्य आरोपित को गोरखनाथ थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चक्सा हुसैन में रहने वाला 35 वर्षीय जिशान, पिता जमीर अहमद के साथ गोरखनाथ थाने के पीछे कपड़े की दुकान पर बैठता था। गुरुवार की रात नौ बजे वह दुकान बंद कर घर आया। घर के बाहर किसी बात को लेकर मोहल्ले के बबलू से कहासुनी हो गई। इसी रंजिश में रात 10 बजे बबलू ने जिशान पर चाकू से हमला कर दिया।

# बूथ पर रहते एजेंट तो जीत जाते

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बांसगांव लोकसभा सीट पर सदल प्रसाद की हार की समीक्षा खुद कार्यकर्ता कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर कार्यकर्ता कई बूथों पर एजेंट न रहने को भी हार का कारण बता रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सभी बूथों पर एजेंट रहते तो मतदाताओं तक तत्काल अपनी बात पहुंचानी आसान रहती। ऐसे में मत का प्रतिशत बढ़ता और सदल प्रसाद की जीत तय होती।

चार जून को चुनाव परिणाम आने के साथ ही बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में जितने मुंह, उतनी तरह की बातें हो रही हैं। कोई मतगणना पर सवाल उठा रहा तो किसी का कहना है कि कमजोर बूथ प्रबंधन भी हार का कारण है वरना, इतने कम मतों से हारना संभव ही नहीं था। इंडी गठबंधन के वाट्सएप ग्रुप में एक कार्यकर्ता ने लिखा, 'बहुत सारे बूथ पर एजेंट थे ही नहीं। वहां का आंकड़ा प्रशासन के भरोसे था। मैंने सात बूथों के बीच एक एजेंट को देखा। यह चुनाव जनता लड़ रही थी।' एक कार्यकर्ता ने लिखा, 'जब कोई रोक-टोक करने वाला नहीं रहेगा तो प्रशासन तो सरकार का ही काम करेगा न। सदल प्रसाद रोते रह गए और जीत का प्रमाण पत्र कमलेश पासवान को मिल गया।

## कांग्रेस जाएगी न्यायालय, इकट्ठा कर रहे दस्तावेज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बांसगांव लोकसभा सीट पर हुए चुनाव में फिर से मतगणना कराने के लिए कांग्रेस न्यायालय की शरण लेगी। शुक्रवार को लखनऊ में वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है। इसके लिए पहले सभी दस्तावेजों को इकट्ठा करने को कहा गया है। नेताओं का कहना है कि पूरी तैयारी के साथ न्यायालय में जाने पर ही बात बनेगी। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रत्याशी सदल प्रसाद लखनऊ में मौजूद रहे। उन्हें पहले दिल्ली जाने के लिए कहा गया था, लेकिन बाद में लखनऊ में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भेजा गया। सदल प्रसाद ने बताया कि हम साक्ष्य और सुबूतों के आधार पर आगे बढ़ेंगे। सभी से चर्चा हुई है। इधर, कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान की ओर से गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजे गए ई-मेल की प्राप्ति का संदेश शुक्रवार को आ गया। निर्मला पासवान ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### आज होगी समीक्षा

कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि हर बूथ पर कांग्रेस के कार्यकर्ता दमदारी से मौजूद थे। जनता खुद भी बूथ देख रही थी। यह कहना गलत है कि बूथ पर कोई नहीं था। हालांकि, यह भी सही है कि इस चुनाव में किसी के बूथ पर रहने या न रहने का कोई मतलब नहीं था। इसकी वजह यह है कि जनता वर्तमान व्यवस्था से नाराज थी और हर हाल में बदलाव के लिए सदल प्रसाद के पक्ष में मतदान कर रही थी। कहा कि शनिवार को बूथ से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है।

## बकाया जमा करने के लिए वाट्सएप पर भेज रहे संदेश

गोरखपुर : बिजली का बकाया जमा करने के लिए वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के वाट्सएप नंबर पर संदेश भेजने की शुरुआत हुई है। उपभोक्ताओं को बताया जा रहा कि जल्द बिजली का बिल न जमा करने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। महानगर में 17 हजार 282 उपभोक्ताओं पर बकाया है।

अधीक्षण अभियंता शहर लोकेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को बकाया का संदेश भेजा जा रहा है। यदि किसी उपभोक्ता को लग रहा है कि उसका बिल सही नहीं है तो वह संबंधित जेई या एसडीओ से शिकायत दर्ज कराकर बिल सही करा लें। बकाया होने पर हर हाल में कनेक्शन काटा जाएगा।

## पशु तस्कर के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

हरपुर बुदहट : जमानत पर छूटने के बाद फरार चल रहे पशु तस्कर के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। आजमगढ़ जिले के जीयनपुर के रहने वाले नदीम को पुलिस ने पशु तस्करी के आरोप में जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद से वह फरार चल रहा है। न्यायालय ने उसके खिलाफ कुर्की का आदेश दिया। शुक्रवार को हरपुर-बुदहट थाने की पुलिस ने आरोपित के घर पहुंचकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। 30 दिन में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि विवाद में दोनों पक्ष में मारपीट, नौ के विरुद्ध केस दर्ज

जासं, हरपुर-बुदहट: थाना क्षेत्र के सजनापार गांव में गुरुवार को शाम छह बजे भूमि विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसमें एक पक्ष से तीन और दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

एक पक्ष से राहुल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को शाम छह बजे गांव के ही विकास यादव, विवेक यादव, प्रियंका, राममिलन, राममूरत ने जमीन की रंजिश में छोटे भाई अंगद यादव और राम अधीन यादव को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष से राममिलन ने तहरीर देकर बताया कि राहुल यादव, अंश, आयुष व रामअधीन ने मुझे, बेटे विकास व पत्नी उर्मिला लाठी-डंडा से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने राहुल यादव की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# व्यापारी की हत्या करने वाला आरोपी अरेस्ट

**GORAKHPUR (7 June):** गोरखनाथ एरिया के अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार की रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या कर दी गई. शुक्रवार को हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया. आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ है. शनिवार को पुलिस उसे न्यायालय में पेश करेगी.

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चक्सा हुसैन में रहने वाला 35 वर्षीय जिशान के पिता जमीर अहमद के साथ गोरखनाथ थाने के पीछे कपड़े की दुकान पर बैठता था. गुरुवार की रात में नौ बजे वह दुकान बंद कर घर आया. घर के बाहर किसी बात को लेकर मोहल्ले में स्थित नरी



मस्जिद के पास रहने वाले बबलू नामक युवक से कहासुनी हो गई. इसी रंजिश में रात 10 बजे बबलू ने दरवाजे के पास टल रहे जिशान पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी. जिशान के परिजन ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है. तीन अन्य लोगों के भूमिका की जांच कराई जा रही है. घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरे का फुटेज भी देखा जा रहा है. साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी.

## मुर्गा काटने वाले चाकू से कई वार

कहासुनी के बाद बबलू अपने घर गया और मुर्गा काटने वाला चाकू लेकर आया. जीशान रात के करीब 10 बजे जैसे ही बाहर कुछ सामान लेने के लिए निकला, बबलू और उसके भाइयों ने उसके गला रेत दिया. जीशान जमीन पर गिरकर तड़पने लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. जिलशा के पिता ने जमीर अहमद का कहना है कि बबलू ने उनके बेटे का गला काट दिया. बबलू बैग बनाने के साथ ही कसाई का काम करता है.

# एयरपोर्ट से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**वाराणसी एयरपोर्ट**

- दुष्कर्म का केस दर्ज होते ही दुबई भाग गया था बड़हलगंज का आरोपी
- बड़हलगंज पुलिस ने जारी कराया था लुक आउट नोटिस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने के बाद दुबई फरार हुए युवक को घर लौटते समय गुरुवार को वाराणसी एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। बड़हलगंज पुलिस ने युवक के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराया था। गिरफ्तारी की सूचना के बाद वाराणसी पहुंची बड़हलगंज पुलिस उसे गोरखपुर लेकर आई और उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गोला इलाके की रहने वाली एक युवती को बड़हलगंज के नीबी सैनी गांव के सचिन कुमार उर्फ गोलू ने शादी का झांसा देकर उसके साथ करीब तीन साल तक दुष्कर्म किया। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो उसने इनकार कर दिया। पुलिस के केस दर्ज करने पर सचिन दुबई फरार हो गया। युवती की तहरीर पर गोला पुलिस ने केस दर्ज कर बड़हलगंज थाने को ट्रांसफर कर दिया। विवेचना के दौरान उसके दुबई भागने की जानकारी होने पर पुलिस ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराया। गुरुवार को आरोपित सचिन कुमार उर्फ गोलू दुबई से एयर इंडिया की फ्लाइट से लालबहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बाबतपुर वाराणसी पर जैसे ही उतरा, चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसकी सूचना पर बड़हलगंज की पुलिस टीम वाराणसी गई और आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर यहां ले आई।



पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी।

## इसलिए जारी होता है लुक आउट नोटिस

लुक आउट नोटिस किसी अपराधी या वांछित को विदेश भागने से रोकने के लिए जारी होता है। इससे भागने की कोशिश पर हवाई अड्डा, बंदरगाह और अन्य संभावित जगहों पर उसकी गिरफ्तारी आसान हो जाती है।

**गोरखपुर के 13 बदमाशों पर लुक आउट, पांच पकड़े गए :** क्राइम कर पहले बदमाश विदेश भाग जाते थे और उनके आने का पुलिस इंतजार करती रहती थी। अगर वे भूले-भटके आ गए तब तो पकड़े जाते वरना उनका केस फाइलों में ही दबा रहता था। अब विदेश में छिपे बदमाशों को भी पकड़ने का इंतजाम किया जा रहा है। एसएसपी ने विभिन्न अपराधों में वांछित 13 लोगों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराया है।

i ALERT

# फिर शुरू हुआ गोरखपुराइट्स के साथ
# रिफंड में साइबर फ्रॉड

gorakhpur@inext.co.in
GORAKHPUR (7 June): हाल के दिनों में साइबर फ्रॉड के मामलों की संख्या तेजी से बढ़ी है. साइबर क्रिमिनल्स लोगों का ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान सस्ते ऑफर का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते हैं और उनके बैंक अकाउंट से भारी रकम उड़ा लेते हैं. गोरखपुर में भी लगातार ऐसे केसेज सामने आ रहे हैं. एक दिन पूर्व गोला देवकली का रहने वाला एक युवक ऑनलाइन शॉपिंग में रिफंड पाने की लालच में 15 हजार रुपए गवां दिए. उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग एप से 305 रुपया का सामान आर्डर किया. जिसका पेमेंट फोन पे से किया.

## कट गया 15499 रुपया

सर्वर की समस्या की वजह से दो बार पेमेंट हो गया तो शॉपिंग एप के शिकायती नंबर पर काल कर रुपया रिफंड करने के लिए कहा तो उधर से दो अलग-अलग नंबरों से फोन आया और पूरे मामले की जानकारी ली गई. इसके बाद रुपया रिफंड करने के लिए मुझसे यूपीआई आईडी डालने को बोला, जिसे डालने के बाद मेरे अकाउंट से 15499 रुपया कट गया. इसके बाद फोन करने वाला नंबर भी बंद कर दिया है. यह कोई पहला मामला नहीं है, जब ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान यूजर्स ठगी का शिकार हुए हो. हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसमें जालसाजों ने लोगों को अपने झांसे में लेकर उनका अकाउंट खाली किया है.

## फेक लिंक

साइबर क्रिमिनल्स के टारगेट पर सबसे ज यदा यूथ हैं, जो ऑनलाइन सामान मंगवाते है. ऐसे मे अक्सर कई लोगों के प्रोडक्ट मे फॉल्ट अता है या गलत प्रोडक्ट डिलीवर हो जाता है. कई कस्टमर इसके समाधान के लिए फॉल्टी और गलत प्रोडक्ट को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कंपनी से शिकायत करते है, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसे कई स्कैमर्स हैं, जो इसका गलत इस्तेमाल कर लोगों से फेक ब्रांड कस्टमर पर्सन बन कर बात करते है. कस्टमर को उनके प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर मैसेज कर लिंक भेजते है, जहां कस्टमर जैसे ही अपना बैंक डिटेल्स भरता है, उसका अकाउंट खाली हो जाता है.

**CASE 01**

15 अप्रैल 2023 ऑनलाइन शॉपिंग का रिफंड लेने के चक्कर में सेना के जवान ने 65 हजार रुपए गंवा दिए. जवान ने ऑनलाइन शॉपिंग की. फेक प्रोडक्ट मिलने पर वेबसाइट पर बात करने के लिए गूगल से कस्टमर केयर नंबर निकला, लेकिन फोन कंपनी में लगने के बजाया जालसाजों को लग गया. जालसाजों ने रिफंड देने का लालच देकर जवान को ओटीपी भेज दी और फिर उनके बैंक अकाउंट से 65 हजार रुपए उड़ा दिए.

### ऑनलाइन शॉपिंग में रिफंड को लेकर आ रहे मामले



**CASE 02**

19 अप्रैल 2023 गोरखपुर में एक महिला से 1.73 लाख रुपए की ठगी हो गई. महिला ने अमेजन पर शॉपिंग की थी, जिसका पेमेंट भी ऑनलाइन कर दिया था. बाद में महिला ने ऑर्डर कैंसल कर दिया और पैसे वापस लेने के लिए गूगल से कंपनी का नंबर खोज कर मिलाया. इसके बाद उधर से दो अकाउंट में चार बार 1 लाख 72 हजार 764 रुपए ट्रांसफर कराए गए. महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की. पुलिस ने जालसाजी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया.

### इस पर करें कंप्लेन

साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर तत्काल इसकी कंप्लेन साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, वेबसाइट www.cybercrime.gov.in व नजदीकी पुलिस स्टेशन में करें.

"अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं तो सावधान रहने की जरूरत है. इसके लिए साइबर पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ अलर्ट करती है. अगर फ्रॉड होता है तो तत्काल साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं. ताकि, पुलिस आप की मदद कर सकें.

**सुधीर जायसवाल,**
एसपी क्राइम

### साइबर क्राइम से बचाव व सावधानियां

1. टेलीग्राम, वाट्सएप, इंस्टाग्राम के माध्यम से टास्क पूरा कर पैसे कमाने जैसे लुभावने अफवाहों से भी बचें. कभी भी टास्क पूरा करने में नाम पर पैसे जमा न करें
2. क्रिप्टो करेंसी, बिट्क्वाईन में पैसे इन्वेस्ट करने पर तीन गुना व उससे अधिक लाभ कमाने जैसे लुभावने जाल में न फंसें.
3. फोन पर पुलिस अधिकारी बनकर पुत्र-पुत्री को किसी मुकदमें में फंसाने का डर दिखाकर, रुपए कराने वाले जालजासों से बचें और रुपए जमा न करें.
4. पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ओटीपी किसी से भी शेयर न करें.
5. बैंक खाता खोलकर किसी अनजान को मोबाइल नंबर व खाता संचालित करने के लिए कभी भी न दें.
6. लोन एप को डाउनलोड करने में सावधानी बरतें. हमेशा आरबीआई की वेबसाइट से उनकी सत्यता की जांच कर ही लोन की सुविधा लें.
7. फर्जी बैंक खाते में क्रेडिट का मैसेज भेजकर रुपए जमा करा लेने वाले जालसाजों से सावधान रहें. बिना सत्यापन के किसी को रुपए न भेजें.

### अब कंप्लेन करना हुआ आसान

जिले में हर रोज साइबर ठगी के मामले आ रहे हैं. साइबर फ्रॉड के मामलों की रोकथाम के लिए अब साइबर सेल की ओर से हर बार गाइडलाइन जारी की जाती है. गाइडलाइन के जरिए सभी को सावधान किया जाता है कि साइबर फ्रॉड होने पर पीड़ित हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं. साथ ही वेबसाइट पर भी इसकी शिकायत कर सकते हैं. इसके अलावा नजदीकी साइबर थाना में भी इसकी शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

# आरोपी के घर नोटिस चस्पा

सरहरी। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्रामसभा अजिजुल्लाह उर्फ चकिया निवासी प्रत्युश शर्मा के घर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की है। यह कार्रवाई प्रत्युत शर्मा के न्यायालय के बार बार आदेश के बावजूद भी हाजिर नहीं हो पर किया गया है।

# पीएचसी पर तोड़फोड़ के आरोपियों पर केस

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। सड़क दुर्घटना में घायल ऑटो चालक की बुधवार को मौत होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरदारनगर में हंगामा व तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर हरिओम पांडेय ने अज्ञात पर केस कराया है।

चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम करमहा निवासी बांकेलाल यादव बुधवार को सोनबरसा से ऑटो में सवारी लेकर फुटहवाइनार जा रहे थे। सरैया में किसी वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर मे उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें पीएचसी सरदारनगर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज न करने का आरोप लगाते हुए गांव के लोगों के साथ अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की और वहां तैनात वार्ड ब्वॉय योगेंद्र कुमार व अकाउंट मैनेजर सुनील सिंह के साथ मारपीट की।

# कपड़ा व्यापारी की हत्या का मुख्य आरोपी दबोचा गया

**फॉलोअप**

- गोरखनाथ के अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में गुरुवार रात हुई थी वारदात
- चार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

गोरखपुर, निज संवाददाता। गोरखनाथ क्षेत्र के अहमदनगर चक्सा हुसैन में गुरुवार की रात कपड़ा व्यापारी की गला रेतकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद हुआ। पुलिस शनिवार को उसे न्यायालय में पेश करेगी।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि चक्सा हुसैन निवासी 35 वर्षीय जीशान अपने पिता जमीर अहमद के साथ गोरखनाथ थाने के पीछे कपड़े की दुकान पर बैठता था। गुरुवार की रात में नौ बजे वह दुकान बंद करके घर आया। घर के बाहर किसी बात को लेकर मोहल्ले में स्थित नूरी मस्जिद के पास रहने वाले बबलू से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर रात में 10 बजे बबलू ने दरवाजे के पास टहल रहे जीशान पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ। घटना में तीन अन्य लोगों के भूमिका की जांच की जा रही है।

# हत्या की कोशिश करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर इलाके के जंगल तुलसीराम में संपत्ति के विवाद में जानलेवा हमला करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

आरोपी की पहचान राजघाट के लालडिग्गी निवासी शिवम मौर्या के रूप में हुई है। मंसा साहनी पत्नी हेमंत साहनी ने केस दर्ज कराया था। उनका कहना है कि ननद की शादी हो चुकी है, लेकिन संपत्ति हड़पने के लिए वह लोग साजिशन यही पर रहते हैं। चार अप्रैल को जबरन निर्माण करा रहे थे तो पति ने मना किया। इस दौरान पुलिस आई और पति का शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी शिवम मौर्या फरार चल रहा था।

# पिपराइच इंस्पेक्टर लाइन हाजिर, कई और निशाने पर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। आचार संहिता समाप्त होने के साथ ही जन सुनवाई में रुचि न लेने वाले थानेदारों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। गुरुवार की आधी रात को सबसे पहले पिपराइच इंस्पेक्टर अमित शर्मा पर गाज गिरी, उन्हें एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं अन्य थानेदारों की भी लिस्ट तैयार होने लगी है। इसी हफ्ते शहर व देहात क्षेत्र के कई और थानेदारों के हटाने की तैयारी है।

दरअसल, जिले के कई थानेदारों की जनसुनवाई को लेकर रुचि न रखने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इनमें पिपराइच के इंस्पेक्टर अमित शर्मा का नाम शामिल था। एसएसपी के यहां लगातार उनकी शिकायत पहुंच रही थी पर चुनाव आचार संहिता की वजह से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद सबसे पहले उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई हुई।



- पीड़ितों की शिकायत नहीं सुनने के साथ ही विभिन्न आरोपों से घिरे हैं कई थानेदार

जानकारी के अनुसार, इसके अलावा शहर के साथ ही दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्र के कई और थानेदारों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। एसपी सिटी, एसपी नार्थ और साउथ ने अपने-अपने इलाके के उन थानेदारों की सूची सौंप दी है, जिनकी सबसे ज्यादा शिकायत थी। कुछ थानेदारों के थाने भी बदले जा सकते हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर एक लाख ठगे

गोरखपुर। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस दरगहिया टोला निवासी मनीष यादव पर रुपये हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच कर रही है। पनियरा के हड़बड़हवा निवासी सुजीत कुमार ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मनीष यादव ने बताया कि मलेशिया भेजने के नाम पर 75 हजार नकद और 25 हजार रुपये खाता में लेने के बाद आनाकानी करने लगा। अब धमकी दे रहा है।

# 500 रुपये नहीं देने पर व्यापारी को पीटा

गोरखपुर। कोतवाली इलाके के पुर्दिलपुर में 500 रुपये जबरन नहीं देने पर व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी राजकुमार मोदनवाल पर केस दर्ज कर लिया है। पुर्दिलपुर निवासी शक्ति खन्ना ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि पांच जून की रात में 10:30 बजे के करीब वह अपने भाई के गोदाम के बाहर अकेले खड़े थे। इसी दौरान आरोपी ने मारपीट की है।




रेलवे बस स्टेशन के सामने सड़क पर खड़ीं सरकारी बसों के कारण घंटों लग रहा जाम। राजेश कुमार (संवाद)

# मऊ पुलिस ने जोधपुर में छापा मारकर चोरी की बाइक संग युवक को पकड़ा

सरदार नगर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के जोधपुर में मऊ जिले की मधुबनी पुलिस ने शुक्रवार रात में छापा मारकर चोरी की बाइक के साथ युवक को पकड़ा। मऊ जिले की मधुबनी पुलिस ने एक बाइक चोरी करने वाली गैंग को पकड़ा था। पकड़े गए युवक ने बताया कि चौरी चौरा में बाइक को बेचा गया है। इसके बाद मधुबनी पुलिस जोधपुर में युवक की निशानदेही पर छापा मारकर चोरी की बाइक और खरीदने वाले युवक को पकड़कर साथ लेकर चली गई। ब्यूरो

## रुपये के लेन-देन में मारपीट, केस

गीडा। थाना क्षेत्र के बोक्टा स्थित माडल शॉप पर पांच जून की रात 10 बजे रुपये के लेन-देन में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर बृहस्पतिवार को केस दर्ज किया है। सहजनवां क्षेत्र के वार्ड नंबर सात लुचुई निवासी अब्दुल बहाव उस्मानी और केशवापुर निवासी विशाल सिंह ने एक दूसरे पर मार-पीट का आरोप लगाया है। रुपये के लेन-देन को लेकर मॉडल शॉप पर पहुंचे। दोनों ने एक दूसरे पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। ब्यूरो

**फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा : जंगल कौड़िया।** चिलुआताल में अपराध कर फरार चल रहे गिरीश शर्मा, गणेश शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, कन्हैया शर्मा व प्रत्युश शर्मा अभियुक्त हैं। जिसमें प्रत्युश शर्मा न्यायालय के आदेश के बावजूद हाजिर नहीं हो रहा था। कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। इसके बाद भी हाजिर नहीं होने पर शुक्रवार को उनके घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा किया गया। संवाद

# बांसगांव प्रकरण : सदल अब दिल्ली जाएंगे... राहुल इसे मुद्दा बनाएंगे

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांफ्रेसिंग के माध्यम से की सदल प्रसाद से बात

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बांसगांव प्रकरण का संज्ञान लिया है। उन्होंने राष्ट्रीय सचिव सत्यनाराण पटेल के जरिए कांफ्रेसिंग करके पार्टी प्रत्याशी सदल प्रसाद से बात की। साथ ही सदल प्रसाद को दिल्ली बुलाया है। सदल शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी को प्रकरण की जानकारी देंगे। लगता है कि कांग्रेस इसे मुद्दा बनाने की तैयारी में है।

लखनऊ में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बांसगांव से पार्टी प्रत्याशी सदल प्रसाद भी शामिल हुए। बैठक में सदल प्रसाद ने आरोप लगाया कि मतगणना में धांधली करके भाजपा प्रत्याशी को जिताया गया है, जबकि उन्हें सर्वाधिक मत प्राप्त हुआ था।

कांग्रेस की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने बताया कि राहुल गांधी ने बांसगांव सीट पर मतगणना में हेराफेरी के मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करके सदल प्रसाद से पूरी जानकारी ली है। लखनऊ की बैठक में निर्णय हुआ कि सदल प्रसाद अपनी बात राहुल गांधी के समक्ष रखेंगे। वह शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के साथ दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी से मिलेंगे।



सदल प्रसाद।

### लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में उठा मामला



6 जून को प्रकाशित खबर।



चुनाव की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हुई है। गठबंधन के प्रत्याशी जो भी आरोप लगा रहे हैं, उसमें सच्चाई नहीं है। मैंने पहले भी कहा था कि वे जिस फोरम पर चाहे अपील कर सकते हैं। जनता ने मुझे आशीर्वाद देकर जिताया है, इसे उन्हें भी स्वीकार करना चाहिए।

**- कमलेश पासवान,** भाजपा सांसद

## मलयेशिया भेजने के नाम पर एक लाख की ठगी, केस दर्ज

**गोरखपुर।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने दरगहिया टोला निवासी मनीष यादव पर रुपये हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, महराजगंज के पनियरा के हड़बड़हवा निवासी सुजीत कुमार ने केस दर्ज कराया है। सुजीत ने पुलिस को बताया कि नौकरी के सिलसिले में मनीष यादव से मुलाकात हुई। उसने कहा-एक लाख रुपये का इंतजाम कर लो, तुम्हें मलयेशिया भिजवा दूंगा। 75 हजार रुपये नकद और 25 हजार रुपये बैंक खाते में लेने के बाद मेडिकल कराने को बोला और फिर आनाकानी करने लगा। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। संवाद

# जीशान ने पटक दिया था इसलिए रेत दिया गला

अमर उजाला ब्यूरो

## बृहस्पतिवार को गोरखनाथ थाने के पीछे हुई थी हत्या आरोपी बबलू गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना के पीछे अहमदनगर चक्सा हुसैन मोहल्ले में बृहस्पतिवार को आपसी विवाद में मोहल्ले के ही बबलू ने जीशान की गला रेतकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को देर शाम गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि परिवार के लोगों ने कुछ और लोगों पर आरोप लगाया है, इसकी जांच की जा रही है।



आरोपी बबलू। संवाद

नूरी मस्जिद के पास रहने वाले आरोपी बबलू ने गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पुलिस को बताया- बृहस्पतिवार को जीशान ने मुझे सलाम किया तो मैंने भी उसे सलाम किया। जीशान को लगा कि मैं गाली दे रहा हूं, वह मेरे पास आया और उठाकर मुझे पटक दिया। इसके बाद मैं घर से चाकू लेकर बदला लेने बाहर निकला। थोड़ी देर बाद मुझे जीशान दिखा तो पहले उसके पेट में चाकू मारा फिर गर्दन रेत दिया।

### *मोहल्ले में क्रिकेट खेलता था जीशान*

*मौत के बाद मोहल्ले वासियों ने बताया कि वह जीशान हमेशा मोहल्ले के लड़कों के साथ क्रिकेट खेलता था। वह अच्छी बालिंग कराता था। उसका कभी किसी से कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं होता था। हर किसी को देखते ही वह सलाम करता था। उसके अच्छे व्यवहार की हमेशा चर्चा होती थी।*

अहमदनगर चक्सा हुसैन निवासी जीशान के पिता जमीर अहमद की गोरखनाथ थाने के पीछे कपड़े की दुकान है। जीशान भी पिता के साथ दुकान पर बैठता था। रात में करीब 10 बजे जीशान जैसे ही घर से बाहर कुछ सामान लेने के लिए निकला, इसी दौरान उसकी कहासुनी बबलू से हुई थी।

बबलू बैग बनाने के साथ ही कसाई का काम करता है। बताया जा रहा है कि बबलू ने जिस समय जीशान पर हमला किया था, उस वक्त उसने शराब पी रखी थी।

# वाराणसी एयरपोर्ट पर पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद दुबई से लौटा दुष्कर्म का आरोपी बृहस्पतिवार को वाराणसी एयरपोर्ट पर पकड़ा गया।

एयरपोर्ट प्रशासन के सूचना देने पर वाराणसी पहुंची बड़हलगंज थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

गोला क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बड़हलगंज के नीवी सैनी गांव के सचिन कुमार उर्फ गोलू के विरुद्ध दुष्कर्म व धमकी देने का केस दर्ज कराया था। आरोप था कि शादी करने का झांसा देकर तीन वर्ष तक उसने शारीरिक शोषण किया और बाद में मुकर गया। युवती की शिकायत पर गोला थाना पुलिस ने सचिन के विरुद्ध पिछले वर्ष केस दर्ज किया था। जिसकी विवेचना बड़हलगंज थाना पुलिस कर रही थी।

## गोला थाने में वर्ष 2023 में केस हुआ था दर्ज

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस के शिकंजा कसने पर एक वर्ष पहले सचिन कुमार दुबई भाग गया। जानकारी होने पर थानेदार ने इसकी रिपोर्ट दी थी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सचिन के विरुद्ध लुक आउट नोटिस जारी किया था।

# चर्चा में आने के लिए होर्डिंग लगाए केस दर्ज हुआ तो हो गए फरार

## यूनिपोल का ठेका पाने वाली फर्म के प्रोपराइटर की तहरीर पर कैंट थाने में दर्ज हुआ केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में बृहस्पतिवार को विवादित होर्डिंग लगाई गई, जिसकी चर्चा प्रदेश स्तर पर हो रही है। पैडलेगंज में लगे यूनिपोल का ठेका पाने वाली फर्म के प्रोपराइटर विनय पांडेय की तहरीर पर कैंट थाने में छात्रनेता गौतम यादव और समाजसेवक यशवर्धन मिश्रा पर धारा 427, 447 और 505 (2) के तहत केस दर्ज कर पुलिस दोनों की आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, छात्रनेता ने चर्चा में आने के लिए यह काम किया है।

पुलिस का कहना है कि छात्रनेता गौतम यादव शाहपुर में रहता है। बताया जा रहा है कि उस पर रामगढ़ताल थाने और लखनऊ में आपराधिक मामलों में केस भी दर्ज हैं, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। वहीं, कथित समाजसेवी यशवर्धन मिश्रा के बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। केस दर्ज होने के बाद यूनिपोल पर होर्डिंग लगाने के लिए चढ़े एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

शहर में असुरन चौक, विश्वविद्यालय चौक और पैडलेगंज में होर्डिंग लगाई गई थी। उसपर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखी गई थी। साथ ही समाजसेवी यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय छात्रनेता गौतम यादव का नाम लिखा था। फर्म के प्रोपराइटर विनय पांडेय ने कैंट थाने में तहरीर देकर बताया कि यशवर्धन मिश्रा एवं गौतम यादव द्वारा जबरदस्ती विवादित होर्डिंग लगाई गई है, जिससे जनमानस में नाराजगी है।

### शहर में विवादित होर्डिंग लगाने वाले आरोपी छात्रनेता पर पहले से दर्ज हैं कई केस

#### ये है सजा का प्रावधान

**धारा 427 :** जो कोई उत्पात करता है और इससे 50 रुपये या उससे अधिक की राशि की हानि या क्षति होती है, तो उस व्यक्ति को दंडित किया जाएगा। दंड में कारावास की अवधि दो वर्ष तक हो सकती है, या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

**धारा 447 :** जहां संबंधित धोखाधड़ी में सार्वजनिक हित शामिल हो। कारावास की अवधि तीन साल से कम नहीं होगी। बशर्ते कि जहां धोखाधड़ी में 10 लाख रुपये या एक प्रतिशत से कम राशि शामिल हो।

**धारा 505 (2) :** (2) वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा या द्वेष पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान। जो कोई अफवाह या खतरनाक समाचार युक्त कोई बयान या रिपोर्ट बनाता है, प्रकाशित करता है या प्रसारित करता है, उसे बढ़ावा देने या बढ़ावा देने के इरादे से, या जो बनाने या बढ़ावा देने की संभावना है।






पुलिस ने उतरवाया विवादित पोस्टर। संवाद

### दोस्त और करीबी लापता

*जबरन होर्डिंग लगाने वाले छात्र नेता गौतम यादव और समाज सेवक यशवर्धन मिश्रा पर एफआईआर दर्ज होने के बाद उनके करीबी दोस्त भी लापता हैं। पुलिस के साथ ही एलआईयू भी इसकी जांच कर रही है। इस मामले में किसी बुद्धिजीवी का हाथ होने की आशंका में टीम विश्वविद्यालय के छात्रावास और पंत पार्क में छात्र नेता के साथ बैठने वाले युवकों की भी तलाश कर रही है। ताकि हकीकत सामने आ सके। गौतम यादव काफी दिनों से एक पार्टी की रैली और प्रचार में देखा जाता रहा है। वह खुद को उस पार्टी का नेता भी बताता है।*




7 जून को प्रकाशित खबर।

### सोशल मीडिया पर चुटकी

*बृहस्पतिवार को विवादित होर्डिंग वायरल हुई। इसके बाद होर्डिंग को टीम ने उतार दिया। लेकिन इससे पहले ही होर्डिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर इतना वायरल हो गई कि उसपर लोगों के चुटकी लेते कमेंट और तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं।*

किसी की प्रापर्टी या घर पर बिना इजाजत कोई पोस्टर या बैनर लगाना अपराध की श्रेणी में आता है। इससे किसी को खुशी होती है और कई लोग आहत होते हैं। वह लोग उस फर्म को ही दोषी मानते हैं, जिनके यूनिपोल पर ऐसे कमेंट भरे होर्डिंग लगे होते हैं। लोगों के पास अब तो सोशल मीडिया प्लेटफार्म भी है, जहां अपनी व्यक्तिगत बातें लिख सकते हैं। - **यशपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता**

होर्डिंग पर नाम लिखा है और यह भी लिखा है कि वह विश्वविद्यालय का छात्रनेता है। हमारे संगठन से उसका कोई वास्ता नहीं है। उस नाम का न तो कोई सदस्य न ही पदाधिकारी है। - **ब्रजेश गौतम, जिलाध्यक्ष, सपा**

तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया गया था। आरोपियों की तलाश चल रही है। बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी। पुलिस टीम लगी हुई है।



- **कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी**

# ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर मारपीट

जानीपुर। इलाके के जगदीशपुर भलुवान चौराहे पर स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक भलुवान निवासी शिवशंकर यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि वह भारतीय स्टेट बैंक भलुवान के बगल में एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन करता है। बृहस्पतिवार शाम 4:30 बजे 5-6 की संख्या में मनबढ़ ग्राहक सेवा केंद्र में घुसकर मारपीट किए और धमकी देते हुए चले गए। संवाद

# शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, केस दर्ज

सरदारनगर। चौरीचौरा इलाके के एक गांव की युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थानाक्षेत्र का देवीपुर निवासी युवक अपने परिवार के लोगों की मिलीभगत से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। संवाद

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# रंगेहाथ बाइक चोरी करते पकड़ा, पिटाई

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। दीवानी न्यायालय परिसर में शुक्रवार की सुबह एक बाइक को अनलॉक करते हुए एक बाइक चोर को पुलिस ने पकड़ लिया। चोर के पकड़े जाने के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके बाद अधिवक्ताओं और स्थानीय लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।



पकड़ा गया आरोपी।

पिछले दिनों दीवानी न्यायालय के गेट से फरियादियों सहित अधिवक्ताओं की कई बाइकें चोरी हो गई थीं। इसकी शिकायत लोगों ने कोतवाली पुलिस से की थी, लेकिन बाइक चोर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके थे। इससे उनका मनोबल और बढ़ता गया, शुक्रवार की सुबह एक बाइक चोर ने दीवानी न्यायालय परिसर में एक बैग लेकर प्रवेश किया। गेट पर उसके प्रवेश करने के बाद पुलिस को आशंका हुई। आशंका होने पर तीन पुलिस कर्मी उसके पीछे लग गए। बाइक चोर दीवानी न्यायालय परिसर में खड़ी बाइकों के पास पहुंचा और एक बाइक को अनलॉक करने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसकी जानकारी होने पर स्थानीय लोग व अधिवक्ता इकट्ठा हो गए और उसकी पिटाई करना शुरू कर दिए।

सूचना मिलने के बाद मौके पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। चोर के पास से मिले बैग में एक काला कोट, बड़ी मात्र में चाबी व अन्य सामान भी बरामद हुए।

कोतवाल वेद प्रकाश ने बताया कि रंगे हाथों बाइक चोरी करने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच चोर को गिरफ्तार कर थाने लाई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## दो बाइक चोरी

भटनी। रेलवे स्टेशन परिसर और नगर के एक मकान के बरामदे से चोरों ने दो बाइकें उड़ा दीं। शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज किया। भटनी के रामपुर रमुनिया टोला गांव निवासी अनिरुद्ध यादव बृहस्पतिवार की रात अपने एक रिश्तेदार को ट्रेन पकड़ाने गए थे। वह अपनी बाइक टिकट घर के सामने खड़ी कर प्लेटफार्म पर चले गए। लौटने पर बाइक गायब मिली। संवाद

s

# सीओ ने पीड़ित के बयान दर्ज किए

**भटनी।** खोरीबारी रामपुर चौराहे पर दलित को सड़क पर दौड़ाकर लाठियों से पीटने के मामले में सीओ भाटपाररानी ने शुक्रवार देर शाम घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित के बयान दर्ज कर मारपीट के प्रकरण की जांच की। इस दौरान ने पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर पीड़ित पक्षों को शांति बनाए रखने की अपील की।

भटनी के खोरीबारी रामपुर चौराहे पर अपनी जमीन से मुर्गा और मांस की दुकान हटाने की बात पर कुछ लोगों ने पीड़ित व उसके परिजनों को लाठियों से सड़क पर दौड़ाकर पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तीन लोगों पर मारपीट और दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। मामले में शुक्रवार शाम करीब सात बजे क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पीड़ित के गांव पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद दुकानदारों से घटना की असली वजह जानने को पूछताछ की। संवाद

# परीक्षा में नकल करते पकड़ी गई छात्रा

देवरिया। संत विनोबा में चल रही गोरखपुर विश्वविद्यालय की विधि के चतुर्थ सेमेस्टर की द्वितीय पाली की परीक्षा में एक छात्रा नकल करते पकड़ी गई। उसे परीक्षा से रस्टीकेट कर दिया गया। प्राचार्य प्रो. अर्जुन मिश्र ने बताया कि सायं की पाली में विधि चतुर्थ की परीक्षा कॉलेज परिसर में चल रही थी। आंतरिक सचल दल की ओर से परिक्षार्थियों की सघन चेकिंग की गई। संवाद

# युवक पर छेड़खानी व गाली-गलौज का केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से पड़ोसी गांव के एक युवक द्वारा आए दिन छेड़खानी व गाली-गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। युवती ने तरकुलवा थाने में तहरीर दी है। कहा है कि जब वह घर से पढ़ने या किसी अन्य काम से बाहर निकलती है तो युवक आए दिन उसके साथ छेड़खानी व अश्लील हरकत करता है। आरोप है कि मना करने पर वह गाली-गलौज करने लगता है और मारपीट पर उतारू हो जाता है। इस मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के कौलाचक गांव निवासी युवक अरबाज खान के खिलाफ धारा 354 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी को भगाने व मारपीट में दंपति समेत चार पर केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को उसी गांव का युवक बीते 2 जून की दोपहर में बहला-फुसला कर भगा ले गया। जब किशोरी के परिजन युवक के घर वालों से पूछताछ करने गए तो उन लोगों ने गोलबंद होकर भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि उन लोगों ने जानमाल की भी धमकी दी। इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक मृत्युंजय, प्रभु, कुसमावती देवी व अरविंद के खिलाफ धारा 363, 147, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ अपहरण व मारपीट का केस दर्ज कर किशोरी तलाश की जा रही है।

# पति ने पत्नी को छत से फेंका, गंभीर

**खुखुन्दू (एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के जुआफर गांव में पति ने पत्नी को छत से नीचे फेंक दिया। महिला का मेडिकल कालेज देवरिया में इलाज चल रहा है। पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के जुआफर गांव निवासी कुसुमावती देवी को पति दीनदयाल ने बीती रात में छत से नीचे फेंक दिया। आरोप है कि शराब पीकर आया और गाली-गलौज करने लगा। साथ में सास भी थी। जब कुसुमावती ने गाली-गलौज का विरोध किया तो सास और पति दोनों मिलकर मारने-पीटने लगे। शोर मचाने पर पति ने उठाकर छत से नीचे फेंक दिया। जिससे कुसुमावती गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि भाई दीपू और मौसा विजय आए तो उन्हें भी दौड़ा-दौड़ाकर मारा-पीटा गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। महिला को बहुत ज्यादा चोटें आई हैं। मेडिकल कालेज देवरिया में भर्ती हैं। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रामकोला चट्टी से तमंचा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

रामपुर बुजुर्ग। बनकटा थाना क्षेत्र के रामकोला चट्टी से 500 मीटर पहले दो संदिग्ध युवकों को दो अदद तमंचा व दो अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

बनकटा थानाध्यक्ष अपने हमराहियों के साथ रात्रिगश्त में निकले थे। इसी बीच रामकोला चट्टी से 500 मीटर पहले संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवक दिखाई दिए। पुलिस दोनों युवकों को रोक कर पूछताछ करने लगी। पूछताछ के दौरान दोनों युवक पुलिस को गुमराह करने लगे। संवाद

# पत्नी को भरण पोषण भत्ता न देने पर पति को जेल

**कार्रवाई**

महुआडीह, हिंदुस्तान संवाद। महुआडीह थाना क्षेत्र के टीलाटाली गांव निवासी एक महिला ने अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर अपने पति दुर्गेश यादव पुत्र नगीना यादव निवासी टीलाटाली थाना महुआडीह के विरुद्ध परिवार न्यायालय में भरण पोषण का वाद दाखिल किया था। परिवार कोर्ट ने पति को भरण पोषण भत्ता देने का आदेश दिया था। इसमें कहा कि वारंटी अपनी पत्नी के भरण पोषण की धनराशि 2 हजार 7 सौ रुपए प्रति माह अदा करेगा। कोर्ट के आदेश के बाद भी दुर्गेश ने अपनी पत्नी को 2019 से अब तक भरण पोषण नहीं दिया। इस पर न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार सुबह महुआडीह पुलिस ने दुर्गेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



# वाहन लिफ्टर की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**गहमागहमी**

**देवरिया, निज संवाददाता।** शुक्रवार को दीवानी कचहरी परिसर में बाइक चुराने का प्रयास करते एक लिफ्टर पकड़ लिया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं व अन्य लोग उसकी धुनाई करने लगे। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं व लोगों के चंगुल से बाइक लिफ्टर को छुड़ाकर बोलेरो में बैठाकर सदर कोतवाली लेकर चली गयी। हमले में बाइक लिफ्टर को कुछ चोटि आई।

उसके पास से मिले बैग में काला कोट, कई चाबी, पेंचकस तथा लॉक तोड़ने वाला उपकरण भी बरामद हुआ। पुलिस उससे पूछताछ करने में जुटी है, जिससे अब-तक कितने बाइक की चोरी की, कहां बेचा तथा गिरोह के सदस्यों का सुराग लग सके। जिले में बाइक लिफ्टरों ने आतंक मचा रखा है। कचहरी, हास्पिटल, मैरेज हाल से लेकर मुहल्लों में दरवाजे पर खड़ी बाइक भी पलभर में लिफ्टर गायब कर दे रहे हैं। आये दिन बाइक चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस द्वारा दर्ज किया जा रहा है। करीब दो महीने से बाइक लिफ्टरों के निशारे पर कचहरी व कलेक्ट्रेट परिसर हैं। आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी हो चुकी है, जिससे सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। लाक करने के बाद भी बाइक गायब हो जा रही है। लिफ्टरों ने आम लोगों से लेकर पुलिस की नाक में दम कर रखा है। इसको लेकर दीवानी कचहरी गेट पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क कर दिया गया था। शुक्रवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति पीट्ठू बैग लेकर दीवानी कचहरी गेट पर पहुंचा। पुलिस कर्मियों ने उसे रोका तो वह अपने को वकील बताने लगा। उसके हाव-भाव पर शक होने पर गेट पर तैनात पुलिस कर्मी उसकी गतिविधियों पर नजर रखने लगे। वह कचहरी परिसर में पहुंचने के बाद कुछ बाइकों में चाभी लगाया, लेकिन सफल नहीं हो सका। इस दौरान एक बाइक में चाभी लगाने के दौरान पुलिस कर्मियों ने लिफ्टर को रंग हाथ पकड़ लिया।



लिफ्टर की पिटाई कर रहे लोगों से बचाने का प्रयास करता पुलिसकर्मी।

बाइक लिफ्टर के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही गेट पर अधिवक्ताओं की भीड़ लग गयी। वह बाइक लिफ्टर की धुनाई करने लगे। उनसे छुड़ाने में पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गये। बड़ी मुश्किल से उसे पुलिस कर्मी बोलेरों में बैठाकर आनन-फानन में कोतवाली ले गये। लिफ्टर के बैग में काला कोट, बाइक की चाभियां, पेचकस तथा लाक तोड़ने का उपकरण बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि एक बाइक लिफ्टर पकड़ा गया है, उससे पूछताछ की जा रही है, जिससे उसके गिरोह व अब-तक कितने बाइक की चोरी किया है इसका पता लग सके।

# विवाहिता की गला दबाकर हत्या का आरोप

सलेमपुर। एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को मौत हो गई। अनुआपार निवासी नन्दकिशोर कुशवाहा ने अपनी बेटी अंजली की शादी 15 मई 2023 को लार थाना के अजना गांव निवासी सत्येन्द्र कुशवाहा के साथ किया था। विगत 26 मई को अंजली ने फोन कर बताया की उसके ससुराल वाले उसे मार रहे हैं। नंद किशोर का कहना है कि उस समय वे गुजरात में थे। आने के बाद पता चला की उसके पति सहित परिवार के अन्य सदस्य गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# अपने दायित्व के प्रति सजग रहें अधिकारी : डीएम

## बीएड प्रवेश परीक्षा : 6910 परीक्षार्थी होंगे शामिल, 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती

- उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड को लेकर हुई बैठक
- नौ को दो पालियों में परीक्षा होगी बनाए गए हैं 15 केंद्र



बैठक में उपस्थित अधिकारी • जागरण




बैठक को संबोधित करते डीएम अखंड प्रताप सिंह, बगल में एसपी संकल्प शर्मा व एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2024 को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व नोडल अधिकारियों के साथ डीएम अखंड प्रताप सिंह ने बैठक की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित सभी अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। परीक्षा की शुचिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। नौ जून को दो पालियों में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक व अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। जनपद में 6910 परीक्षार्थी के लिए कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं। जिसके लिए कुल 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 2 सचल दल की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरे, पेयजल, महिला एवं पुरुष शौचालय, बिजली, पंखा, क्लाक रूम आदि मूलभूत आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा संचालन के समय वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सचल दलों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर समुचित मात्रा में फोर्स उपलब्ध रहेगी। मोबाइल समेत किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक उपकरण परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। एडीएम प्रशासन गौरव ने परीक्षा केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय फोटो मिलान, सीसी कैमरे, शौचालय, पेयजल, विद्युत, प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र से 500 मीटर की परिधि के साइबर कैफे तथा फोटो कापी मशीन बंद रहेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय, एसडीएम बरहज दिशा श्रीवास्तव, एएसडीएम अंगद यादव आदि मौजूद रहे।

# जिले में बीएड प्रवेश परीक्षा कल, 6910 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**तैयारी**




बीएड की प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर बैठक करते डीएम व एसपी।

देवरिया, निज संवाददाता। बीएड की प्रवेश परीक्षा 9 जून को होगी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा को शुचितापूर्ण व नकलविहीन ढंग से संचालित कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक, केन्द्र व्यवस्थापकों की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि 15 परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली परीक्षा में कुल 6910 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केन्द्राध्यक्षों को सभी पहलुओं की आवश्यक जानकारी देते हुए परीक्षा की शुचिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 9 जून को दो पालियों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे परीक्षा सम्पन्न होगी। जनपद के 15 केंद्रों पर परीक्षा होगी, जिसके लिए कुल 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 2 सचल दल की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने समस्त परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, महिला एवं पुरुष शौचालय, बिजली, पंखा, क्लॉक रूम इत्यादि सुविधायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा संचालन के समय वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सचल दलों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के 200 गज की परिधि में धारा-144 सीआरपीसी के अन्तर्गत आवश्यक निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों को गुमराह करने वाले तत्वों/संस्थानों पर कड़ी निगाह रखी जाए तथा संवेदनशील स्थानों की सघन जाँच करायी जाए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी, वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल कुमार पांडेय, एसडीएम बरहज दिशा श्रीवास्तव, एएसडीएम अंगद यादव, एएसडीएम अवधेश निगम समस्त सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

**बंद रहेंगी फोटो कांपी की दुकानें:** अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय फोटो मिलान, सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, पेयजल, विद्युत, प्रकाश की समुचित उपलब्धता, प्रश्न पत्रों के पैकेट को परीक्षार्थियों के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र से 500 मीटर की परिधि के साइबर कैफे तथा फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहेंगी।

### परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर समुचित मात्रा में फोर्स उपलब्ध रहेगी। मोबाइल सहित किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### बीएड प्रवेश परीक्षा को यहां बने हैं परीक्षा केंद्र

बीआरडी पीजी कालेज, राजकीय पालिटेक्निक कालेज गोरखपुर रोड, बीआरडी इण्टर कालेज न्यू कालोनी, संत विनोवा पीजी कालेज न्यू कालोनी, दीनानाथ पाण्डेय राजकीय गर्ल्स पीजी कालेज सीसी रोड, राजकीय इण्टर कालेज, कस्तूरबा बालिका इण्टर कालेज, महाराजा अग्रसेन इण्टर कालेज जलकल रोड, लाला करमचंद थापर इण्टर कालेज बैतालपुर, जनता इण्टर कालेज रामपुर कारखाना, जनता इण्टर कालेज परसिया बरडीहा सलेमपुर रोड, चन्द्र शेखर आजाद इण्टर कालेज गौरी बाजार तथा राजकीय महाविद्यालय इन्दूपुर गौरी बाजार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है।

# किशोरी को अगवा करने वाले को जेल

महुआडीह। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। महुआडीह के एक गांव निवासी किशोरी को कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के देवरिया बाबू जोलहा पट्टी गांव निवासी एक युवक बहला फुसलाकर कर भागा ले गया था। इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भटनी में दो स्थानों से बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

जागरण संवाददाता, भटनी: क्षेत्र के दो स्थानों से एक ही दिन वाहन लिफ्टरों ने दो बाइक उड़ाकर पुलिस को चुनौती दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। भटनी उपनगर के हरिकीर्तन मोहल्ला के रहने वाले अंगद गुप्ता की बाइक गुरुवार की रात को बरामदे में खड़ी थी। चोर भोर में लगभग तीन बजे बाइक चुरा ले गए। इसकी जानकारी स्वजन को सुबह तब हुई, जब वह सोकर उठे। चोरी की यह घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। रामपुर रमुनिया के रहने वाले अरविंद यादव अपनी बाइक से रात को किसी रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे। कैंपस में बाइक खड़ी थी। जब वह लौटे तो उनकी बाइक निर्धारित स्थान से गायब थी। यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बाइक की तलाश की, लेकिन पता नहीं चल सका। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।

# बाइक चुरा रहे चोर को पुलिस ने पकड़ा, लोगों ने पीटा

जागरण संवाददाता, देवरिया: दीवानी कचहरी में बाइक चोरी कर रहे अधेड़ को पुलिस ने दबोच लिया। गुस्साए वादकारियों व अन्य लोग ने आरोपित की पिटाई की। कोतवाली पुलिस ने किसी तरह उसे छुड़ाया व महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में उपचार कराया। आरोपित के कई अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात सामने आई है। पुलिस उसकी निशानदेही पर अन्य बाइकों को बरामद करने में जुट गई है।

दीवानी कचहरी में सुबह नौ बजे अधेड़ अपने बैग से चाबी निकाल कर बाइक का लाक खोलने का प्रयास कर रहा था। यह देख गेट पर सुरक्षा



दीवानी कचहरी परिसर से पकड़ा गया चोर • जागरण

में तैनात इंस्पेक्टर ने आवाज लगाई तो वह भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने

- दीवानी कचहरी में बाइक चुराने के प्रयास के दौरान इंस्पेक्टर ने पकड़ा
- कोतवाली पुलिस ने किसी तरह बचाया, कराया उपचार

उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। बाइक चोर के पकड़े जाने की भनक जब लोगों को लगी तो वह आक्रोशित हो गए। पुलिस के बीच से खींच कर उसकी पिटाई करने लगे। इसकी जानकारी जब कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा को लगी तो वह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ दीवानी कचहरी पहुंचे। आरोपित को किसी तरह बचाया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कपड़े भी फट गए थे। कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। वह शातिर चोर है।

### एक माह पहले भी न्यायालय परिसर से चुराई थी बाइक

पकड़े गए चोर ने न्यायालय परिसर से एक माह पहले भी बाइक चुराई थी। बाइक चोरी करने के दौरान वह सीसी कैमरे में कैद हो गया था। इसकी पुलिस को पहले से ही तलाश थी। जैसे ही फुटेज से इसका चेहरा मिलाया, पुलिस ने दबोच लिया। उसने एक माह पूर्व बाइक चुराने की बात कबूल की है।

# बुजुर्ग की अचानक बिगड़ी हालत, मृत्यु

जासं,पथरदेवा: क्षेत्र के बेलहम्मा पश्चिम टोला के पास एक वृद्ध की अचानक तबीयत बिगड़ी और मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बघौचघाट के बनरही के रहने वाले 82 वर्षीय विदेशी की शादी नहीं हुई थी, वह अपने भाई के साथ रहते थे और मजदूरी करते थे। वह मजदूरी की तलाश में ही निकले थे। वह बेलहम्मा के समीप पानी पी रहे थे। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें लिटाया गया। इस बीच उनकी मृत्यु हो गई।

# कैडेटों ने रैली निकाल पर्यावरण बचाने के लिए लोगों को किया जागरूक



राजकीय पालीटेक्निक परिसर से जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया : राजकीय पालीटेक्निक में एनसीसी कैडेटों ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। लोगों को पौधारोपण के लिए जागरूक किया। सुबह करीब 10 बजे से एनसीसी कैडेट परिसर में एकत्र हुए। उसके बाद हाथों में पौधा लेकर रैली निकाली, जो शहर के मेहड़ा पुरवा तक जाने के बाद वापस परिसर आ गई। परिसर में पौधे भी लगाए गए। एनसीसी के लेफ्टिनेंट व प्रवक्ता आर्किटेक्चर यावर नकवी ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। पृथ्वी के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए आत्म चिंतन करना होगा। जब तक हर व्यक्ति पेड़ों के महत्व को नहीं समझेगा, तब तक जागरूकता नहीं आएगी। पर्यावरण के असंतुलन को रोकने के लिए हर किसी के सहयोग की आवश्यकता है।

# कट्टा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम • जागरण

जासं, बनकटा: क्षेत्र के रामकोला चट्टी के समीप से गुरुवार की रात पुलिस ने दो कट्टा व कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए।

रात को पुलिस टीम गश्त पर थी। रामकोला चट्टी से 500 मीटर दूरी पर संदिग्ध परिस्थिति में दो युवक घूमते हुए नजर आए। पुलिस टीम ने उन्हें रोक कर पूछताछ शुरू की तो दोनों भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से कट्टा व कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में अपना नाम प्रिंस यादव निवासी सोहनपुर थाना बनकटा व नीलेश रावत निवासी नोनार पांडेय बताया थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि कट्टा व कारतूस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# पुलिस ने बिहार के गैंगस्टर के ट्रक को जब्त किया

## कार्रवाई

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** सेवरही थाने की पुलिस ने बिहार प्रांत के गोपालगंज जिला के बरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरहिया गांव के रहने वाले गैंगस्टर द्वारा अवैधानिक कृत्य से अर्जित किये गये ट्रक (कीमत लगभग 35 लाख रुपये) को शुक्रवार को जब्त कर लिया।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को सेवरही थाने की पुलिस टीम द्वारा थाना तमकुहीराज में पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट मुकदमे से संबंधित अभियुक्त के खिलाफ ट्रक जब्त करने की कार्रवाई की गयी। बिहार प्रांत के गोपालगंज जिला के बरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरहिया गांव निवासी कुन्दन यादव पुत्र नन्हकू यादव के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। पुलिस ने उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अन्तर्गत अवैधानिक कृत्य से अर्जित किये गये ट्रक को जब्त करने की कार्रवाई की है। जब्तीकरण की कार्रवाई में एसओ दिग्विजय नारायण राय, एसएसआई राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सत्यम सिंह एवं अवनीश दूबे शामिल रहे।

# दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को पडरौना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अनिरूद्ध मद्धेशिया पुत्र केदार मद्धेशिया निवासी जंगल धर्मपुर सेमरिया थाना कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में कोतवाल सुशील शुक्ल, एसआई बृजेश यादव, कांस्टेबल सुनील रहे।

# दहेज हत्या में महिला समेत दो गिरफ्तार

**कुशीनगर।** जिले की कुबेरस्थान पुलिस दहेज हत्या आदि के मुकदमे में वांछित मुन्ना प्रसाद पुत्र स्व. रामजीत निवासी बतरौली बाजार थाना कुबेरस्थान एवं एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अजय कुमार मौर्य, एसआई रिजवान अहमद, कांस्टेबल रमेश यादव एवं महिला कांस्टेबल रूबी सिंह शामिल रहे।

# बिजली जरार उपकेंद्र पर ग्रामीणों का हंगामा

विशुनपुरा, हिन्दुस्तान संवाद। विशुनपुरा बुजुर्ग एवं माघी कोठिलवा के उपभोक्ताओं को एक सप्ताह बाद भी बिजली की सप्लाई बहाल नहीं हुई है। इससे आक्रोशित उपभोक्ताओं ने जरार विद्युत सब स्टेशन पर शुक्रवार को पहुंच कर ग्राम प्रधान नथुनी चौहान के नेतृत्व में हंगामा किया। ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर बिजली बहाल होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। जेई के आश्वासन के बाद लाईनमैन के गांव में पहुंच कर काम शुरू करने पर ग्रामीण शांत हुये।

विशुनपुरा विकास खंड के गांव माघी कोठिलवा व विशुनपुरा बुजुर्ग गांव को जरार विद्युत सब स्टेशन से बिजली सप्लाई होती है। एक सप्ताह पूर्व भीषण चक्रवात में बिजली के तार व पोल टूट गए थे। तीन दिन बाद कुछ गांवों की बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, लेकिन विशुनपुरा बुजुर्ग व माघी कोठिलवा के उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई नहीं मिली। विद्युत विभाग की लापरवाही से परेशान माघी कोठिलवा के उपभोक्ता प्रधान नथुनी चौहान के अगुआई में जरार उपकेंद्र पर पहुंच कर हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे जेई अजय कुमार सिंह से वार्ता के बाद जब बिजली कर्मचारी गांव में पहुँच गए।



जरार उपकेंद्र पर प्रधान के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

## विरोध प्रदर्शन कर जाम लगाने की दी चेतावनी

**जटहा बाजार।** विशुनपुरा विकास खंड स्थित जरार विद्युत केंद्र से मिलने वाली बिजली पिछले 30 मई को आंधी व तूफान आने के कारण विद्युत पोल पर पेड़ गिरने के कारण प्रभावित है। पिछले 9 दिन से हिरनहीं, विशुनपुरा बुजुर्ग, भैरोगंज, किन्नर पट्टी, माघी कोठिलवा, अरनहवा, चिरईहवा, नोनियापट्टी, हिरनही पटहेरिया, मोजहिदा सहित 50 गांव में विद्युत सप्लाई बाधित चल रही है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को विशुनपुरा बुजुर्ग के नोनियापट्टी में विरोध प्रदर्शन करके तत्काल विद्युत सप्लाई बहाल करने की मांग की है।

# ट्रेन से कटकर जान देने पहुंची महिला को बचाया

**खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर भेडियारी निवासी एक 38 वर्षीय महिला घर से नाराज होकर शुक्रवार को ट्रेन से कटकर जान देने खड्डा रेलवे स्टेशन पर पहुंच गयी। समय रहते लोगों की मदद से पुलिस ने उसे बचा लिया। पुलि[illegible] महिला को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम म[illegible] भेडियारी निवासी अनवर की पत्नी सायना का मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। काफी दिनों से उसका इलाज गोरखपुर से चल रहा है।

# मारपीट में वारंटी अभियुक्त को दबोचा

कुशीनगर। वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में पटहेरवा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट के मुकदमे में वारंटी कौशल राय पुत्र महेन्द्र राय निवासी बलुआ तकिया थाना पटहेरवा को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई संदीप सिंह एवं हेड कांस्टेबल मुन्नर सिंह शामिल रहे।

शिकायतकर्ताओं ने डीएम व सीएम कार्यालय को भेजा पत्र

# गलत जांच आख्या लगा निस्तारित कर दीं शिकायतें

**जनसुनवाई**

- शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों से जांच कर कार्रवाई की मांग की
- जांच रिपोर्ट में गलत गांव व भूमि दिखाकर किया गया है निस्तारण

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुहीराज तहसील में जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी आख्या रिपोर्ट प्रेषित करने के दो मामले प्रकाश में आए हैं। सामने आया है कि शिकायती पत्र की बिना जांच पड़ताल के ही जिम्मेदार अधिकारी अजीबो गरीब आख्या रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दे रहे हैं। दोनों फरियादियों ने फर्जी निस्तारण की शिकायत उच्चाधिकारियों समेत सीएम कार्यालय से करके लीपापोती करने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सीएम पोर्टल पर दर्ज अधिकांश मामले में न्याय मिल पाना दूर की कौड़ी साबित हो रही है। यह पोर्टल कागजी खानापूरी तक सिमट कर रह गया है। जिससे लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

सीएम पोर्टल पर नाली की पैमाईश के लिए शिकायत दर्ज कराने वाले बिहार बुजुर्ग निवासी मनोरंजन मिश्र ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत गंगुआ में नाली की पैमाईश कराने के लिए उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी। आरोप है कि शिकायत का निस्तारण करने की बजाय राजस्व कर्मचारी ने अपनी जांच आख्या रिपोर्ट में मामला गंगुआ से संबंधित होने की जगह मामला बिहार बुजुर्ग से संबंधित होने की फर्जी आख्या रिपोर्ट लगा दी है। आरोप है की संबंधित कर्मचारी के आख्या रिपोर्ट का परीक्षण करने की बजाय संबंधित अधिकारियों ने बिना शिकायती पत्र का संज्ञान लिए उसी फर्जी व गलत रिपोर्ट को पोर्टल पर सबमिट कर मामले का निस्तारण कर दिया है।

तमकुहीराज निवासी बलिराम गुप्ता ने आरोप लगाया है कि सीएम पोर्टल पर भूमि पैमाईश के संबंध में शिकायती पत्र दिया सबमिट किया था। जिसके आलोक में राजस्व कर्मचारी ने आराजी नंबर के संबंध में गलत रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया है। आरोप है कि जिस आराजी नंबर की पैमाईश के लिए शिकायती पत्र दिया गया है उसकी पैमाईश तो दूर फर्जी रिपोर्ट में दूसरे आराजी नंबर की जिक्र कर भ्रामक एवं गलत आख्या रिपोर्ट सबमिट कर दिया गया है।

> सीएम पोर्टल पर दर्ज मामलों की जांच के बाद गुणवत्ता के आधार पर निस्तारित किया जाता है। सीएम पोर्टल पर गलत व भ्रामक आख्या रिपोर्ट सबमिट करने की जानकारी नहीं है। शिकायत पर मामले की जांच कर कारवाई की जायेगी।
>
> **विकास चंद्र**, एसडीएम, तमकुहीराज

# दुष्कर्म के बाद कर रहा था ब्लैकमेल, केस दर्ज

**दाहूगंज।** तमकुही राज थाना क्षेत्र की एक महिला ने स्थानीय पुलिस को शुक्रवार को तहरीर दी है कि उसके गांव का ही एक युवक उसका अश्लील वीडियो बनाकर वर्षो से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। वीडियो के आधार पर युवक ने उससे लाखों रुपये की वसूली की है। इसकी जानकारी होने के बाद महिला के पति ने उसके साथ रहने से इंकार कर दिया है। अब आरोपी युवक ने भी महिला के साथ रहने से मना कर दिया है। तहरीर के आधार पर आरोपी मनबढ़ पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

तमकुही राज थाना क्षेत्र निवासी एक पीड़ित महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसके पति जीवन यापन करने के लिए कई वर्षो से विदेश में काम करते हैं। घर के छोटे मोटे कामों के लिए घर के बगल के रहने वाले युवक उसकी सहायता कर दिया करता था। इसी बीच उसने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो दिखाकर उसने वह उसके साथ गलत संबंध बनाता रहा। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते समय भी उसने वीडियो बनाया और धमकी देने लगा कि अगर तुम मुझको पैसा नहीं दोगी तो वह वीडियो उसके पति को भेज देगा और वायरल कर देगा। इससे डर कर उसने धीरे धीरे युवक को लगभग 8 लाख रुपये दे दिए। पति के विदेश से आने पर लोगों ने फोटो और वीडियो दिखा दिया। अब उसके पति उसके साथ रहने से इंकार कर रहे हैं और युवक भी उसके साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहता है। इस संबंध में थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुन्नी पट्टी गांव निवासी पवन गुप्ता पुत्र रमायन गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# लंबित विवेचनाओं में तेजी लाएं विवेचक

जागरण संवाददाता, पडरौना: लंबित विवेचनाओं में तेजी लाने के लिए शुक्रवार को अलग-अलग सर्किल में अर्दली रूम के जरिये मामलों की समीक्षा की गई तो शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस सभागार में आयोजित अर्दली रूम में एएसपी रितेश कुमार सिंह ने महिला व जघन्य अपराधों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में तेजी दिखाएं। थानों पर आइजीआरएस, जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा सीओ कुंदन कुमार सिंह की मौजूदगी में कसया सर्किल के विवेचकों के साथ बैठक में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पूर्व सीओ कुंदन सिंह ने अहिरौलीबाजार थाने में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। सीओ खड्डा उमेश चंद भट्ट ने हनुमानगंज थाने में विवेचकों से लंबित मामलों में कार्रवाई की जानकारी लेते हुए शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया।



पुलिस लाइन सभागार में बैठक को संबोधित करते एएसपी रितेश कुमार सिंह। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

**अर्दली रूम में विवेचकों के साथ की बैठक, महिला व जघन्य अपराध की समीक्षा की**

# वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कुशीनगर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को हनुमानगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वारंटी कंचन पुत्र हरहंगी निवासी नौतार जंगल थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई राधेश्याम यादव, कां. संजय यादव एवं अमित यादव शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई, ट्रक जब्त

जागरण संवाददाता, पडरौनाः पुलिस गो-तस्करों पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है। इस क्रम में शुक्रवार को सेवरही पुलिस ने गैंगस्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 35 लाख की चल संपत्ति में ट्रक को जब्त किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने के लिए चल रहे इस कार्रवाई में बिहार के गोपालगंज के बरौली के पिपरहिया के पशु तस्कर कुंदन यादव के विरुद्ध कार्रवाई में ट्रक जब्त किया गया। अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई लगातार चलाई जा रही है। बताया कि फरवरी 2024 में गैंगस्टर की कार्रवाई के तहत उसे जेल भेजा गया था, जो इस समय



सेवरही थाना परिसर में तस्कर का ट्रक जब्त करने के बाद खड़ी पुलिस ● जागरण

जमानत पर है। जब्ती की कार्रवाई सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में टीम में प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय नारायण राय, दारोगा राजेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, अवनीश दूबे आदि ने की। पशु तस्कर के विरुद्ध तमकुहीराज में मार्च 2023 में हाईवे पर पशु बरामद होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बच्चों के विवाद में मारपीट एक घायल, तीन गिरफ्तार

जासं, दुदही: विशुनपुरा के मिश्रौली में बच्चों के विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में कहासुनी हुई। नाराज एक पक्ष ने लामबंद होकर हमला बोल दिया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घायल के पत्नी की तहरीर पर हत्या के प्रयास व बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि श्रीकांत यादव का पुत्र बाहर खेल रहा था कि सुरेंद्र यादव के घर का भी बालक खेलने चला गया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसी को लेकर दोनों पक्ष के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। तहरीर के अनुसार विकास, भगवत, रामचंद्र यादव आदि ने लाठी डंडा व धारदार हथियार से श्रीकांत यादव पर हमला बोल घायल कर दिया। नाजुक हालत देख वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस घायल की पत्नी संगीता यादव की तहरीर पर विकास, भागवत, रामचंद सहित छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

## समूह से ऋण दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी का आरोप

जासं, फाजिलनगर: समूह के नाम पर ऋण दिलाने के नाम शुक्रवार को महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया। पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। फाजिलनगर बाजार में ऋण के लिए पहुंची पड़ोसी प्रांत बिहार के भोरे थाने के बनकटा व भदवही गांव की पीड़ित महिलाओं का कहना है कि एक सप्ताह पहले एक व्यक्ति गांव आया व बताया कि मैं समूह से लोन दिलाने का काम करता हूं। कार्यालय फाजिलनगर के सीएचसी के समीप है। बताया कि 40 हजार लोन के लिए कोई फाइल खर्च नहीं है, लेकिन 80 हजार के लिए चार सौ रुपये खर्च लगता है। दो दिन बाद वह गांव में आया व कई लोगों से 400 रुपये लेकर आधार कार्ड व अन्य कागजात लेकर चला आया। गुरुवार को उसने कहा कि कुछ लोगों के फार्म में दिक्कत आ रही है, 1600 रुपये और लगेंगे। उसने अमृतांजन चौरसिया नाम के व्यक्ति के खाते में 30 लोगों से 1600 रुपये मंगा लिए व लोन के रुपये लेने के लिए शुक्रवार को फाजिलनगर कार्यालय पर आने को कहा। जब हम पहुंचे तो उसका मोबाइल स्विच आफ हो गया और कार्यालय वजूद में ही नहीं है। चौकी प्रभारी रवि भूषण राय ने बताया कि किसी ने कोई तहरीर भी नहीं दी है।

# बिहार जा रहा पकड़ा गया एक ट्रक गेहूं, जांच के बाद छूटा

जागरण संवाददाता, वेलवा कारखाना: चौराखास थाने के बनकटा बाजार में शुक्रवार की शाम छह बजे पुलिस ने एक ट्रक पकड़ा। इस पर खाद्यान्न लदा था और बिहार की ओर जा रहा था। व्यापारी ने जब इसे अपना बताया तो उससे कागजात की मांग की गई। खाद्य एवं रसद विभाग की टीम इसकी जांच की तो कागजात सही निकले। इसके बाद मंडी समिति का शुल्क जमा करा छोड़ दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन को किसी ने सूचना दी कि बनकटा बाजार में एक ट्रक से सरकारी राशन, जो गरीबों में बांटने के लिए आता है, अवैध रूप से बिहार भेजने की तैयारी है। इस पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया तो पुलिस



बनकटा बाजार में पुलिस द्वारा पकड़ा गया ट्रक● जागरण

टीम ट्रक को कब्जे में ले ली। इसके बाद खाद्य व रसद विभाग के अधिकारियों की टीम जांच की तो पता चला कि गेहूं व्यापारी का है। मगर, मंडी समिति का शुल्क नहीं जमा किया गया है। थाना प्रभारी चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि जिस व्यापारी के वहां से खाद्यान्न पकड़ा गया है, जांच में उसका ही निकला है।

# थाना समाधान दिवस के लिए रोस्टर जारी

जासं, पडरौनाः डीएम उमेश मिश्रा ने जून से अगस्त में होने वाले द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस के संचालन के लिए रोस्टर जारी करते हुए राजस्व, पुलिस, चकबंदी अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया। बताया कि शनिवार को कोतवाली पडरौना में पर्यवेक्षक के रूप में एसडीएम व सीओ सदर व संबंधित थानाध्यक्ष, जटहा बाजार में पर्यवेक्षक चकबंदी अधिकारी पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, कुबेरस्थान में तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, रविंद्रनगर में नायब तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, कसया में एसडीएम कसया व सीओ कसया, चौराखास में नायब तहसीलदार कसया, हाटा में एसडीएम, अहिरौली बाजार में तहसीलदार हाटा, खड्डा में तहसीलदार खड्डा, हनुमानगंज में एसडीएम खड्डा व सीओ, नेबुआ नौरंगिया में नायब तहसीलदार खड्डा, तरयासुजान में सहायक आयुक्त स्टांप, पटहेरवा में एसडीएम तमकुहीराज व सीओ, सेवरही में बंदोबस्त अधिकारी, विशुनपुरा में

**डीएम ने जून से लेकर अगस्त तक द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को होने वाले समाधान दिवस के लिए नामित किए अधिकारी**

चकबंदी अधिकारी कसया, बरवापट्टी में संबंधित राजस्व निरीक्षक, तमकुहीराज में तहसीलदार तमकुहीराज, तुर्कपट्टी में नायब तहसीलदार तमकुहीराज, कप्तानगंज में एसडीएम कप्तानगंज, रामकोला में तहसीलदार कप्तानगंज के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि इसी प्रकार 22 जून, 13 जुलाई, 10 अगस्त व 24 अगस्त को रोस्टर के अनुसार होगा। इस दौरान औचक निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा कभी भी किया जा सकता है। अवैध रूप से संचालित स्लाटर हाउस से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाएगा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## जेसीबी की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, केस दर्ज

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में 22 मई को जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के बाद अब बाइक चालक की तहरीर पर पुलिस ने जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के केशरी छपरा निवासी धीरेंद्र गोंड और कोटवा बाजार निवासी जयश्री यादव 22 मई की देर रात एक बजे सबया आबादकारी से शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर आ रहे थे। कोटवा के जनता इंटर कॉलेज की ओर से आ रही जेसीबी ने टक्कर मार दी। संवाद

## महिला की तहरीर पर नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज

कसया। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड निवासी-एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का केस दर्ज कराया है। महिला ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर की है। वार्डवासी महिला में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे ही घर रह कर देवरिया का युवक मेरे बेटी को भगा ले गया है। बेटी अभी नाबालिग है। उसके साथ कोई घटना न घट जाए, इसके लिए उसने न्याय की गुहार लगाई है। संवाद

## अलग-अलग मामलों में 12 के खिलाफ केस

पिपरा बाजार। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में मारपीट और अन्य मामलों में पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन सभी मामलों में पुलिस आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। थाना क्षेत्र के सेमरा में दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## घरेलू विवाद में मारपीट का केस

अहिरौली बाजार। थाना क्षेत्र के गांव बरसैना निवासी नीलम देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके देवर शनि, अंजली व संदीप ने घरेलू बातों को लेकर बृहस्पतिवार को दिन में तीन बजे मारपीट कर उन्हें व उनके पति सोनू प्रसाद को घायल कर दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

# पांच अगस्त तक जिले में निषेधाज्ञा लागू

**पडरौना।** ईद-उज-जुहा (बकरीद), मुहर्रम और बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश को देखते हुए जिले में पांच अगस्त तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। यह जानकारी एडीएम वैभव मिश्र ने दी।

उन्होंने बताया कि निषेधाज्ञा के दौरान कोई भी व्यक्ति राजमार्ग सड़क जाम नहीं करेगा। जिले के भीतर किसी भी स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र नहीं होंगे। यह आदेश कार्यालय रेलवे स्टेशन तथा बस स्टेशन पर लागू नहीं होगा। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना सभा, जुलूस, धरना प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जाएगा।

प्रतियोगी परीक्षाएं, महाविद्यालयों की परीक्षाएं आदि परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में कोई भी बाहरी व्यक्ति नहीं रहेगा। संवाद

# ई-रिक्शा चालकों ने अवैध पार्किंग शुल्क वसूली का किया विरोध

हाटा। नगर पालिका हाटा में ई-रिक्शा चालकों ने स्टैंड शुल्क वसूली से नाराज नगर पालिका कार्यालय में पहुंच कर प्रदर्शन किया। चालकों का आरोप है कि नगर पालिका के स्टैंड शुल्क के नियम में ई-रिक्शा से स्टैंड शुल्क वसूली का प्रावधान नहीं है, जबकि ठेकेदार के लोग मनमाने ढंग से शुल्क की वसूली कर रहे हैं ई-रिक्शा चालक अपना ई-रिक्शा लेकर नगर पालिका कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पहुंच गए। संवाद

# सरकारी राशन भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा

**बनकटा बाजार।** कसया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर चौराखास पुलिस ने बिहार में बिक्री के लिए ट्रक से ले जाए जा रहे सरकारी राशन को पकड़ लिया है। सूचना पर पहुंचे आपूर्ति विभाग के अधिकारी राशन की जांच में जुटे हैं।

शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन को सूचना मिली कि चौराखास थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार में एक ट्रक से सरकारी राशन जो गरीबों में बंटने के लिए आता है, उसे अवैध बिहार भेजने की तैयारी है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इस क्रम में पुलिस ने राशन लदे ट्रक को कब्जे में ले लिया।

मौके पर पहुंचे आपूर्ति विभाग के अधिकारी खाद्यान्न की जांच में जुटे हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन ने बताया कि जिस व्यापारी का खाद्यान्न पकड़ा गया है, उससे दस्तावेज मांगे गए हैं। जांच की जा रही है। संवाद

# पांच लोगों पर हत्या के प्रयास का केस

दुदही। मिश्रौली गांव में जमीन विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। सिर में गंभीर चोट होने के कारण हालत नाजुक बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों पर हत्या के प्रयास और बलवा का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में बृहस्पतिवार को श्रीकांत यादव दरवाजे पर बैठे थे। तभी जमीन विवाद को लेकर गांव के पांच लोग दरवाजे पर आए और लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। सिर पर चोट लगने के कारण श्रीकांत बेहोश हो गए। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के दो आरोपियों को भेजा जेल

निचलौल। थानाक्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर हुए दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मुकदमें के आरोपियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पाक्सो और दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त हिमालय पुत्र जोखन निवासी चंदा गूलरभर थाना निचलौल को पुलिस ने रेंगहिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। इसी दिन पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त हृदयेश यादव पुत्र मोहन यादव निवासी बढ़या मुस्तकील टोला गठियहवा थाना निचलौल को बढ़या मुस्तकील से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

# नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

खनुआ। सोनौली पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम शुक्रवार को भगवानपुर के पास संदिग्ध दो व्यक्तियों की जांच की। तलाशी में 50 एम्पुल डाइजापाम इंजेक्शन सेरेजैक, 50 एम्पुल बोरोफेन इंजेक्शन टालजेसिक, 10 टैबलेट नाइट्रावेट सहित कई नशीली दवाएं बरामद हुई। सीओ नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों आरोपी नेपाल निवासी हैं। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

# कास्मेटिक सामान बरामद किया

खनुआ। एसएसबी 66वीं वाहिनी के बीओपी जोगियाबारी की टीम पिलर संख्या 531/06 के पास से कास्मेटिक सामान व साइकिल बरामद कर नौतनवां कस्टम को सौंप दिया। बीओपी निरीक्षक श्याम प्यारे यादव ने बताया कि टीम को देख साइकिल पर लदा सामान छोड़कर फरार हो गए। सामानों की तलाशी में 15552 पीस क्रीम और चार साइकिल बरामद हुआ। साइकिल और कास्मेटिक सामान को नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया।

# दो चौकी इंचार्ज समेत चार लाइन हाजिर

**फेरबदल**

- चुनाव के बाद एक्शन में आए एसपी, 13 पुलिस कर्मियों का किया फेरबदल
- वरिष्ठ उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार वैश्य को चौकी बागापार का दिया प्रभार

महराजगंज, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद एसपी सोमेन्द्र मीना एक्शन मोड में आ गए। शुक्रवार को भिटौली चौकी इंचार्ज पंकज पाल व बागापार चौकी इंचार्ज सचिन्द्र राठी समेत चार पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इसमें भिटौली थाना के अतिरिक्त निरीक्षक सजनू यादव भी शामिल हैं। चौक थाना के हेड कांस्टेबल इंद्रप्रकाश सिंह को भी एसपी ने लाइन हाजिर किया है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल के मुताबिक एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को चौक थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार वैश्य को सदर कोतवाली की पुलिस चौकी बागापार का प्रभारी नियुक्त किया है।

पनियरा थाना के एसआई अरूण कुमार को भिटौली पुलिस चौकी का इंचार्ज बनाया है। ठूठीबारी कोतवाली के एसआई अरूण कुमार चौधरी को शाखा एक्शन प्लान, परसामलिक थाना के हेड कांस्टेबल नसरूद्दीन खान को हेड मोहर्रिर पुलिस यार्ड नई कोट थाना नौतनवा, कोतवाली के हेड कांस्टेबल संजीव कुमार श्रीवास्तव को थाना बृजमनगंज, कोतवाली के हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह को थाना पुरन्दरपुर, पुरन्दरपुर थाना के हेड कांस्टेबल जनेश्वर सिंह को थाना फरेंदा, कोठीभार थाना के कांस्टेबल पंकज यादव को थाना पनियरा व कोठीभार थाना के ही कांस्टेबल आशीष यादव को थाना श्यामदेउरवा स्थानांतरित किया है।

# झूठी सूचना देने पर ग्रामीणों में गुस्सा

सिंदुरिया। मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा नंदना में बिना सड़क मरम्मत किए ही जनसुनवाई पोर्टल पर सड़क ठीक बता दिया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों में गुस्सा है।

डीएम को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया है कि नंदना गांव की सीसी रोड को तोड़कर कार्यदायी संस्था ने पानी पाइप लाइन बिछाया है। पानी पाइप लाइन बिछाने के बाद अब तक सड़क के गड्ढों को ठीक नही किया गया है। नागेंद्र पांडेय के साथ रामशंकर, रमेश, त्रिलोकी, कृष्ण बिहारी, लल्लन और रविन्द्र ने  नाराजगी जाहिर कर डीएम को शिकायत पत्र दिया है।

# पत्नी की हत्या के मामले में पति को उम्रकैद

- भिटौली थानाक्षेत्र के दरौली गांव का मामला
- जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने सुनाया फैसला

महराजगंज, निज संवाददाता। भिटौली थानाक्षेत्र के दरौली गांव में नौ साल पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने पति केशव को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाया है। बीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

पत्रावली के अनुसार वादी मुकदमा सहेदू पुत्र आधार निवासी ग्राम सभा खैचा, थाना पनियरा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसने अपनी पुत्री प्रेम ज्योति का विवाह 8 वर्ष पूर्व केशव पुत्र बलिराम (37) निवासी ग्राम सभा दरौली, थाना कोतवाली सदर के साथ किया था। उनका दामाद शराब पीने का आदी था। पुत्री बार-बार अपने पति को शराब पीने से मना करती थी जिससे नाराज होकर वह पुत्री को मारता पिटता रहता था। 1 मई 2015 की सुबह 6 बजे सूचना मिली कि उसकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। इसके बाद वह बेटी के ससुराल पहुंचा। वहां देखा कि कमरे में बेड पर बेटी की लाश पड़ी थी। बगल में दुपट्टा रखा हुआ था। कोतवाली पुलिस तहरीर के आधार पर एक मई को हत्या के आरोप में केस दर्ज की। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता बृजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर सजा सुनाया।

# पूर्व सैनिक का शव बंद कमरे में मिला

**कोठीभार, हिंदुस्तान संवाद।** नगर पालिका सिसवा के शास्त्री नगर पांडेय टोला वार्ड में शुक्रवार की शाम के समय एक भूतपूर्व सैनिक का शव बंद कमरे में मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मुहल्ले में जब सड़न वाली दुर्गंध फैली तो वार्ड के लोगों ने इसकी जानकारी मुकामी थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गए।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी भूतपूर्व सैनिक विजय बहादुर लाल श्रीवास्तव सिसवा नगर पालिका कस्बे के शास्त्रीनगर पांडेय टोला वार्ड अपने आवास में कई वर्षों से अकेले रहते थे। वार्डवासियों ने बताया कि आसपास के लोगों से वे कोई वास्ता

- **विजल बहादुर लाल श्रीवास्तव सिसवा स्थित आवास पर अकेले रहते थे**
- **मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुरू की मामले की जांच**

नही रखते थे। कब आते और कब चले जाते थे। किसी को कुछ भी पता नही चलता था।

घर में कई दिनों से टीवी चलने की आवाज़ आ रही थी। शुक्रवार की सुबह से मुहल्ले में बहुत तेज दुर्गंध फैलने लगा। इसकी जानकारी कोठीभार पुलिस को दी गई। आवास पर पहुंच कर पुलिस कर्मियों ने दरवाजा तोड़वा

> मृतक कई वर्षों से अपने परिवार से अलग रहता था। शव को देख ऐसा लग रहा था कि तीन से चार दिन पहले उनकी मौत हो गई थी। परिजनों के रजामंदी पर पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर शव को उन्हें अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।
>
> **अखिलेश कुमार सिंह,** प्राभारी निरीक्षक कोठीभार

कर अंदर गए तो उनका शव मिला। मृतक की पत्नी अपने बेटियों के साथ दिल्ली में रहती हैं। बेटा कई वर्षों से बंगलौर में रहता है।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** नौ वर्ष पूर्व दरौली गांव में पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपित पति केशव को दोषी सिद्ध करार देते हुए जिला जज नीरज कुमार ने आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

पत्रावली से मिली जानकारी के मुताबिक एक मई 2015 को दरौली गांव निवासी केशव ने अपनी ही पत्नी प्रेमज्योति की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका के पिता पनियरा थाना क्षेत्र के खैंचा गांव के रहने वाले सहेदू ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके क्रम में पुलिस ने एक अगस्त 2016 को आरोपपत्र दाखिल किया था। विचारण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने मामले में गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर बहस करते हुए सजा की मांग की।

# बीट सिपाही क्षेत्र में भ्रमण कर शिकायतों का करें निस्तारण

**सिंदुरिया, हिंदुस्तान संवाद।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को सिंदुरिया थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने बीट सिपाहियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक भ्रमण कर लोगों की शिकायतों का समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर की साफ-सफाई की जायजा लिया। इसके बाद जीडी रजिस्टर, कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस रजिस्टर, बंदीगृह, भोजनालय, अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर और हवालात का निरीक्षण किया। संबंधित पटल अधिकारियों और कर्मचारियों को कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

**भिटौली संवाद के** अनुसार एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को भिटौली थाने का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय का रजिस्टर, लॉकअप, बैरक एवं थाने पर आए हुए प्रार्थना पत्र का जांच किया। लॉकअप में बैठे हुए बंदियों की भी बारीकी से जांच पड़ताल किया। मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर उप निरीक्षक पंकज पाल, संतोष कुमार, लवकुश कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम शीघ्र पूरा करने का दिया निर्देश

जागरण संवाददाता, महराजगंज: जिलाधिकारी अनुनय झा ने शुक्रवार को विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महंत दिग्विजयनाथ बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम के अवशेष कार्यों को 20 जून से पहले पूरा कर युवा कल्याण विभाग को हस्तगत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय चौक में विशेष मरम्मत कार्यों को देखा। कहा कि कार्य को ससमय पूरा किया जाए। यहां पर स्मार्ट क्लास, डेकोरेटिव क्लास रूम, लाइब्रेरी, स्मार्ट टायलेट, अन्नपूर्णा रसोई का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन महंत दिग्विजयनाथ बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम को देखा। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को अवशेष कार्यों को समय से पूरा करने के साथ ही स्टेडियम के बाहरी दीवार सहित चिह्नित स्थलों पर पेंटिंग कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवशेष कार्यों को 20 जून से पहले पूरा कर हैंडओवर करने को कहा। अंत में उन्होंने सोनाड़ी देवी मंदिर परिसर में पर्यटन कार्यों को देखा और जल्द अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा।



बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुनय झा • जागरण

# आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी से गुहार

निचलौल। थानाक्षेत्र के ग्राम खम्हौरा में एक महीने पहले एक विवाहिता की ससुराल के लोगों द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने के मामले में दर्ज मुकदमें में पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में हीलाहवाली कर रही है। इसको लेकर मृतका के भाई आनंद मद्धेशिया निवासी ग्राम हरगावां ने शुक्रवार को एसपी को पत्रक देकर गिरफ्तारी की मांग की है।

आनंद मद्धेशिया का कहना है कि उसकी बहन पूजा की शादी ग्राम खम्हौरा निवासी विजय के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके ससुराल के लोग दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पहले से ही कोर्ट में चल रहा था। इस बीच एक महीने पहले ससुराल के लोगों ने उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद बीते 11 मई को पुलिस ने विवाहिता के पति विजय, जेठ संजय, जेठानी प्रियंका समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस

**सिंदुरिया।** कोर्ट के आदेश पर सिंदुरिया पुलिस ने परसामीर निवासी अफजल की तहरीर पर परसामीर निवासी नाथू, छोटू,सद्दाम व सफर के खिलाफ मारपीट व अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज की है। अफजल ने न्यायलय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि आरोपित उसके घर में चोरी की नियत से घुसे थे। विरोध करने पर लाठी-डंडे व राड से मारपीट किए। सिर फोड़ कर लहू-लुहान कर दिया। बाइक लेकर भाग गए। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर चारों पर केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**ठूठीबारी।** एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर ठूठीबारी कोतवाली के एसओ नीरज राय के निर्देशन में चौकी इंचार्ज ब्रह्म कुमार उपाध्याय, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रमोद यादव ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में आरोपित जावेद अख्तर पुत्र खलिलुल्लाह(22) निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द को चन्दन नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय चालान कर दिया।

# सशक्त हुई पुलिसिंग, स्कार्पियो से चलेगी डायल 112

जागरण संवाददाता, महराजगंजः डायल 112 को और सशक्त बनाने के लिए शासन की ओर से जिले को नौ स्कार्पियो और तीन बाइक उपलब्ध कराई गई है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एक फोन काल पर पीड़ितों तक पुलिस की मदद पहुंचाने के लिए पहले से ही कुल 48 वाहन मौजूद हैं। जिसमें 18 बाइक जबकि 28 चार पहिया वाहन शामिल हैं। अब वाहनों के जत्थे में नौ स्कार्पियो और तीन बाइक और आ गई है। फिलहाल इन वाहनों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्र जैसे नगर, कस्बे व शहरी क्षेत्र में तैनात किया जाएगा।

# नशीली दवाओं के साथ दो नेपाली युवक गिरफ्तार



पकड़े गए दोनों आरोपितों के साथ पुलिस व एसएसबी की टीम● जागरण

सोनौली : भगवानपुर के पास एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नशीली दवाओं के साथ दो नेपाली युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल प्रद्युम्न व रोहित कुमार के साथ एसएसबी 22 वी बटालियन के पीयूष सिंह, सुरेंद्र यादव व मनीष कुमार भगवानपुर के चौक तिराहा के पास जांच कर रहे थे। इस दौरान गिरजा चौधरी निवासी रोहिणी गांव पालिका वार्ड तीन ग्राम धकधई व सूरज बनिया निवासी ओसमतिया गांव पालिका वार्ड चार ग्राम बालापुर जिला रूपन्देही नेपाल को जांच के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 50 एंपुल बोरोफेन इंजेक्शन, 50 एंपुल डाईजापाम इंजेक्शन, 150 टेबलेट नाइट्राजेपाम व 10 टेबलेट नाइट्रावेट बरामद हुए।

# कॉस्मेटिक सामान बरामद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी जोगियाबारी के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 531/06 के पास से कॉस्मेटिक सामान व साइकिल बरामद कर कस्टम को सौंप दिया।

सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धाबाई ने बताया कि नेपाल सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग साइकिल पर नेपाल की तरफ से गत्ता लेकर भारतीय सीमा में प्रवेश कर चुके थे।

जवानों को देखते ही साइकिल व सामान छोड़कर नेपाल सीमा में लौट गए। क्रीम 15552 पीस और चार साइकिल बरामद हुआ। संवाद

## दो किशोरियों का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निचलौल। थाना क्षेत्र के दो गांवों में दो किशोरियों का अपहरण कर दुष्कर्म करने और धमकी देने का मामला सामने आया था। मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी का बीते दिनों एक युवक अपहरण कर लिया। फिर आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी। इसी तरह एक दूसरे गांव निवासी किशोरी का एक युवक ने पहले अपहरण किया। फिर उससे दुष्कर्म किया। संवाद

# भारतीय किसान परेशान, यूरिया जा रही नेपाल

### भारतीय क्षेत्र में यूरिया की कीमत 280, नेपाल पहुंचते ही हो जाती है 500 से 550 रुपये, तस्कर मालामाल

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज/निचलौल। कुछ क्षेत्रों में धान की रोपाई शुरू हो गई है। भारतीय क्षेत्र के किसान यूरिया के लिए परेशान हैं। वहीं तस्कर भारतीय यूरिया को तस्करी कर सरहद पार करने में लगे हैं। पिछले दिनों सरहद पर 12 बोरी यूरिया सुरक्षा एजेंसियों ने बरामद की थी। शुरुआती दौर में तस्कर साइकिल और बाइक से दो से चार बोरी ले जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, भारत नेपाल की सरहद पूरी तरह से खुली है। यहां बिना रोक-टोक के लोग इस पार से उस पार आते-जाते हैं। इस सुविधा का दुरुपयोग तस्कर पहले से करते चले आ रहे हैं। ये भारत और नेपाल में डिमांड और वस्तु की कमी के हिसाब से तस्करी करते हैं। मौजूदा समय में सरहद पर यूरिया और कॉस्मेटिक सामानों की तस्करी बढ़ी है। सुबह और शाम ढलते ही तस्कर खाद सरहद पार ले जाने का काम शुरू कर देते हैं।

हर बार की तरह इस बार भी तस्कर रोपाई शुरू होते ही भारतीय खाद को सरहद पार करने में लग गए हैं। तस्कर सुबह 10 से शाम करीब चार बजे तक इफको के डीलर और निजी खाद की दुकानों से बिना किसी कागज के खाद लेकर सरहद से सटे गांवों के पास डंप करते हैं।

फिर दिन ढलते ही खाद को सरहद पार करने की जुगत में जुट जाते हैं, हालांकि खाद सरहद पार ले जाने की कोशिश करते हुए कई बार तस्कर सुरक्षा एजेंसियों के हाथ भी लग जाते हैं।

वहीं क्षेत्र के किसान बाबूलाल चौहान, दिलीप सहानी, विवेक चौबे, कामेश्वर आदि ने कहा की जहां किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए परेशान हैं, तो वहीं तस्करों के लिए कोई रोक-टोक नहीं है। आरोप है कि तस्करों के पास कागजात न हो तो भी ये दुकानदार बेधड़क यूरिया दे देते हैं और तस्करों से मोटा रकम वसूल करते हैं।

निचलौल कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने कहा की कहा कि सरहद पर तस्करी रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ टीम लगी है। अगर सरहदी इलाकों में इस तरह की सूचना मिलती है। तो तस्कर के साथ- साथ दुकानदार पर भी कार्रवाई की जाएगी।



साइकिल से यूरिया खाद लेकर जाता युवक। संवाद

#### नेपाल में दुकानों पर खुलेआम मिलती है खाद

भारत में खाद के लिए किसान परेशान रहते हैं, लेकिन पड़ोसी देश नेपाल की दुकानों पर भारतीय खाद आसानी से मिल जाती है। छोटे-छोटे चौराहों पर दुकानदार खुले में भारतीय खाद की बिक्री करते हैं। भारतीय क्षेत्र में यूरिया की कीमत 280 और डीएपी की कीमत 1360 रुपये प्रति बोरी है। जो नेपाल पहुंचते ही यूरिया की कीमती लगभग 500 से 550 और डीएपी की कीमती 1600 से 1700 रुपये प्रति बोरी हो जाती है। तस्कर इतने चालाक होते हैं कि सुरक्षा एजेंसियों के लाख जतन के बाद भी पकड़ में नहीं आते हैं। कभी-कभार हाथ लगते भी हैं तो कैरियर। मुख्य तस्कर पकड़ में न आने से अंकुश नहीं लग पाता है।

#### ऐसे होती है तस्करी

पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए तस्करों ने लग्जरी गाड़ियों को लगाया है। दिन भर खाद लादकर सीमा क्षेत्र के गांव में इकट्ठा करते हैं। समय देखते ही नेपाल पार कर देते हैं। सीमा क्षेत्र के रेगहीया, शीतलापुर, बहुआर, कनमिसवा आदि गांव के अगल-बगल व पगडंडियों के रास्ते नेपाल भेजते हैं।

# मारपीट में आठ के खिलाफ केस दर्ज

महराजगंज। पनियरा थाना क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों उस्का व मुड़िला में मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उस्का में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में रीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने रामरतन, सुरजीत, वीर सहानी व मंजू सहानी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं मुड़िला में रामजीत की तहरीर पर राजेश, भास्कर, सालू व सपना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## प्रतिबंधित दवा के साथ दो गिरफ्तार

**सोनौली।** शुक्रवार सुबह सोनौली पुलिस एसएसबी के साथ भारत नेपाल के सीमावर्ती गांव में गश्त कर रही थी। इस दौरान दो भगवानपुर गांव के भगउ तिराहा के निकट से नेपाल की तरफ जा रहे थे। संदेह होने पर टीम ने दोनों युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके पास से 260 पत्ता प्रतिबंधित दवाएं और इंजेक्शन बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गिरिजा चौधरी निवासी धकधई नेपाल और सूरज निवासी बेलहिया नेपाल बताया। क्षेत्राधिकारी नौतनवा जय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया। संवाद

## प्रधान पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**मिठौरा।** सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा भागाटार टोला अमतहा निवासी करुणेश उर्फ राहुल कन्नौजिया ने प्रधान पुत्र पर मारपीट का आरोप लगाया है। करुणेश उर्फ राहुल कन्नौजिया की तहरीर के अनुसार, एक जून को ग्राम प्रधान के घर के सामने पहुंचा तो उनका बेटा दीपक पुरानी रंजिश को लेकर मारने-पीटने लगा। थाना प्रभारी सिंदुरिया अजित प्रताप सिंह का कहना है कि दीपक कन्नौजिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## कब्जा कर निर्माण करने का आरोप

**खनुआ।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के कुनसेरवा में नाली की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण कराया है। इसकी शिकायत गांव के रामभरत ने नायब तहसीलदार से की। राम भरत ने बताया कि कुनसेरवा में आराजी नंबर 650 जो खसरे में नाली अंकित है। जिस पर दो लोगों ने कब्जा कर लिया है। संवाद

# चुनौतियों के समाधान पर की गई चर्चा

**महराजगंज।** एएसपी आतिश कुमार सिंह की अगुवाई में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में बाल न्याय पीठ जनपद इकाई के अध्यक्ष श्याम सिंह एवं प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मुख्य रूप से बताया गया कि जानबूझकर या अनजाने में बच्चों की ओर से किए गए अपराधों के मामलों में उन्हें दूसरा मौका देना चाहिए, जिससे वे घोर अपराध की ओर न जा सकें। संवाद

# आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के खम्हौरा गांव में बीते 10 मई को महिला पूजा मद्धेशिया की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृत महिला पूजा के भाई आनंद मद्धेशिया निवासी हरगावा की तहरीर पर आरोपी विजय, संजय, प्रियंका और उर्मिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर ली। अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं की। महिला के भाई आनंद ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई। संवाद

# बगैर हेलमेट वाहन चलाने वालों की खैर नहीं

## प्रदूषण सर्टिफिकेट न होने पर देना होगा 10 हजार रुपया जुर्माना, 15 जून से चलेगा अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** बगैर हेलमेट वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं है। हेलमेट नहीं पहनने पर 1000, प्रदूषण पेपर नहीं होने पर 10000, मोबाइल से बात करने पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

विभाग 15 जून से अभियान चलाएगा। मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ-साथ सुरक्षा के दृष्टिकोण से परिवहन विभाग समय-समय पर जांच अभियान प्रभावी करता है।

इसके अलावा यातायात पुलिस हर समय यातायात नियमों का पालन कराने के लिए मुस्तैद रहती है। इस बार जनवरी से परिवहन विभाग ने जांच अभियान जरूर शुरू किया था। अब एक बार फिर वाहन और वाहन चालकों के खिलाफ जांच अभियान 15 से प्रारंभ होगा।

इसमें सर्वाधिक जुर्माना प्रदूषण सर्टिफिकेट न होने की दशा में 10 हजार रुपये का लगाया जाएगा। 5000 रुपये नंबर प्लेट सही न होने पर तथा 2000 रुपये बीमा समाप्त होने पर लिया जाएगा। इसके अलावा 1000-1000 रुपये हेलमेट न लगाने व गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात करने पर लगाया जाएगा। एआरटीओ विनय कुमार ने कहा कि 15 से जिले के सभी मार्गों पर यातायात पुलिस की मदद से अभियान चलाया जाएगा और जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

# पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

## शराब पीने से मना करने पर गला दबाकर मार डाला था

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव में एक मई 2015 को शराब पीने से मना करने पर पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शुक्रवार को दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, खैचा गांव के सहेदू ने एक मई 2015 को सदर कोतवली में तहरीर दी थी। उसने बताया कि बेटी प्रेम ज्योति की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व दरौली, थाना कोतवाली (वर्तमान थाना भिटौली) निवासी केशव के साथ की थी। उनका दामाद शराब पीने का आदी था।

एक मई 2015 को सूचना मिली कि बेटी ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर उसके ससुराल पहुंचा तो कमरे में बेड पर उसका शव पड़ा मिला। शराब पीने से मना करने पर केशव ने गला दबाकर उसे मार डाला था। मामले में केस दर्ज होने के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आठ अक्तूबर 2016 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# पांच उप निरीक्षकों का कार्य क्षेत्र बदला

**महराजगंज।** जिले में पांच उप निरीक्षक, एक निरीक्षक सहित अन्य पुलिस कर्मियों का पुलिस अधीक्षक ने कार्य क्षेत्र बदल दिया है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि निरीक्षक सजनू यादव को पुलिस लाइन, उप निरीक्षक पंकज पाल को भिटौली से पुलिस लाइन, उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार वैश्य को चौक से बागापार चौकी प्रभारी बनाया गया। उप निरीक्षक सचिंद्र राठी को बागापार से पुलिस लाइन भेज दिया गया। उपनिरीक्षक अरुण कुमार को पनियरा से भिटौली चौकी प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक अरूण कुमार चौधरी को ठूठीबारी से शाखा एक्शन प्लान, मुख्य आरक्षी नसरुद्दीन खान को परसा मलिक से नौतनवा, संजय श्रीवास्तव को कोतवाली से बृजमनगंज, कृष्ण कुमार सिंह को कोतवाली से पुरंदरपुर, जनेश्वर सिंह को पुरंदरपुर से फरेंदा, इंद्रप्रकाश को चौक से पुलिस लाइन व सिपाही पंकज को कोठीभार से पनियर भेजा गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# घर के अन्दर से जेवर व नकदी की चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** चोर ने एक मकान को निशाना बनाया और रात के अंधेरे में ताला तोड़कर अन्दर घुस गये। जहां से कीमती गहने तथा हजारो रूपये नकदी की चोरी कर चम्पत हो गये। इस सम्बन्ध में गृह स्वामी की षिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मड़वानगर मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार चौधरी के मकान में बीते 1 जून की रात को अज्ञात चोर घर के अन्दर प्रवेश कर गये। जहां से उनकी पत्नी प्रियंका वर्मा के जेवरात जिसमें हार, कंगन, मांग टीका, पायल, अंगूठी सहित पांच हजार रूपया नकद की चोरी कर फरार हो गये। प्रदीप कुमार का षक है कि मकान के पास में पान बीड़ी की टंकी चलाने वाले राजनरायण चौधरी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में पीड़ित प्रदीप कुमार चौधरी पुत्र प्रेमशंकर वर्मा निवासी मड़वानगर थाना कोतवाली की शिकायत पर पुलिस ने संदिग्ध रूप से राजनरायण चौधरी निवासी मड़वानगर थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने एक व्यक्ति व उसके पूरे परिवार को गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत गोबरहिया गांव में पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर विपक्षी विश्राम व उसके परिवार वालो ने मिलकर राम दुलारे तथा उसकी पत्नी, बहू व परिवार के अन्य लोगो को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान पत्नी चम्पा देवी के दाहिने हाथ की अंगूली भी टूट गयी। मामले में पीड़ित राम दुलारे पुत्र गरीब निवासी गोबरहिया थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विश्राम, प्रेमसागर पुत्रगण रामपियारे, सिरमोहनी पत्नी प्रेमसागर तथा बसन्ता पत्नी विश्राम निवासीगण गोबरहिया थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 323, 325, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मादक पदार्थ तस्करी का वारंटी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में वांछित चल रहे वारंटी को जिले की पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए संबंधित न्यायालय रवाना किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम में जनपद में तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर विनय सिंह चौहान के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय द्वारा शुक्रवार को वारंटी संदीप उर्फ मंकी पुत्र अंबिका निवासी लखनौरा थाना पुरानी बस्ती को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि आरोपी संदीप के विरुद्ध अवैध गांजा तस्करी के मामले में मुकामी थाने पर धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। न्यायालय द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया, जिसके क्रम में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेश सिंह व वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार पांडेय के साथ मुख्य आरक्षी मनोज राय थाना पुरानी बस्ती मौजूद रहे।



# काम करते चार बाल श्रमिक धराये



जांच करती एएचटीयू की टीम।

**बस्ती (एसएनबी)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन रेस्क्यू अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक मुख्य आरक्षी हनुमान यादव, आरक्षी ओमप्रकाश व महिला आरक्षी पूजा यादव थाना एएचटी व श्रम विभाग के श्रमाधिकारी विनय दूबे व नागेंद्र त्रिपाठी के संयुक्त टीम ने मानव तस्करी, बाल श्रम-बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृति, बाल विवाह की रोकथाम हेतु जनपद बस्ती के रेस्टोरेंट, ढाबा व सर्विस सेंटर आदि संदिग्ध स्थानों पर रेस्क्यू अभियान के दौरान चेकिंग की गयी। टीम के चेकिंग में 18 वर्ष से कम उम्र के 4 बच्चें काम करते मिले । उनका रेस्क्यू करते हुए उनके परिजनो को सुपुर्द कराया गया। उनमें से एक बच्चा समर पुत्र सोनू निवासी काशी राम आवास को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा सीडब्ल्यूसी आदेशानुसार उसके मां मीरा देवी को सुपुर्द, किया गया और दुकानों, वर्कशाप, गैराजों आदि के मालिकों को कड़ी हिदायत दी गयी कि नाबालिक बालक-बालिका से काम कराना गैरकानूनी अपराध है । मानव तस्करी, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह की रोकथाम व पुनर्वास अभियान के सम्बन्ध में आम जनमानस को जागरूक किया गया।

# मामूली विवाद में मारपीट, चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** खेत जाते समय एक लड़की को आरोपी द्वारा गालियां देने तथा शिकायत करने पर विपक्षियों द्वारा लड़की के भाई व पिता को उसके घर पर आकर मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की षिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के पकरी धौरहना गांव की रहने वाली शाबिया शाम को खेत की तरफ जरूरी काम से जा रही थी। जिसे गांव के नईम पुत्र कलाम द्वारा रास्ते में रोककर गालियां दी जाने लगी। यह बात शाबिया ने घर आकर अपने भाई मेहताब को बताया तो मेहताब विपक्षी नईम के घर शिकायत लेकर पहुंचा। लेकिन नईम उस वक्त घर से कहीं भाग गया। जब मेहताब वापस अपने घर आया तो उसके कुछ ही देर बाद आरोपी नईम तथा उसके परिवार वाले पहुंचे और गालियां देते हुए मेहबात के भाई गुल्साद तथा उसके पिता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित मेहताब पुत्र मुस्ताक अहमद ग्राम पकडी धौरहरा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नईम, कलीम, नदीम पुत्रगण कलाम व कलाम पुत्र सई मुहम्मद निवासीगण पकडी धौरहरा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दो पक्ष आपस में भिड़े, क्रास केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सिम पोर्ट कराने की बात को लेकर दो पक्ष के बीच में विवाद हो गया, जिसके बाद एक दूसरे को गालियां देते हुए जमकर मारपीट की। मामला मुकामी थाने पर पहुंचा तो पुलिस ने दोनो तरफ से मिली तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज करने की कार्यवाही किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के कनेथू चौराहा पर सितेश कुमार व अतुल से सिम पोर्ट कराने के दौरान कुछ विवाद हो गया। जिसके बाद अतुल तथा अन्य चार लोगो ने मिलकर सितेश कुमार को जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सितेश कुमार पुत्र बुधिराम निवासी ग्राम मुरादपुर थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अतुल पुत्र संतप्रकाश, जितेन्द्र पुत्र रविप्रकाश, दुर्गेश पुत्र जगदम्विका व कनेथू ग्राम प्रधान निवासीगण कनेथू थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 323, 427, 504, 506 आईपीसी व 3(1)द, ध व 3(2) 5ए एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के जीतेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र रवि प्रकाष मिश्र ने बताया कि कनेथू चौराहा पर सिम पोर्ट कराने तथा पैसे के लेनदेन को लेकर विपक्षी सितेष कुमार से विवाद हो गया जिसके बाद उसने उन्हें गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित जीतेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र रविप्रकाश मिश्र निवासी ग्राम कनेथू वुजुर्ग थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सितेश कुमार पुत्र बुधिराम निवासी ग्राम मुरादपुर थाना सोनहा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने पर हर्ष



एक दूसरे को मिठाई खिलाते भाजपाई।

बस्ती (एसएनबी)। लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए की जीत और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार एनडीए का नेता चुने जाने के साथ प्रधानमंत्री बनने की खुशी में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विजय उत्सव मनाया गया। इस मौके ढोल नगाड़े के साथ मिठाइयां बांटी गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता काफी खुश नजर आए। वहीं, एनडीए की जीत को लेकर संसदीय दलों की बैठक में कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर दोहराया कि उनके जीवन का हर एक पल देश के लिए है।

आने वाले पांच साल में देश नई ऊंचाइयों को छुएगा और खुशहाली और समृद्धि आएगी। इस बार के चुनाव में एनडीए को 293 सीटों पर जीत मिली है। इससे तय हो गया है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। इस जीत से भाजपा कार्यकर्ता बेहद खुश नजर आ रहे हैं। भाजपा कार्यालय में भारत माता की जय के नारे लगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पुराने वैभव को प्राप्त करने के लिए बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का बनना न सिर्फ पार्टी का बल्कि जनता जनार्दन के विश्वास की जीत है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनकर इतिहास रचा है। इसके पहले पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू एक बार नोमिनेटेड व दो बार इलेक्टेड हुए थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों बार इलेक्टेड हुए हैं। बस्ती लोकसभा में हमें भले ही सफलता नही मिल पाई लेकिन कार्यकर्ताओ को निराश नही होना है। बल्कि दुगनी उर्जा और जोश के साथ संगठन के काम में लगे रहना है। अब देश का विकास और तीव गती से होगी। उन्होनें कहा कि पिछले 10 सालों के कार्यकाल में मोदी ने कई ऐसी योजना गरीबों के लिए चलाई जिसे हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होनें कहा कि आने वाले पांच वर्षों ने देश मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनायेगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, अंकुर वर्मा, अमृत कुमार वर्मा, चन्द्र शेखर मुन्ना, गजेन्द्र सिंह, अलोक पांडे दिलीप पाण्डेय, अमित गुप्ता, अश्वनी श्रीवास्तव, हरि कृष्ण तिवारी डब्लू, अखण्ड सिंह, धर्मेन्द्र जायसवाल, श्रुति अग्रहरी, सचिन सिंह, अभिनव उपाध्याय, आशीष शुक्ल, सुभाष श्रीवास्तव, शिव बहादुर मौर्या, रमेश गुप्ता, अतुल यादव, नीरज पाण्डेय, महेन्द्र सोनकर, दिलीप शर्मा रवि तिवारी, आदर्श तिवारी, वेद प्रकाश, गौरव अग्रवाल, सुरेश सिंह, दिव्यांशु दुबे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमरमणि की शेष संपत्तियों को 21 जून तक करना होगा कुर्क

**राहुल अपहरण कांड**

## 23 साल पुराना है अपहरण का केस

छह दिसंबर वर्ष 2001 में बस्ती कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर के धर्मराज गुप्त के बेटे राहुल मद्धेशिया का अपहरण हो गया था। तत्कालीन विधायक अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित आवास से पुलिस ने राहुल को बरामद किया था। इस मामले में पूर्व विधायक समेत नौ लोग आरोपित रहे हैं। अमरमणि के खिलाफ 82 सीआरपीसी और नैनीश शर्मा, शिवम उर्फ रामयज्ञ के खिलाफ कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर केस दर्ज करने का आदेश दिया था।

**बस्ती, निज संवाददाता।** बहुचर्चित राहुल मद्धेशिया अपहरण कांड में पुलिस ने पूर्वमंत्री अमरमणि की लखनऊ में स्थित 1.18 करोड़ की संपत्ति पुलिस ने गुरुवार को कुर्क कर ताला लगा दिया।

मामले की विवेचना कर रहे शहर कोतवाल विजय कुमार दुबे की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट में प्रार्थना-पत्र दिया गया कि अमरमणि के महराजगंज जिले के नौतनवा स्थित मकान नं. 81 बी को 13 अप्रैल 2024 को कुर्क किया गया। वहीं विक्रांत खंड, गोमतीनगर, लखनऊ स्थित भूखंड ए-3/297 की एक करोड़ 18 लाख 80 हजार की प्रॉपर्टी को कोतवाली के निरीक्षक कृपाशंकर मौर्य, एसआई राजेश यादव की टीम ने कमिश्नरेट लखनऊ के मजिस्ट्रेट और रिसीवर की मौजूदगी में गत 6 जून को कुर्क की।

शेष संपत्ति का पता लगाने के लिए विकास प्राधिकरण गोरखपुर, नगर आयुक्त नगर निगम व सदर एसडीएम को पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई है। फिलहाल अदालत के आदेश पर 21 जून तक शेष बची संपत्तियों को पता कर पुलिस को उसकी कुर्की करनी होगी।

# पान की गुमटी चलाने पर चोरी का केस

बस्ती। कोतवाली थानाक्षेत्र के मड़वानगर निवासी प्रदीप चौधरी ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही पान की गुमटी चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ जेवरात और नकदी की चोरी कर लेने आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर राजनारायण चौधरी के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने दर्ज केस के मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

# किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

बस्ती। पैकोलिया थानाक्षेत्र से किशोरी के अगवा करने की घटना सामने आई है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने परसरामपुर थानाक्षेत्र के धुर्दा गांव निवासी राजन के खिलाफ अगवा कर लेने का केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के गोबरहिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने रामदुलारे की तहरीर पर गांव के ही विश्राम, प्रेमसागर, सिरमोहनी और बसंता के खिलाफ केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# धमकी देकर मारापीटा, केस

बस्ती। कलवारी थानाक्षेत्र के मछली मंडी पाऊ के पास राघवेन्द्र की चार लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने उनकी तहरीर पर गांव के ही राहुल शर्मा, अभय, वैकटेश्वर प्रसाद व सूरज पर केस दर्ज कर घटना की छानबीन शुरु कर दी है।

# सीओ के आवास में महिला चिकित्सक से मारपीट, केस

**आरोप**

- सीओ के सरकारी बंगले में पत्नी व महिला मित्र में मारपीट बताया जा रहा
- आईजी रेंज ने नहीं मानी अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती की जांच
- कार्रवाई की गुहार लगाने वाली महिला डॉक्टर हैं राजस्थान की निवासी

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में तैनात एक पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) के सरकारी आवास में राजस्थान की महिला डॉक्टर की पिटाई का आरोप है। इस मामले में पीड़िता ने राजस्थान में सीओ, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। राजस्थान में केस दर्ज करने के बाद मामला बस्ती महिला थाने में ट्रांसफर कर दिया गया है।

घटना संज्ञान में आते ही आईजी रेंज ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए। पहले एसपी बस्ती से इस संबंध में रिपोर्ट तलब की गई। घटना की जांच कर एएसपी ने जांच रिपोर्ट एसपी को दी। आईजी ने इस रिपोर्ट को संदिग्ध मानते हुए खारिज कर दिया। शुक्रवार को इस मामले की जांच एसपी सिद्धार्थनगर को दी गई है। जल्द से जल्द इस प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। इस हाईप्रोफाइल मामले में अब सीओ पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान की महिला चिकित्सक सीओ के सरकारी आवास पर बीते मई माह की 26 तारीख को पहुंची थीं। सीओ के साथ महिला चिकित्सक की लंबे समय से मित्रता बताई जा रही है। इसी दौरान अचानक सीओ की पत्नी भी वहां पहुंच गईं। महिला डॉक्टर को अपने अपने घर में देखकर पत्नी आपा खो बैठीं। बताया जाता है कि दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। चर्चा यहां तक है कि घटना के वक्त सीओ ने पत्नी की तरफदारी करते हुए चिकित्सक के साथ बदसलूकी कर दी। इससे आहत महिला ने सीओ और उनकी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई करने लिए जिले से लेकर राजधानी तक के पुलिस उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र दे दिया। जैसे ही यह मामला पुलिस महानिरीक्षक के संज्ञान में आया तो उन्होंने पहले एसपी बस्ती से रिपोर्ट मांगी।

इसकी जांच एडिशनल अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती की ओर से की गई। लेकिन एएसपी की जांच को खारिज करते हुए आईजी ने एसपी सिद्धार्थनगर को जांच सौंपी है। जिले का हाईप्रोफाइल मामला डीजीपी मुख्यालय तक पहुंच गया है। शासन स्तर पर इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। जांच रिपोर्ट के बाद इस मामले में कार्रवाई की बात कही जा रही है।

### एसपी सिद्धार्थनगर की रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

डिप्टी एसपी से जुड़े हाईप्रोफाइल इस मामले में एसपी सिद्धार्थनगर की रिपोर्ट का उच्चाधिकारियों को इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद डीएसपी पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है। इस प्रकरण में प्राची सिंह, एसपी सिद्धार्थनगर ने बताया कि शुक्रवार को इस बारे में जांच करने को कहा गया है।

# एसबीआई के शाखा प्रबंधक और कर्मियों पर कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश

## किसान के केसीसी खाते में गोलमाल करने का आरोप, नहीं मिल पाया था ऋणमाफी का लाभ

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप की अदालत ने दिया कार्रवाई करने का आदेश**

**अदालत से**

**नगर बाजार (बस्ती)।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप ने कलवारी थाना क्षेत्र के कुसौरा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक पोखरनी के शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

इन बैंक कर्मियों के ऊपर मृतक किसान के खाते में हेराफेरी करने का आरोप है। न्यायालय ने थानाध्यक्ष कलवारी को केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

नगर थाना क्षेत्र के अशोक कुमार ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थनापत्र दिया था। इसमें कहा गया था कि अशोक कुमार के पिता रामनाथ की मृत्यु 17 अक्टूबर 2014 को हो गई थी। भारतीय स्टेट बैंक के पोखरनी शाखा में उनका किसान क्रेडिट कार्ड का खाता था। इसके अलावा एक बचत खाता भी खोला गया था।

केसीसी के खाते में 27 मार्च 2014 को रामनाथ ने एक लाख 23 हजार 441 रुपये जमा किए थे। ब्याज और बीमा का पैसा मिला कर कुल एक लाख 26 हजार 28 रुपये जमा किए गए।

16 जून 2018 को प्रदेश सरकार किसानों के कर्ज माफी की योजना लाई गई, लेकिन रामनाथ के ऋण खाते का कर्ज माफ नहीं किया गया।

अशोक कुमार ने जब जिला कृषि अधिकारी से संपर्क किया तो बताया गया की ऋण माफ किया जा चुका है। अब कुछ भी कर्ज नहीं रह गया है। 25 अप्रैल 2023 को अशोक कुमार अपने नाम से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कुसौरा बाजार स्थित एसबीआई की शाखा पोखरनी पर गए तो यह कहते हुए उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा नहीं दी गई कि उनके मृतक पिता के नाम से बकाया है।

बैंक वालों ने खुद को फंसता देख रामनाथ के नाम से एक और बचत खाता खोल दिया। दोनों बचत खातों से केसीसी खाते में रुपये भेज व निकाल कर खाते को एनपीए श्रेणी से बाहर कर दिया। इससे ऋणमाफी योजना का लाभ न मिल सके।

जांच-पड़ताल होने पर 23 सितंबर 2017 को ऋण माफी का 19,721 रुपये रामनाथ के खाते में पोस्ट कर दिया गया। 30 मार्च 2017 को 15,000 रुपये खाते से निकाल लिया गया। इसी प्रकार 12 अक्टूबर 2020 को 45,000 रुपये पहले जमा किया गया फिर उसी दिन आहरित भी कर लिया गया।

इसी तरह 18 फरवरी 2022 को 48,000 रुपये भेजकर फिर निकाल लिया गया। जबकि रामनाथ की मृत्यु 2014 में हो गई थी। अशोक के शिकायती प्रार्थनापत्र के अनुसार उसकी तरफ से कोई लेनदेन नहीं किया गया।

इस संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष राय ने प्रारंभिक जांच कराया था। बैंक के ही अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें यह कहा गया कि धोखाधड़ी नहीं हुआ है। अनियमितताएं अवश्य हुई हैं। बाद में पत्रावली इस न्यायालय में अंतरित हो गई। प्रथम दृष्टया आपराधिक संलिप्तता जाहिर होने पर अदालत ने केस दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष कलवारी को दिया है।

# सपा प्रमुख पर अभद्र टिप्पणी पर भड़की सरदार सेना

बस्ती। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अपशब्द कहने व गालीगलौज का सिलसिला शुरू हो गया है। इसे लेकर वर्ग संघर्ष का खतरा बढ़ता जा रहा है। मामला अब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव व सपा के बस्ती लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद रामप्रसाद चौधरी को सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति की ओर से गालियां दिए जाने को लेकर सरदार सेना व उनके समर्थकों में नाराजगी है।

# कट्टा-कारतूस संग शातिर दबोचा

कप्तानगंज। स्थानीय पुलिस ने एक शातिर युवक को चेकिंग के दौरान असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया करने का दावा किया है। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर पुलिस में जेल भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर युवक को 315 कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसकी पहचान अशोक कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी धिरौली बाबू थाना छावनी जनपद बस्ती के रूप में हुई है।



शुक्रवार को तहसील गेट के पास प्रशासन की ओर से तोड़ी गई दुकान।

# तहसील प्रशासन ने दो दुकानों को ढहवाया

- दुकानदार का आरोप दोनों दुकानों का था लाइसेंस
- प्रशासन का दावा- दुकानदार को दिया गया था नोटिस

**हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद।** तहसील गेट के पूरब बगल संचालित एक जलपान की दुकान को तहसील प्रशासन ने जेसीबी से तोड़वा दिया। इससे लोहे की गुमटी, टीनशेड और दुकान में रखा सामान नुकसान हो गया। पीड़ित दुकानदार ने तहसील प्रशासन पर बिना किसी नोटिस के जबरन दुकान तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित की माने तो उसने दोनों दुकानों का लाइसेंस भी ले रखा था।

हर्रैया क्षेत्र के कसैला गांव निवासी विक्रमा शुक्ल की हर्रैया तहसील गेट के पूरब वर्षों से एक लोहे की गुमटी में जलपान और पराग डेरी संचालित करते थे। शुक्रवार दोपहर तीन बजे अचानक तहसील प्रशासन जेसीबी लेकर गुमटी और टीनशेड तोड़ने पहुंच गया। जब तक दुकानदार कुछ समझ पाता तब तक जेसीबी से लोहे की गुमटी और टीनशेड को तोड़कर हटवा दिया गया। इससे दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक दुकान पर तोड़फोड़ की कार्रवाई से अधिवक्ताओं की भीड़ जुट गई। दुकानदार विक्रमा शुक्ल ने बताया कि तहसील प्रशासन ने बिना किसी नोटिस व पूर्व सूचना के जबरन पुलिस फोर्स के साथ दुकान को तोड़ दिया है। दुकान में रखा करीब चार लाख रुपये का सामान नुकसान हुआ है। दुकानदार ने बताया उनके पास फूड विभाग का लाइसेंस भी है। इस संबंध में हर्रैया एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहसील की भूमि पर दुकान संचालित करा रखा था। जिसको हटाने के लिए कई नोटिस दिया गया था, लेकिन दुकान नहीं हटा। इसके बाद हटाने की कार्रवाई की गई है।

# फॉलोअर के रिश्वत लेने के मामले में नपे चौकी प्रभारी और सिपाही




**कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय थानाक्षेत्र के दुबौला चौकी पर फॉलोवर द्वारा रिश्वत में पैसे लेने के वायरल वीडियो के मामले में एसपी बस्ती ने चौकी इंचार्ज दुबौला और सिपाही को लाइनहाजिर करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। एसपी ने हरैया थाने पर तैनात दरोगा राकेश मिश्रा को दुबौला तैनात भी कर दिया है।

मामला कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुबौला चौकी से जुड़ा है। दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर दुबौला चौकी के अंदर फॉलोवर द्वारा पुलिस के नाम पर रिश्वत में 10 हजार लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हालांकि वीडियो महीनों पुराना बताया जा रहा है। उस फॉलोअर की मौत भी हो चुकी है। वीडियो में फॉलोअर पुलिसवालों से बात करते हुए 10 हजार रूपये मिलने का जिक्र कर रहा है। मामला सुर्खियों में आने के बाद एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी ने रिश्वतखोरी की जांच कलवारी प्रमोद कुमार राय को सौंपी थी। सीओ उक्त मामले में जांच करने शुक्रवार की दोपहर कप्तानगंज आए थे। चौकी इंचार्ज दुबौला सहित सिपाही का बयान दर्ज किया था। सीओ कलवारी की रिपोर्ट पर देर शाम एसपी ने चौकी इंचार्ज दुबौला सभाजीत मिश्रा और सिपाही सुहैल को लाइन हाजिर करते हुए हरैया थाने पर तैनात एसआई राकेश मिश्रा को दुबौला चौकी इंचार्ज बनाया है। सीओ कलवारी प्रमोद कुमार राय ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी।

# जांच के दौरान प्रतिष्ठानों पर काम करते मिले चार बच्चे

जासं, बस्ती: राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट) के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक, श्रम प्रवर्तन विनय दूबे व नागेंद्र त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने कुछ रेस्टोरेंट, ढाबा व सर्विस सेंटरों की जांच की। मानव तस्करी, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृति की रोकथाम के लिए की गई चेकिंग के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के चार बच्चे काम करते मिले। उन्हें मुक्त कराकर उनके स्वजन को सौंप दिया गया। इनमें से एक बच्चा निवासी काशीराम आवासीय कालोनी बस्ती को न्यायपीठ बाल संरक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाद में उसकी मां को सौंप दिया गया। एएचटीयू के प्रभारी ने संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को चेतावनी दी। एएचटीयू की टीम में मुख्य आरक्षी हनुमान यादव, आरक्षी ओमप्रकाश व महिला आरक्षी पूजा यादव भी शामिल रहीं।

# अमरमणि त्रिपाठी की एक और संपत्ति कुर्क

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** अपहरण के 22 साल पुराने मामले में आरोपित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की अब तक दो संपत्तियां कुर्क कर ली गई हैं। छह जून को लखनऊ स्थित उनकी भूमि कुर्क हुई। वहीं, पिछले माह ही महराजगंज के नौतनवा स्थित आवास को पुलिस ने कुर्क किया था। अब गोरखपुर में पूर्व मंत्री की संपत्तियों की तलाश हो रही है। इसके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम के अधिकारी व उपजिलाधिकारी गोरखपुर से पत्राचार किया जा रहा है। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद गिरि के सम्मुख कोतवाली पुलिस ने यह रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने मामले में अगली तारीख 21 जून तय की है।



अमरमणि त्रिपाठी ● जागरण आर्काइव

22 वर्ष पुराने इस मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि आरोपित हैं। उनके लगातार गैरहाजिर होने को लेकर कोर्ट ने कुर्की का आदेश दिया था। इस मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब एक गुमनाम व्यक्ति ने न्यायालय को पत्र भेजा। इसमें गोरखपुर पुलिस पर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप लगाया। उसने गोरखपुर में अमरमणि की संपत्ति होने का दावा किया। अदालत ने पत्र का संज्ञान लेते हुए उनकी संपत्ति ढूंढने के लिए 15 मई तक का समय दिया। पुलिस ने चुनाव को देखते हुए और समय की मांग की। न्यायाधीश ने 30 मई की तारीख तय की। 30 मई के बाद सात जून की तारीख लगाई गई। कोतवाली पुलिस की सात जून की रिपोर्ट के अनुसार अमरमणि के नौतनवा स्थित मकान को 13 अप्रैल, 2024 को ही कुर्क कर लिया गया था। लखनऊ स्थित उनकी भूमि की कुर्की छह जून को की गई है। कोतवाली पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार अकेले लखनऊ की संपत्ति 1.18 करोड़ रुपये की है। रिपोर्ट में गुमनाम पत्र के आलोक में गोरखपुर की संपत्ति का पता लगाने के लिए पत्राचार किए जाने का उल्लेख किया गया है।

- **छह जून को लखनऊ में हुई कार्रवाई, नौतनवा स्थित आवास पहले ही हो चुका है कुर्क**
- **गोरखपुर जनपद में भी तलाशी जा रही हैं पूर्व मंत्री की संपत्तियां**

## यह है मामला

छह दिसंबर, 2001 को कोतवाली बस्ती क्षेत्र के रोडवेज तिराहा निवासी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। पुलिस ने राहुल को तत्कालीन मंत्री अमरमणि के लखनऊ स्थित आवास से बरामद किया था। इस अपहरण कांड के नौ आरोपितों में से अमरमणि त्रिपाठी, नैनीष शर्मा, शिवम और रामयज्ञ न्यायालय में हाजिर नहीं हुए। अपहरण कांड की पत्रावली 11 फरवरी, 2003 से हाजिरी में चल रही है।

# जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

जासं, भानपुर : सोनहा पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपित को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित की लगभग एक माह से तलाश कर रही थी। थाना क्षेत्र के पड़री गांव में 11 मई को खेत में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। धारदार हथियार से प्राणघातक हमले में एक पक्ष के अंबरीश पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस ने गांव के ही पंडित, शिव कुमार, अंकित, विजय प्रताप, आशुतोष एवं सत्यम के विरुद्ध मारपीट एवं प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया था। इस बीच आरोपित द्वारा पीड़ित पर मुकदमा वापस लिए जाने का विरोध किया जा रहा था। आरोपित को प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र, उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार शुक्ल, आरक्षी ने सोनहा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# उलाहना देने पर मारा पीटा, आठ के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्तीः कलवारी थाने के गजया गांव निवासी मजीदुन्निशा पत्नी रशीद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पांच जून को विपक्षी अजीज ने उनकी बेटी शालू को अपशब्द कहा। उनके द्वारा उलाहना देने पर उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा गया। बीच बचाव करने आए शालू, दिलशेर, फिरोज को भी मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अजीज, मेंहदी हसन, कल्लू व ताहिर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

वहीं मुंडेरवा थाना क्षेत्र के पकड़ी धौरहरा गांव के रहने वाले मेहताब ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बहन शाबिया पांच जून की शाम को खेत के तरफ जरुरी काम से जा रही थी।

इसी बीच रास्ते में उनके गांव के नईम ने उसे अपशब्द कहा। उनकी बहन ने घर आकर अपशब्द कहने की बात बताई तो उन्होंने आरोपित के पास जाकर इसके बारे में पूछा तो वह वहां भाग गया। छह जून की सुबह लगभग पांच बजे के करीब आरोपित व उसके परिवार वाले उनके घर आकर अपशब्द कहने लगे।

# टक्कर मारने वाली कार के चालक पर केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने बाइक में टक्कर मारने के आरोपी कार के चालक पर केस दर्ज किया है। कटरा डमरुआ निवासी नवीन कुमार श्रीवास्तव ने तहरीर दी कि 18 अप्रैल को वह बाइक से रोडवेज जा रहे थे।

डमरूआ मोड़ पर कार के चालक नाम-पता अज्ञात ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दिया। इससे उनके दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। संवाद

# टोल प्लाजा में टक्कर मारने वाले चालक पर केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने चौकड़ी टोल प्लाजा बूथ में टक्कर मारने वाले वाहन के चालक पर केस दर्ज किया है।

टोल मैनेजर संदीप सिंह ने तहरीर ददी कि नगर निगम गोरखपुर लिखे वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए वाहन को टोल प्लाजा गेट नंबर सात में घुसकर टोल बूथ तोड़ते हुए अंदर आया और भाग गया। इससे टोल बूथ में बैठे कर्मचारी को चोट आ गई। बूथ में मौजूद सामान लैपटॉप, मानीटर, कांच इत्यादि क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने चालक फैज खान निवासी मोहान थाना हसनगंज जनपद उन्नाव पर केस दर्ज किया है। संवाद

# घर से जेवर व नकदी चोरी के मामले में मुकदमा

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के मड़वानगर मोहल्ले में एक जून को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला निवासी प्रदीप कुमार चौधरी ने पुलिस कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक जून को दिन में ही उनके मकान से उनकी पत्नी प्रियंका वर्मा का सोने हार, कंगन, मांग टीका, पायल, अंगूठी व पांच हजार रुपये चोरी हो गया। उन्होंने मामले में मकान के बगल गुमटी में संचालित दुकान के दुकानदार पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मड़वानगर चौकी प्रभारी जयविन्द यादव ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# प्रशासन ने तहसील गेट से हटवाए दुकानें

जासं, हरैंयाः हरैंया तहसील गेट के पूरब बगल संचालित एक जलपान की दुकान को शुक्रवार को दोपहर तीन बजे तहसील प्रशासन ने अचानक जेसीबी से तोड़वा दिया। यहां दुकानदार द्वारा रखा लोहे गुमटी व टीन शेड तथा दुकान में रखा सामान नुकसान हो गया। पीड़ित दुकानदार हरैंया थाना क्षेत्र के ग्राम कसैला के रहने वाले विक्रम शुक्ल ने तहसील प्रशासन पर बिना किसी नोटिस व सूचना के जबरन दुकान तोड़ने का आरोप लगाया है। तहसील के बगल संचालित अन्य दुकानों पर कार्यवाही न कर सिर्फ एक दुकान तोड़े जाने पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की बात कही है। इस संबंध में हरैंया एसडीएम विनोद कुमार पांडे ने बताया कि तहसील की भूमि पर दुकान संचालित हो रही थी। जिसको हटाने के लिए कई बार नोटिस दिया गया था लेकिन दुकान को नहीं हटवाया। जिससे यह कार्यवाही किया गया है।

तहसील गेट के बगल दुकानों पर तहसील प्रशासन मेहरवानः हरैंया तहसील गेट के बगल एक दुकान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और अन्य दुकानों को छूट देना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। तहसील गेट के पश्चिम बगल कई अन्य दुकानें अभी भी धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। तहसील प्रशासन द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



हरैंया तहसील गेट के पास की दुकान का बिखरा सामान • जागरण



जेसीबी से तोड़ी गई दुकान • जागरण

## ग्राम प्रधान सहित चार पर केस

बस्ती। सोनहा पुलिस ने मोबाइल फोन का सिम पोर्ट कराने के मामले को लेकर मारपीट में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। मुरादपुर निवासी सितेश ने तहरीर देकर बताया कि कनेथू चौराहे पर सिम पोर्ट कराने व पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर कनेथू निवासी अतुल, जितेंद्र, दुर्गेश व कनेथू के ग्राम प्रधान ने मारापीटा की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

## ठंडा पानी मांगने पर मारपीट

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के अजगवां जंगल गांव में फ्रिज का ठंडा पानी मांगने पर मारपीट हो गई। पंडित पुरवा निवासी दीपक निषाद ने तहरीर दी कि बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे फ्रिज का पानी पीने के लिए मांगने पर गांव के गुड्डू निषाद ने अपशब्द कहते हुए मारापीटा। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

## मारपीट के मामले में चार लोगों पर केस

छावनी। कलानी कला गांव निवासी जटाशंकर की तहरीर पर पुलिस ने रामजीत निवासी औरंगाबाद, आदित्य वर्मा, अंकित वर्मा निवासी देवकली रानी व अजय सिंह निवासी धिरौली बाबू पर मारपीट का केस पंजीकृत किया है। वादी का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने केनौना चौराहे पर पिटाई की और जानमाल की धमकी दी। संवाद

## चोरी के मामले में केस दर्ज

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने एक जून को मड़वानगर में हुई चोरी के संबंध में केस दर्ज किया है। मड़वानगर निवासी प्रदीप कुमार चौधरी ने तहरीर दी कि एक जून की रात उनके घर चोरी हो गई थी। संवाद

## शांति भंग की आशंका में पांच पर कार्रवाई

बनकटी। लालगंज पुलिस ने मेहनौना गांव निवासी नागेंद्र बहादुर पाल, राजधारी पाल, भाल चंद यादव, रंजीत कुमार , हरीश यादव सहित पांच लोगों पर शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई की है। संवाद

# अपशब्द कहने पर मारपीट, चार नामजद

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के पकड़ी धौरहरा गांव में अपशब्द कहने पर मारपीट हो गई। पुलिस ने मेहताब की तहरीर पर नईम, कलीम, नदीम और कलान पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि बृहस्पतिवार की सुबह पांच बजे उसकी बहन खेत की तरफ जा रही थी। गांव के निवासी नईम उसे गाली देने लगे। उसने घर पर बताया तो मेहताब पूछने लगा तो वह भाग गया। सुबह लगभग पांच बजे पिता व भाइयों के साथ घर आकर अपशब्द कहने लगा। संवाद

# तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने कौड़ीकोल पंचायत भवन के पास बृहस्पतिवार देर शाम एक युवक को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। एसआई रमाकांत यादव ने बताया कि छावनी क्षेत्र के धिरौली बाबू निवासी अशोक कुमार को 315 बोर तमंचा-कारतूस व 270 रुपये नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। संवाद

# अश्लील हरकत करने पर केस दर्ज

**बस्ती।** शहर के एक मोहल्ले में युवती के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने तहरीर दी कि उसके गांव के आरोपी ने उसकी बेटी का 16 मई को हाथ पकड़ लिया था। आरोप है कि जोर जबरदस्ती करने पर बेटी ने शोर मचाया एक महिला आ गई। बेटी को बदचलन कहते हुए पिटाई की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। संवाद

# दुकानदार मांगता रहा मोहलत, अधिकारी करते रहे कार्रवाई

## तहसील गेट पर स्थित जलपान की दुकान को प्रशासन ने बुलडोजर से ढहाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** तहसील के सामने चहारदीवारी से सटाकर रखी गई चाय की दुकान को शुक्रवार को हटवा दिया गया। एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार दोपहर प्रशासनिक टीम बुलडोजर लेकर पहुंची और दुकान को तोड़कर जमींदोर कर दिया।

दुकान संचालक अधिकारियों से मोहलत मांगने लगा, लेकिन अधिकारियों ने मना कर दिया। तहसील क्षेत्र के कसैला गांव निवासी विक्रमा शुक्ल तहसील गेट के पूरब खाली जमीन पर कई सालों से एक लोहे की गुमटी रखकर जलपान की दुकान चलाते थे। यह दुकान फरियादियों के जलपान की एक मात्र दुकान थी।

शुक्रवार को दिन में तीन बजे तहसील प्रशासन अचानक बुलडोजर लेकर पहुंचा तो सभी आवक रह गए। दुकान संचालक को बिना समय दिए ही दुकान तोड़ने लगे। इससे उसमें रखा सामान खराब हो गया।

दुकान संचालक विक्रमा शुक्ल ने बताया कि बिना किसी सूचना के अचानक दुकान तोड़ दिया। यदि एसडीएम कहते तो हम खुद ही दुकान हटा लेते। एसडीएम विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहसील की जमीन पर अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही थी। कई बार नोटिस दिया गया, लेकिन वह दुकान हटाने को तैयार नहीं हुए। ऐसे में उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई गई।



दुकान का बिखरा सामान। संवाद

# श्रम उन्मूलन टीम ने चार बच्चों को कराया मुक्त

**बस्ती।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से जनपद स्तर पर चलाए जा रहे अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन रेस्क्यू अभियान के तहत शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक मय हमराह व श्रम अधिकारी विनय दूबे व नागेंद्र त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने जांच की।

मानव तस्करी, बाल श्रम / बंधुआ मजदूरी, बाल भिक्षावृति, बाल विवाह की रोकथाम के लिए रेस्टोरेंट, ढाबा व सर्विस सेंटर आदि संदिग्ध स्थानों पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इसमें 18 वर्ष से कम उम्र के 04 बच्चे काम करते मिले। उनका रेस्क्यू करते हुए उनके परिजनों के सुपुर्द कराया गया। उनमें से एक बच्चे को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

सीडब्ल्यूसी के आदेश पर उसकी मां को सुपुर्द किया गया। आम जनमानस को जागरूक भी किया गया। संवाद

# मछली मंडी में मारपीट में चार लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

कलवारी। पांऊ बाजार में 26 मई को हुए मारपीट में पुलिस ने एसपी के आदेश पर चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में राघवेंद्र निवासी पांऊ थाना कलवारी ने लिखा है कि 26 मई की रात करीब 9:00 बजे वह अपने खेत से सांड़ भगाकर घर आ रहे थे। पांऊ मछली मंडी के पास पुरानी रंजिश को लेकर राहुल शर्मा, अभय शुक्ला, वेंकटेश्वर प्रसाद गुप्ता तथा सूरज शर्मा उसके बाइक के सामने अपनी बाइक लाकर खड़ा कर दिए और गाली-देते हुए लात, मुक्का तथा डंडे से मारापीटा।

## पुलिस बोली- मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है

जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह से जान बचाकर उन लोगों के डर से रिश्तेदारी में चला गया था। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर चार लोगों पर केस दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विनोद बरनवाल को सौंपी गई है।

# पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की लखनऊ की संपत्ति कुर्क

बस्ती। पुलिस ने राहुल मद्धेशिया अपहरण मामले में फरार आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के लखनऊ स्थित 1.18 करोड़ रुपये के भूखंड को कुर्क कर सरकारी ताला लगा दिया। गोमतीनगर के विक्रांत खंड में यह भूखंड है।



**राहुल मद्धेशिया अपहरण केस में फरार पूर्व मंत्री पर कस रहा शिकंजा**

एमपी-एमएलए फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के जज प्रमोद कुमार गिरि की अदालत में पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी की संपत्ति का पता लगाने के लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त, एसडीएम सदर को पत्र लिखा गया है। अदालत ने 15 दिन की मोहलत देते हुए पुलिस को 21 जून से पहले गोरखपुर की संपत्ति के कुर्की दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट में पेश कोतवाल विजय कुमार दुबे की रिपोर्ट में बताया गया कि 13 अप्रैल को महराजगंज जिले के नौतनवा के मकान को कुर्क किया जा चुका है। छह जून को लखनऊ के गोमतीनगर में स्थित 450 वर्ग मीटर की कुल 1.18 करोड़ रुपये मूल्य का भूखंड कुर्क किया गया। इस तरह अब तक जितनी भी संपत्ति ज्ञात हुई, उन्हें कुर्क किया जा चुका है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

**बीएड प्रवेश परीक्षा**

# सकुशल संपन्न कराने को बैठक

**सिद्धार्थ नगर।** बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा नकलविहीन व सकुशल संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने बीएड प्रवेश परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि

## 9 जून को दो पालियों में होगा बीएड प्रवेश परीक्षा

बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा दिनांक 09 जून 2024 को क्रमशः दो पालियो में जनपद के 02 केन्द्रों बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज नौगढ़ में 350 छात्रों एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में 316 छात्रों की परीक्षा सम्पन्न कराया जायेगा। परीक्षा से सम्बंधित प्रश्न पत्रों को सुरक्षित कोषागार के डबल लाक में रखा जायेगा, परीक्षा तिथि को समयानुसार निकाला जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की संयुक्त देख-रेख में प्रश्नपत्रोंध्ओएमआर पत्रक तथा जांच पत्र को कोषागार के डबल लाक में रखा जायेगा। बी0एड0 पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु सचल दल प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं सचल दल के सदस्यों की ड्यूटी लगायी गयी है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक की भी ड्यूटी लगा दी गयी है।

केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज नौगढ़ में गिरजेश चन्द मिश्र एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में डा. धर्मेन्द्र सिंह की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 02 बजे से 05 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था एवं शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था रहे। पुलिस विभाग द्वारा शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात किये गये हैं। परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर के दायरे में फोटोकापी आदि की दुकानें बंद रहेंगी तथा परीक्षा केंद्र के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति न घूमने पाये। परीक्षार्थियों को गहन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाये कोई परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल अथवा इलेक्ट्रानिक गैजेट अन्दर न ले जाने पाये।

समस्त केन्द्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर लें। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने में जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारियां दी गयी हैं।समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करें। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी बीएड परीक्षा ड अरविन्द कुमार, प्रो0 अभय श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते अपर जिलाधिकारी उमाशंकर।

# खुलने लगी गोलमाल की परतें, संदेह के घेरे में कई चेहरे

**फालोअप**

- ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हुई ठगी
- प्रथमदृष्टया सामने आई है ठगी की शिकार 16 महिलाएं

> इस प्रकरण में ग्रामीण महिलाएं आई थी। मामले की विवेचना कर रहे एसआइ को निर्देशित किया है कि पूरी पारदर्शिता के साथ जांच करें। जिसकी भी इस मामले में संलिप्तता मिलती है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।
>
> प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया, जब जांच शुरू हुई तो इसकी परत दर परत खुलने लगी है। गिरोह से जुड़े लोगों में कई ऐसे चेहरे सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर हर कोई हैरत में है। इस मामले में बैंक के जिम्मेदारों का भी नाम चर्चा में आने के साथ उनकी भूमिका संदिग्ध मिलने लगी है।

सदर थाना की पुलिस एक ऐसे गिरोह की खोज में है, जो गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का झांसा देकर ठगी कर रहा है। प्रथमदृष्टया 16 ऐसी ग्रामीण महिलाएं सामने आई हैं, जिनके नाम पर सहायता समूह गठित करके उनकी बिना जानकारी के माइक्रो फाइनेंस कंपनी से लोन हो गया। लोन का पैसा भी पीड़ित को नहीं मिला और उसे निकाल लिया गया। पुलिस ने सभी को नोटिस भेजकर प्रकरण से संबंधित जानकारी मांगी है।

सदर थाना पुलिस ग्रामीण महिलाओं के नाम पर लोन निकालने के मामले की जांच कर रही है। स्वयं सहायता समूह के नाम पर ग्रामीण महिलाओं के साथ धोखाधड़ी होने की शिकायत मिलने पर जांच हो रही है। महिला के नाम पर पहले राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोला गया। इसके माइक्रो फाइनेंस से पीड़ित के नाम पर ऋण भी निकाल लिया। हालात यह है कि एक पीड़ित ग्रामीण महिला के नाम पर पांच से 11 माइक्रो फाइनेंस कंपनी ने लोन कर दिया है।

इस धोखाधड़ी करने में आरोपितों ने संगठित होकर अपराध को अंजाम दिया है। पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी से पूछा है कि किस आधार पर स्वयं सहायता समूह का ऋण स्वीकृत किया। जबकि एक नाम पर पहले ऋण हो जाता है तो दूसरी कंपनी पूरी तरह से पड़ताल करने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई करती है। ऋण लेने वाले की बाजार और बैंक में साख की जांच भी होती है।

पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी से मांगा जमानतदार की जानकारी: मामले की जांच कर रहे पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी अनूप मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने माइक्रो फाइनेंस कंपनी से खाता खोलते समय जमा सभी प्रपत्रों को उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

जमानतदारों के नाम की भी सूची मांगी है। सूची मिलने के बाद जमानतदारों का मिलान किया जाएगा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन पर केस

## इटवा का मामला

- कटेला थाने के बड़इया में तीन जून को महिला ने की थी खुदकुशी
- मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के बड़इया टोला में तीन जून को महिला की ओर से फंदा लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पति, सास, ससुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतका के पिता की तहरीर पर की है।

थानाध्यक्ष कठेला समय माता संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बरैनिया गांव निवासी हरीराम चौहान की पुत्री विमला(32) की 12 वर्ष पूर्व कठेला थाना क्षेत्र के औरहवा गांव के टोला बड़इया निवासी ओम प्रकाश के साथ शादी हुई थी। तीन जून को ससुराल में विमला ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर शुक्रवार को पति ओम प्रकाश, ससुर मोहरलाल व सास के खिलाफ धारा 498 ए व 306 के तहत केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# नकलविहीन परीक्षा के लिए बरतें सतर्कता

**बीएड प्रवेश परीक्षा**



बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को एडीएम उमाशंकर ने कलक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक की।

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें एडीएम उमाशंकर ने संबंधित अधिकारियों को सतर्कता के साथ परीक्षा कराने के लिए जारी गाइड लाइन का पालन करने का निर्देश दिया।

एडीएम ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा नौ जून को दो पालियों में होगी। जिले के दो केंद्रों बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज नौगढ़ में 350 छात्रों व शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में 316 छात्रों की परीक्षा होगी। परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों को सुरक्षित कोषागार के डबल लाक में रखा जाएगा। परीक्षा तिथि को समयानुसार निकाला जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से नामित नोडल अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान की देखरेख में प्रश्नपत्रों, ओएमआर पत्रक व जांच पत्र को कोषागार के डबल लाक में रखा जाएगा। सचल दल प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय को बनाया गया है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक की भी ड्यूटी लगा दी गई है। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज नौगढ़ में गिरिजेश चंद्र मिश्र एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में डॉ. धर्मेन्द्र सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से 12 बजे तक व द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

एएसपी सिद्धार्थ ने बताया कि परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में फोटोकापी आदि की दुकानें बंद रहेंगी। आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति न घूमने पाए। एडीएम ने कहा कि गहन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाए। कोई परीक्षार्थी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक गैजेट अंदर न ले जाने पाए। समस्त केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर लें।

# चीन के जासूस प्रकरण की विवेचना कर रही एटीएस



यूफेनाचो की फाइल फोटो

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : भारत-नेपाल सीमा के लीलाडिहवा बार्डर पर बीते नौ मई को पकड़ा गया चीन के जासूस प्रकरण की विवेचना अब एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) कर रही है। सप्ताह भर पहले सिद्धार्थनगर पुलिस ने इसकी विवेचना एटीएस को ट्रांसफर कर दी है। एटीएस विवेचना में इसकी जांच कर रही है कि चीन के जासूस यूफेनाचो का भारत आने का उद्देश्य क्या था। वह पहले भी यहां क्यों आता रहा है, टीम जानकारी एकत्रित कर रही है।

मोहाना थाना क्षेत्र के लीलाडिहवा बार्डर पर पकड़ा गया यूफेनाचो चीन के सिचेई, जिंगिंग काउंटी जियांगशू का रहने वाला है। पुलिस को उसके मोबाइल से कई चौंकाने वाले राज मिले थे। उसके आधार पर पुलिस उसे चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का सदस्य मान रही थी। उसकी कद काठी सेना के जवानों जैसी है। उनके मोबाइल में पुलिस को एक फोटो मिली थी, उसमें वह पीएलए की वर्दी पहना हुआ है। उसके मोबाइल के डाक्यूमेंट सिंक हो रहा था। वह अपने मोबाइल में जो भी फोटो व अन्य डाक्यूमेंट रख रहा था, वह तत्काल वह कहीं और शो हो रहा था। एटीएस ने इस प्रकरण में गंभीरता के साथ अपनी जांच भी शुरू कर दी है। इस प्रकरण में पुलिस अनभिज्ञता जता रही है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकरण में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# दो केंद्रों पर कल होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

## प्रवेश परीक्षा को लेकर हुई तैयारी बैठक, नकलविहीन परीक्षा के लिए दी गई जिम्मेदारी



बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर तैयारी बैठक करते अपर जिलाधिकारी उमाशंकर व अन्य अधिकारी● जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। नौ जून को होने वाली परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दो पालियों में होने वाली परीक्षा के दौरान परीक्षा की शुचिता को लेकर सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुन्देलखंड विश्वविद्यालय, झांसी की ओर से नौ जून को आयोजित किया जा रहा है। दो परीक्षा केंद्रों बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज नौगढ़ में 350 छात्रों एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में 316 छात्रों की परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा से सम्बंधित प्रश्नपत्रों को सुरक्षित कोषागार के डबल लाक में रखा जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की संयुक्त देख-रेख में प्रश्नपत्रों ओएमआर पत्रक तथा जांच पत्र को कोषागार के डबल लाक में रखा जायेगा। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए सचल दल प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पांडेय एवं सचल दल के सदस्यों की ड्यूटी लगायी गयी है।

बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पांडेय, नोडल अधिकारी बीएड परीक्षा डा अरविन्द कुमार, प्रो. अभय श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**दो पालियों में होगी परीक्षा:** बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया जाएगा। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे से 12: 00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो से पांच बजे से शाम पांच बजे के बीच होगी। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था एवं शौचालय की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

परीक्षा केंद्र पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था रहे। पुलिस विभाग द्वारा शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात किये गये हैं।

परीक्षा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में फोटो कापी आदि की दुकानें बंद रहेंगी तथा परीक्षा केंद्र के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति न घूमने पायेगा।

# एसपी की जनसुनवाई में आए 16 मामले, कार्रवाई के निर्देश

सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय में जनसुनवाई की। कुल 16 प्रकरण प्रस्तुत हुए। इसमें दो मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। मारपीट व अन्य प्रकरण से संबंधित सात-सात मामले पहुंचे। एसपी ने संबंधित थानाध्यक्ष को मामलों की जांच कर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। एएसपी सिद्धार्थ भी मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती की राह देखने वाले युवाओं की बढ़ी उम्मीद, जल्द होगी परीक्षा

## पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने से निराश थे तैयारी करने वाले अभ्यर्थी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे अभ्यर्थियों की उम्मीद अब सरकार से बढ़ गई है। पेपर लीक के बाद निरस्त हुई परीक्षा फिर से होने की उम्मीद को लेकर युवा पूरी शिद्दत से तैयारी में जुट गए हैं। सीएम योगी की ओर से जल्द नौकरी के लिए वैकेंसी निकालने के बयान के बाद युवाओं का उत्साह बढ़ गया है। उनका कहना है कि अब परीक्षा हो जाएगी।

पुलिस में कांस्टेबल पद पर बीते 17 व 18 फरवरी को 22 केंद्रों पर 50 हजार से अधिक बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया था। लेकिन पेपर लीक होने के चलते परिणाम ही नहीं आया। इससे युवा निराश हो गए थे। परीक्षा के कुछ ही समय बाद लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई। इस वजह से परीक्षा नहीं हो पाई थी। लेकिन चुनाव संपन्न होने के साथ ही परीक्षा होने की उम्मीद बढ़ गई है।

इधर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जल्द ही सरकारी नौकरी में रिक्त पदों को भरने के लिए कहा है। इससे युवाओं की उम्मीद और बढ़ गई है।



पुलिस कांस्टेबल परीक्षा की तैयारी एक साल से कर रहे हैं। फरवरी में दी गई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन था। घर में प्रश्नपत्र की जांच की थी। अच्छे अंक आने के आसार थे। लेकिन परीक्षा रद्द हो गई। उसके बाद से परीक्षा का इंतजार कर रहे हैं।

**-विपिन शुक्ल, निवासी सेमरा बनकसिया**



पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा अच्छी रही थी। परीक्षा के बाद पूरा भरोसा था कि चयन हो जाएगा, लेकिन परीक्षा के रद्द होने से अरमानों में पानी फेर गया। दोबारा परीक्षा की तैयारी में लगे हैं। सरकार ने जल्दी ही परीक्षा की तारीख घोषित करने को कहा था। उसका ही इंतजार है।

**-हरीश यादव, निवासी हिजुरा**



सीमाई गांवों व बॉर्डर में एसएसबी ने पुलिस के साथ मार्च किया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# जिले के सभी थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार की कराई गई परेड

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के सभी थानों व पुलिस चौकियों पर शुक्रवार को परेड करायी गई। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। इस दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई और परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। एसपी श्री गुप्ता ने परेड के उपरांत पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण करके पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



पुलिस लाइन के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा किट देखते एसपी सत्यजीत गुप्ता। फोटो। एसएनबी

# भूमि विवाद में युवक पर हमला, असलहे के बल पर नकदी छीनने का आरोप

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी एक व्यक्ति के उपर जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे धनघटा थाना क्षेत्र के मुठहीं कला गांव के समीप कुछ मनबढ़ों ने हमला कर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति का आरोप है कि हमलावरों ने असलहे के बल पर उसकी मोबाइल और 20 हजार नकदी भी छीन लिया है। इतना ही नहीं पीड़ित व्यक्ति घटना के संबंध में धनघटा थाने हमलावरों के विरुद्ध प्रार्थनापत्र देने जा रहा था कि थाना गेट पर भी हमलावरों ने उसे घेर कर उसके उपर हमला कर दिया और दुबारा भी उसे मारा-पीटा।

घटना के दौरान धनघटा पुलिस मौके पर पहुंच गई और दर्जन भर हमलावरों को गिरफ्त में ले लिया और उनसे घटना के संबंध में पूछताछ करने में पुलिस जुट गई है। घटना के संबंध में धनघटा पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में महुली थाना क्षेत्र के छितहीं गांव निवासी उस्मान शेख पुत्र नबीरसूल ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे धनघटा थाना क्षेत्र के

**प्रार्थनापत्र देने धनघटा थाने जाने के दौरान थाना गेट पर भी हमलावरों ने व्यक्ति को घेरा**

मुठहीं कला गांव के समीप गांव निवासी विपक्षी अब्दुल समद व सलीम पुत्रगण वसीउल्लाह निवासी ग्राम मड़हाराजा थाना महुली तथा महुली थाना क्षेत्र के महादेवा गांव निवासी अब्दुल कलाम पुत्र अताउल्लाह, अब्दुल्लाहं पुत्र जमालू, जुनेद उर्फ जुम्मन पुत्र अज्ञात उसे घेर लिए और मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां और जान-माल की धमकियां देते हुए उसके उपर लात-घूसा और डंडे से हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल करने के बाद असलहे के बल पर उसकी मोबाइल और 20 हजार नकदी भी छीन कर फरार हो गए। घटना के बाद वह प्रार्थनापत्र देने के लिए धनघटा थाने पहुंचा ही था कि थाना गेट पर ही उक्त हमलावर असलहा,हांकी,डंडा आदि लेकर पहुंच गए और थाना गेट के समीप उसके उपर दुबारा हमला कर उसे मारा-पीटा।

प्रार्थनापत्र में पीड़ित व्यक्ति ने हमलावरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। धनघटा पुलिस का कहना है कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोप सत्य पाए जाने पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी बाकी थाना गेट पर विवाद के दौरान एक दर्जन हमलावरों को मौके पर पहुंचकर हिरासत में ले लिया गया है और उनसे घटना के बारे में पूछताछ करने के बाद सभी का शान्तिभंग की आशंका के मद्देनजर एसडीएम कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 151 के तहत चालान कर दिया गया है।

# महाराष्ट्र पुलिस ने भगाई गई युवती संतकबीरनगर से किया बरामद

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। महाराष्ट्र प्रांत के जनपद पुणे की रहने की रहने वाली एक युवती को महाराष्ट्र पुलिस ने संतकबीरनगर से बरामद किया है। बरामदगी के दौरान युवती लगभग 09 माह की गर्भवती बताई गई है। वहीं लड़की का उम्र निर्धारण न होने की भी बात सामने आ रही है। लड़की के गर्भावस्था में भी उसके पिता द्वारा अपनी पुत्री को अपनी सुपुर्दगी में लेने की बात सामने आई है।

**करीब 09 माह की गर्भवती बताई जा रही है युवती**

**महाराष्ट्र के पुणे से संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक गांव का प्रेमी भगा लाया था**

जनपद के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र का निवासी युवक पुणे में रोजगार के लिए गया था जहां उक्त युवती से उसका प्रेम संबंध हो गया और वह उक्त युवती को वहां से भगा लाया। इस मामले में युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त मुकदमे के विवेचक/उप निरीक्षक संतोष जाटव, महिला आरक्षी आरती खरडे तथा आरक्षी पतुरे बिट्ठल ने लड़की को संतकबीरनगर जिले के थाना धर्मसिंहवा क्षेत्र के एक गांव से बरामद किया है। उप निरीक्षक संतोष जाटव ने बताया कि बालिका नाबालिग है या नहीं यह स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद उसका उम्र निर्धारण होने पर पता चल सकेगा, लेकिन लड़की गर्भवती है। उन्होंने बताया कि मामले के संबंध में विवेचना की जा रही है जिसकी कार्रवाई अभी शेष है। लड़की के पिता ने बताया कि उनकी बेटी गर्भावस्था में है फिर भी वह अपनी पुत्री को अपनी सुपुर्दगी में लेना चाहता है।

# मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में बरहटा गांव की निवासिनी गुलाबी देवी ने कहा है कि बीते बुधवार को शाम करीब चार बजे घरेलू जमीन के विवाद को लेकर उनके ही परिवार के रहने वाले दिनेश व उनके भाई अविनाश पुत्रगण ओमकार उन्हें अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडा से मारने पीटने लगे। पीड़ित महिला ने फोन कर इसकी सूचना अपने मायके में दी तो उसके दो भाई प्रेमचन्द और सुड्डू आये।

पीड़िता का आरोप है कि उसके दोनों भाइयों के घर पर पहुंचते ही उपरोक्त दिनेश व उनके भाई अविनाश तथा गांव के ही रामआशीष और गोविन्द द्वारा उनके दोनों भाइयों को भी मारापीटा गया। पीड़िता का आरोप है कि वह और उसके दोनों भाई जान बचाकर भदांह स्थित अपने बुआ के लड़के राजू की बील्डिंग मटेरियल की दुकान पर पहुंचे। जहां पर उपरोक्त चारों लोग वहां भी पहुंच कर मारने पीटने लगे। आस पास के लोगों ने बीच बचाव किया तब उनकी जान बच सकी। कोतवाली खलीलाबाद के इंस्पेक्टर राम कृपाल सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।


रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड में दौड़ लगाते पुलिसकर्मी।

# एसपी ने पुलिस कर्मियों की लगवाई दौड़

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने रिजर्व पुलिस लाइंस मे परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल भी कराई।

# पुलिस ने जनसहयोग से चार कैमरे लगवाए

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसहयोग से चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। इंस्पेक्टर क्राइम रामेश्वर यादव ने अपील किया कि लोग अपने- अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके।

# 71 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की जांच की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 71 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा पुलिस ने 92,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# पुणे से भगाई गई नाबालिग बालिका जिले से बरामद

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। महाराष्ट्र पुलिस ने जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक गांव से पुणे शहर से भगाई गई एक नाबालिग लड़की को बरामद किया। वह मध्य प्रदेश के रींवा जिले के दुगमा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। महाराष्ट्र पुलिस उक्त नाबालिग बालिका के परिजनों के साथ जिला अस्पताल में बने वन स्टाप सेंटर पहुंची। वहां से उसे सीडब्ल्यूसी के सामने पेश किया गया। सीडब्लूसी ने चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान वह 36 सप्ताह की गर्भवती पाई गई। बहरहाल लड़की के उम्र का सत्यापन सीएमओ की देखरेख में किया जा रहा है। लड़की को भगाने वाला युवक फरार है।

मध्य प्रदेश जिले के रींवा जिले के दुगमा थाना क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति परिवार के साथ महाराष्ट्र के पुणे शहर में रहकर मजदूरी करता था। इसी बीच संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक भी वहां पर मजदूरी का कार्य करता था। इसी दौरान उक्त नाबालिग से उसकी नजदीकियां बढ़ गई। दोनों वहां से फरार होकर अपने गांव चले आए। बालिका के परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उन्हें उक्त बालिका नहीं मिली। जिस पर पुणे के बड़गांव थाना में मुकदमा अपराध संख्या 0609 वर्ष 2023 में धारा 363 भादवि के तहत पंजीकृत करवाया। स्थानीय पुलिस को किसी तरह से उक्त युवक के मोबाइल नंबर के आधार पर गुरुवार को महाराष्ट्र के पुणे से एसआई संतोष जाधव महिला दरोगा समेत छह पुलिस कर्मियों की टीम के साथ जिले में पहुंचे। टीम ने महाराष्ट्र के पूणे शहर से भगा कर लाई गई लड़की को धर्मसिंहवा क्षेत्र के एक गांव से बरामद किया।

> जिले का युवक महाराष्ट्र के पुणे शहर में काम करता था। लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर धर्मसिंहवां क्षेत्र के एक गांव में लाकर रखा था। लड़की के माता-पिता ने कुछ माह पूर्व लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महाराष्ट्र पुलिस की छह सदस्यीय टीम नें यहां से लड़की को बरामद कर लिया है। लड़की गर्भवती है।
>
> **संतोष जाधव**, एसआई, महाराष्ट्र पुलिस

# सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही पुलिस

संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टेमा चौराहे पर स्थित एक रेस्टोरेंट में बीते पांच जून को आग लगाने के मामले में सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही है। रेस्टोरेंट के मालिक ने पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

तहरीर में एकमा गांव निवासी शुभम राय पुत्र जनार्दन ने उल्लेख किया है कि उनका टेमा चौराहे पर एक रेस्टोरेंट है। इसकी देखभाल बस्ती जनपद के मुंडेरवा निवासी प्रशांत सिंह करते हैं। बीते पांच जून की रात करीब साढ़े आठ बजे टेमा निवासी पांच लोग उनके रेस्टोरेंट के बगल में स्थित उनकी झोपड़ी में आग लगा दी।

उनके रेस्टोरेंट में बने फाइबर के शौचालय में भी आग लगा दी। इससे झोपड़ी व शौचालय दोनों जल गए। इसके बाद इन लोगों ने प्रशांत को चाकू दिखाते हुए रेस्टोरेंट को बंद करने, ऐसा न करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए ये लोग भाग गये। इसकी सूचना कांटे पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने जांच की। कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करायी जा रही है। जल्द दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महाराष्ट्र के पूणे से गायब किशोरी धर्मसिंहवा में मिली

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : महाराष्ट्र के पूणे शहर से गायब हुई किशोरी को शुक्रवार को पूणे पुलिस ने जनपद के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक गांव से बरामद किया है। दरअसल कुछ माह पूर्व पूणे शहर से किशोरी अचानक गायब हो गई थी। जिसके बाद किशोरी के स्वजन ने पूणे जिले के वड़गांव थाना में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद से ही महाराष्ट्र पुलिस किशोरी की तलाश कर रही थी।

बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के दुगमा की रहने वाली किशोरी परिवार के साथ पुणे शहर में रहकर काम करती थी। संतकबीर नगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के अमरहा गांव का रहने वाला युवक भी काम करता था। कुछ माह पूर्व किशोरी अचानक गायब हो गई। इसी बीच युवक भी गायब हो गया। जिसके बाद किशोरी के स्वजन ने आरोपित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसको खोजते हुए महाराष्ट्र पुलिस की छह सदस्यीय टीम दारोगा संतोष जाधव के नेतृत्व में धर्मसिंहवा पहुंची थी। गांव से किशोरी को बरामद किया गया। वहीं उसको भगाकर लाने वाला युवक घर से फरार हो गया। जिसके बाद महाराष्ट्र पुलिस ने किशोरी को लेकर जिला अस्पताल में बने वन स्टाप सेंटर लायी। जहां से उसे सीडब्लूसी में पेश किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण के लिए किशोरी को जिला अस्पताल लाया गया। जांच के दौरान किशोरी नौ माह की गर्भवती मिली। किशोरी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# नदी में कूदने वाला युवक ससुराल में मिला

## कुआनो

- बुधवार की देर रात मुखलिसपुर स्थित पुल से कुआनो नदी में लगाई थी छलांग
- वह तैरते हुए नदी पार किया, इसके बाद देर रात पहुंच गया था ससुराल

जासं, महुली: बुधवार की देर रात मुखलिसपुर स्थित पुल से कुआनो नदी में छलांग लगाने वाले युवक को पुलिस ने गुरुवार को उसके सुरैना गांव स्थित ससुराल से बरामद किया। नाराज होकर ससुराल गई पत्नी भी दो बच्चों संग उसके साथ घर चली आयी। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि वह छलांग लगाने के बाद तैरते हुए नदी को पार कर लिया। इसके बाद वह देर रात ससुराल पहुंच गया था। बहरहाल चिंतित चल रहे परिवार के सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी।

ई-रिक्शा चलाकर परिवार के सदस्यों का भरण-पोषण करने वाले महुली थाना के चोलखरी गांव निवासी 26 वर्षीय भीमचंद पुत्र स्वर्गीय लखराज नशे के शौकीन थे। करीब दो माह पहले उसकी पत्नी शशिप्रभा अपने आठ वर्षीय बेटे विश्वास चंद व चार वर्षीय बेटे विशेष चंद के साथ धनघटा थाना के सुरैना गांव स्थित मायके में चली गयी। इससे पति दुखी होकर और नशा करने लगा। बुधवार की रात धनघटा में यात्रियों को छोड़कर अपने भांजे मोनू के साथ चोलखरी गांव स्थित अपने घर आ रहा था। रात के करीब दस बजे वह मुखलिसपुर स्थित पुल से कुआनो नदी में कूद गया।

यह देखकर अवाक हुआ भांजा ई-रिक्शा लेकर चोलखरी गांव में पहुंचा। इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को दी। सूचना पर पुलिस गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश में जुट गयी। गुरुवार को शाम तक खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिला। इसी बीच पुलिस सूचना पर उसके सुरैना गांव स्थित ससुराल में दबिश दी। वहां से उसे बरामद कर दिया। पुलिस के पूछने पर ई-रिक्शा चालक भीमचंद ने बताया कि वह कूदने के बाद तैरकर नदी से बाहर निकल गया था। इससे उसकी जान बच गयी।

इसके बाद वह अपने ससुराल पहुंच गया। पति के इस जोखिम भरे कदम से पत्नी अपने दोनों बच्चों संग वापस चोलखरी गांव चली आयी। थानाध्यक्ष महुली सतीश सिंह ने बताया कि दोषी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में वह ऐसी हरकत न कर सकें।

# तलाश रहे थे नदी में... युवक सो रहा था मौसी के घर

## ननिहाल गई पत्नी के घर लौटने से इन्कार पर युवक बुधवार की रात कूदा था कुआनो नदी में

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। मुखलिसपुर पुल से कुआनो नदी में बुधवार रात छलांग लगाने वाले युवक की तलाश में एक तरफ पुलिस और गोताखोर घंटों मशक्कत करते रहे, उधर युवक अपनी मौसी के घर चैन की नींद सो रहा था।

बताया जा रहा है कि नदी में कूदने के बाद वह तैर कर निकल गया और कुछ दूरी पर रहने वाली मौसी के घर चला गया। उसने परिवारवालों को भी इसकी जानकारी नहीं दी। घटना के करीब 24 घंटे बाद युवक के सही सलामत होने का पता चलने पर पुलिस उसकी मौसी के घर पहुंची और उससे पूछताछ के बाद घरवालों के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार, महुली थाना क्षेत्र के चोलखरी गांव निवासी भीमचंद्र (26) बुधवार को अपने भांजे अरुण कुमार (40) के साथ धनघटा क्षेत्र के सुरैना गांव में ससुराल गया था।

भीम की हरकतों से तंग आकर उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ मायके में ही रह रही थी। भीम जब ससुराल पहुंचा तो पता चला कि पत्नी शशिप्रभा (25) अपनी ननिहाल धनघटा के ही मधिया गांव गई है। इस पर भीम भांजे के साथ मधिया पहुंच गया।

वह पत्नी को साथ घर ले जाना चाहता था पर पत्नी ने इनकार कर दिया। इसको लेकर विवाद हुआ और बताया जा रहा है कि उसने पत्नी को तीन-चार थप्पड़ भी मार दिए। अरुण किसी तरह उसे समझा बुझाकर वहां से लेकर घर को चला। रास्ते में मुखलिसपुर पुल के पास रात करीब 10 बजे वे पहुंचे। भीम ने पुल पर ई-रिक्शा रोका और उतरकर अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी। रात में सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाश कराई लेकिन पता नहीं चला।

बृहस्पतिवार सुबह महुली और धनघटा पुलिस पहुंची और गोताखोरों की मदद से भीम की तलाश शुरू की। पांच-छह घंटे तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चला तो पुलिस ने तलाश बंद कर दी। इस दौरान अरुण के अलावा भीम के परिवार का कोई मौजूद नहीं था।

उधर, रात करीब नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि भीम घटनास्थल से करीब तीन-चार किमी दूर एक गांव में अपनी मौसी के घर पर मौज से सो रहा है। पुलिस उसके रिश्तेदार के घर पहुंची और डांटने के साथ ही दोबारा ऐसी हरकत न करने की सलाह देते हुए उसके घरवालों को सौंप दिया।



भीम चंद। संवाद

### पहले भी कर चुका है खुदकुशी की कोशिश

मुखलिसपुर पुलिस चौकी के सिपाही और चोलखरी गांव के लोगों का कहना है कि भीम घरवालों को डराने के लिए कभी फंदा लगाने तो कभी हाथ की नस काटने जैसा काम करता रहा है। इस बार वह नदी में कूदा और तैरकर मौसी के घर जाकर आराम से सो गया। गांववालों के अनुसार, भीम अक्सर परिवारवालों के साथ मारपीट करता रहता है। इस कारण परिवारवाले भी उससे तंग आ चुके हैं। उधर, युवक और परिवारवालों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। संवाद

# हादसे में मौत, वाहन चालक पर केस

**संतकबीरनगर।** थाना धनघटा पुलिस ने हादसे में हुए मौत के मामले में दुर्घटना करने वाले वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कृपालपुर गांव निवासी सीमा देवी ने तहरीर में में बताया कि तीन दिसंबर 2023 रात को उनके पति घर पर आ रहे थे। विकास इंटर कॉलेज के मोड़ पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। उपचार के लिए उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिंया। संवाद

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित मोनू कुमार और धनराज को भुजैनी चौराहा से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पांच जून को नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गए था। संवाद

## घरेलू विवाद में मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना क्षेत्र के बड़गो गांव में घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बड़गो गांव निवासी पीड़ित प्रिया देवी ने बताया कि पांच जून को रात 10:30 बजे घरेलू विवाद को लेकर पति सूरज उर्फ मटेलू, सास मीना और ससुर रमायन ने उनकी पिटाई की। पुलिस ने पति, सास और ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## चेन छीनने वाली महिला के खिलाफ केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने समय माता मंदिर पर मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला के गले से सोने की चेन छीनने वाली अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता बासमती देवी निवासी हांसडाड़ी थाना धनघटा ने तहरीर में बताया कि वह तीन जून को समय माता मंदिर पर आई थीं। दिन में मुंडन कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात महिला उनके गले से एक तोले की सोने की चेन खींचकर भाग निकली। संवाद

## शादी में खाना खाने गए व्यक्ति के साथ मारपीट

**संतकबीरनगर।** धनघटा थाना क्षेत्र के तामा गांव में शादी में खाना खाने गए व्यक्ति के साथ मारपीट हो गई। पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। तामा गांव निवासी संजीत कुमार ने तहरीर में बताया कि पांच जून को 12 बजे वह शादी में खाना खाने के लिए गए थे। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों पर केस

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी मनोज कुमार ने कोर्ट में बताया कि गांव के रमेश चंद एवं अन्य से पुरानी रंजिश को लेकर उनके सामने मारपीट हुई थी। मामले में कार्रवाई न होने पर कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया, जिसमे वह गवाह हैं। रंजिश को लेकर रमेश का लड़का रोहन प्रतिदिन खेत में जाकर सरसों का पौधा तोड़कर फेंकता था। 16 फरवरी को वह सुबह 07:30 बजे अपने खेत में बैठे हुए थे। इसी दौरान वह सरसों उखाड़कर फेंक रहा था। मना करने पर गाली देते हुए चला गया। कुछ देर बाद पिता और चाचा के साथ आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान सोने का चेन भी छीन ली। शोर सुनकर लोगों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने रमेशचंद्र, रोहन और शैलेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# पुणे से लापता लड़की धर्मसिंहवा में मिली

## महाराष्ट्र पुलिस ने बरामद किया, 36 सप्ताह की है गर्भवती

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** महाराष्ट्र के पुणे शहर से भगाई गई लड़की को महाराष्ट्र पुलिस ने जनपद के धर्मसिंहवा क्षेत्र के एक गांव से पकड़ा। जिला अस्पताल की जांच में लड़की 36 सप्ताह की गर्भवती मिली। लड़की के उम्र का सत्यापन सीएमओ की देखरेख में किया जा रहा है। इधर, लड़की को भगाने वाला युवक फरार है।

महाराष्ट्र से महिला दरोगा समेत छह पुलिस कर्मियों की टीम के साथ पहुंचे एसआई संतोष जाधव ने लड़की को धर्मसिंहवा क्षेत्र के एक गांव से पकड़ा। लड़की को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। सीएमओ डॉ. रामानुज कन्नौजिया की देखरेख में हुए चिकित्सकीय परीक्षण में लड़की 36 सप्ताह की गर्भवती मिली। पुलिस के मुताबिक देखने में लड़की नाबालिक लग रही है। चिकित्सीय सत्यापन के बाद ही सही उम्र का पता चल पाएगा। इधर, लड़की के माता पिता भी शहर में पहुंच चुके हैं। सीएमओ डॉ. रामानुज कन्नौजिया ने बताया प्रसव हो जाने तक लड़की को महाराष्ट्र ले जाने से मना किया गया है।

जिले का युवक महाराष्ट्र के पुणे में काम करता था। लड़की को प्रेमजाल में फंसा कर धर्मसिंहवां क्षेत्र के एक गांव में लाकर रखा था। लड़की के माता पिता ने छह माह पूर्व लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लड़की को खोज लिया गया है, वह गर्भवती है।

**-संतोष जाधव,** एसआई, महाराष्ट्र पुलिस

## युवक पर नाबालिग को भगाने का केस दर्ज

**धनघटा।** गोरखपुर जनपद से महुली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आई नाबालिग को शुक्रवार को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने युवक के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। गोरखपुर जनपद के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस तहरीर में बताया है कि उसकी नाबालिग बेटी कुछ दिन पूर्व महुली क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आई थी। गोरखपुर का ही एक युवक शुक्रवार भोर में उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इंस्पेक्टर सतीश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

## साक्ष्य के अभाव में आरोपी पति दोष मुक्त

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक रमेश दुबे की कोर्ट ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी बनाए गए पति मोहम्मद आरिफ को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। मृतका के भाई फकरुद्दीन ने तहरीर दिया कि उसकी बहन अमीरुनिशा की शादी 10 वर्ष पूर्व थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत कस्बा मगहर निवासी मोहम्मद आरिफ के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि बहन के पति का अवैध संबंध किसी के साथ चल रहा था। 31 मई 2020 रविवार को फोन से सूचना मिली कि बहन अमीरुनिशा की मौत हो गई है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

### खरगूपुर में घूसखोरी में तीन कर्मियों के दबोचे जाने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी निशाने पर

# घूस लेते धरे गए जेई व दो कर्मी, जेल भेजे गए

**कार्रवाई**

- तीनों कर्मचारियों को गोरखपुर की कोर्ट में पेश किया गया
- एंटी करप्शन की टीम ने नौ माह में तीन जेई को दबोचे

गोण्डा, संवाददाता। बिजली विभाग के तीन जेई समेत छह कर्मचारी बीते नौ माह में रंगेहाथ रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ चुके हैं। गुरुवार शाम एंटी करप्शन टीम ने खरगूपुर बिजलीघर के जेई और दो संविदाकर्मियों को रंगे हाथ घूस लेते दबोच लिया था। तीनों कर्मियों को आवश्यक लिखा-पढ़ी के बाद गोरखपुर की कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उधर, लगातार हुई ऐसी घटनाओं की वजह से विभाग की काफी छीछालेदार हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने एण्टी करप्शन टीम पर मनमानी करने के साथ उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।



गुरुवार देर शाम खरगूपुर में एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़े जेई और दो संविदा कर्मी।

गुरुवार देर शाम को खरगूपुर बिजलीघर पर तैनात जेई संतोष कुमार सिंह और दो संविदा कर्मियों को शिकायतकर्ता से 16 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी जेई ने बिजली चोरी का मुकदमा न दर्ज कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन थाने के इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई को जेई संतोष कुमार सिंह ने संविदा लाइनमैन धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी और सुनील कुमार वर्मा के साथ शिवगढ़ गोपालपुर में घर पर परचून की दुकान चलाने वाले रामदत्त को घरेलू कनेक्शन से बिजली का उपभोग करते पकड़ा था। बिजली चोरी की एफआईआर न दर्ज कराने के लिए उनसे 40 हजार रुपये मांगे गए थे। बातचीत में 20 हजार रुपये पर मामला तय हुआ था। खरगूपुर के इटहिया नवीजोत चौराहे पर जैसे ही तीनों घूस लेने पहुंचे, टीम ने उन्हें दबोच लिया। एंटी करप्शन थाने के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को गोरखपुर की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया है।

**मेहनौन और डुमरियाडीह में भी हुई थी कार्रवाई**

एंटी करप्शन टीम ने बीते 15 सितंबर को इटियाथोक कस्बे में एक दुकान पर बिजली कनेक्शन के लिए किसान से दस हजार रुपये की रिश्वत लेते मेहनौन के जेई संतोष कुमार मंडल को रंगे हाथ धर दबोचा था। वहीं, डुमरियाडीह विद्युत उपकेंद्र के जेई कपिलदेव वर्मा और एसएसओ रघुनंदन सिंह उर्फ विनायक सिंह को बीते 12 जनवरी को सात हजार रुपये की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद विभाग ने आरोपी कर्मियों का निलंबन कर दिया। बाद में विभाग में अवर अभियंताओं को लेकर बड़ी दिक्कतों को देखते हुए उनकी बहाली कर दी गई।

> घूस लेने के आरोपी जेई व कर्मियों के बावत अभी उन्हें कोई रिपोर्ट एंटी करप्शन से नहीं मिली है। उनकी व एक्सईएन की रिपोर्ट मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। आशीष कुमार सिन्हा, अधीक्षण अभियंता

# जालसाजी के मामले में छह पर केस दर्ज

तरबगंज। पीड़ित के दो मामा समेत चार गवाह के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के आदेश से तरबगंज थाने में जालसाजी, धोखाधड़ी, कूटरचना व चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज हो गया है।

गौरतलब है कि अजय पांडेय एवं अक्षय पांडेय निवासी जमथा तरबगंज की माता मालती देवी की मृत्यु 27 जनवरी 2024 को लखनऊ में हो गई थी। चार अप्रैल को मालती देवी के पुत्रों ने वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। अजय कुमार को छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि 12 अप्रैल को उनके मामा चंद्रिका प्रसाद पांडेय और मथुरा प्रसाद पांडेय निवासी परियावा ने बहन की भूमि हथियाने के लिए वरासत करवा लिया था। जिसके बाद भांजे अक्षय कुमार की तहरीर पर मामा चंद्रिका प्रसाद पांडेय और मथुरा प्रसाद पांडेय निवासी परियावा ,गवाह हौसला प्रसाद, अशोक कुमार तिवारी, विजय कुमार पांडेया निवासी परियावा, व श्रवण कुमार पांडेय गौहनिया के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

# हत्या में दो दोषियों को दस साल की सजा

- नगर कोतवाली के खैराखास में हुई थी घटना
- कोर्ट ने दोनों पर 15-15 हजार का जुर्माना ठोका

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर जिला जज पूजा सिंह ने दो हत्यारोपियों को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार सिंह के अनुसार थाना कोतवाली नगर खैराखास निवासी भवानी शंकर पुत्र मुन्ना उर्फ छोटे लाल तथा राजेश कुमार मिश्रा पुत्र शांती प्रसाद के विरुद्ध पूजा पत्नी कृष्ण देव ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक आरोपी भूमि विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे और विरोध करने पर लात मूका थप्पड़ से मारा-पीटा। शोर सुनकर उसके ससुर शिवप्रसाद व सास पुष्पा भी दौड़कर आयी। आरोपियों ने उन्हें भी मारा-पीटा। जिसमें वादिनी के ससुर को गंभीर चोटें आई उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपित अभियुक्त को हत्या करने का दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कैद की सजा सुनाई।

# दो जंगली सागौन काटे

मनकापुर : टिकरी रेंज के रामगढ़ बीट संख्या-चार में रात को दो मोटा जंगली सागौन काट लिया गया। वन रक्षक ने नीरज शुक्ल निवासी महेवानानकार, शिव सहाय सिंह निवासी बेनीपुर गोविंद निवासी कटहर बुटहनी व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। (संसू)

# चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर शिक्षक समेत चार के विरुद्ध मुकदमा

इटियाथोक : लोकसभा चुनाव में मतदान ड्यूटी से गैर हाजिर रहने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय रैगांव के सहायक अध्यापक पुष्पा जैसवार व धर्मेई प्राथमिक विद्यालय की शिक्षामित्र लक्ष्मी पांडेय, बहेरकुआं प्राथमिक विद्यालय के अजीत कुमार व सिसई बहलोलपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के अनुदेशक कमलेश कुमार वर्मा पर मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

## दहेज हत्या के आरोपित पति व ससुर को किया गिरफ्तार

वजीरगंज: कुड़निया गनेशपुर ग्रंट में विवाहिता विंदू देवी की मौत मामले में पुलिस ने आरोपित पति रामदीन यादव व ससुर पुजारी यादव को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक टिकरी के पास से गिरफ्तार किया है। नवाबगंज के परसापुर निवासी मृतका के भाई सचिन ने मुकदमा कराया था। (संसू)

## मामा समेत छह पर मुकदमा

तरबगंज : महिला की मौत के बाद उसकी संपत्ति को जालसाजी से वरासत कराने के मामले में मृतका के बेटे जमथा निवासी अक्षय कुमार पांडेय ने दो मामा समेत छह लोगों पर मुकदमा कराया है। परियावा के चंद्रिका प्रसाद पांडेय, मथुरा प्रसाद, हौसिला प्रसाद, अशोक तिवारी, विजय पांडेय व भानपुर के श्रवण कुमार पांडेय के विरुद्ध केस किया गया है। (संसू)

## नदी में डूबकर मौत

बेलसर : गोड़वा घाट गांव निवासी फारुक अहमद की टेढ़ी नदी में डूबने से मौत हो गई। वह शुक्रवार को भैंस चराने गए थे। वहीं नगर कोतवाली के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज में दौड़ते समय इटियाथोक के गोपालपुर बंदीमिश्र पुरवा के शिवम की मौत हो गई। (संसू)

# गैर इरादतन हत्या में दोषियों को दस साल की कैद

संसू, जागरण • गोंडा : गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने दो दोषियों को सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पूजा सिंह ने ग्राम खैराखास कोतवाली नगर निवासी भवानी शंकर व राजेश मिश्र को 10-10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषितों को 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। साथ ही अर्थदंड की अदायगी पर पचास फीसद राशि मृतक की पत्नी पुष्पा मिश्रा को देने का आदेश दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर के ग्राम खैराखास निवासी कृष्णदेव मिश्र व दोषितों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। 18 दिसंबर 2019 की सुबह करीब 11 बजे दोषितों ने कृष्णदेव के घर पर धावा बोल दिया था और मारपीट करने लगे। शोर गुल सुनकर दौड़ कर आए कृष्णदेव के माता-पिता पुष्पा मिश्रा व शिवप्रसाद मिश्र गंभीर चोटें आई थी। इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कालेज में 21 दिसंबर 2019 को शिवप्रसाद की मृत्यु हो गई थी।

# गैर इरादतन हत्या के दो दोषियों को 10 साल का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपशब्द कहकर मारपीट व गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी दो अभियुक्तों को 10 साल कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

**अदालत से**

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम खैराखास निवासी पुष्पा मिश्रा ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 18 दिसंबर 2019 को जमीनी विवाद के कारण उसके गांव के भावानी शंकर व राजेश मिश्रा उसे मारने पीटने लगे। शोर सुनकर उसके ससुर शिव प्रसाद मिश्रा व सास बचाने आए तो उन्हें भी लाठी डंडा से मारा। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस बीच 21 दिसंबर 2019 को मेडिकल कालेज लखनऊ में इलाज के दौरान घायल शिव प्रसाद की मौत हो गई। विवेचना में पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी भवानी शंकर व राजेश मिश्रा के खिलाफ न्यायालय में दाखिल किया।

ट्रायल के दौरान साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी भवानी शंकर व राजेश मिश्रा को दोषी करार दिया। शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पूजा सिंह ने अभियुक्त भवानी शंकर व राजेश मिश्रा को 10-10 साल का सश्रम कारावास व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# चार स्थानों पर मारपीट 15 लोगों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## परसपुर थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शुरु की कार्रवाई

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के चार स्थानों पर भूमि विवाद सहित अन्य विवाद को लेकर 11 लोगों की पिटाई कर दी गई। इन मामलों में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ग्राम पसका उपध्ययन पुरवा निवासी विरजू निषाद ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर बृहस्पतिवार दोपहर गांव के ही तीन लोग अभद्रता कर लाठी-डंडे से पिटाई की। बचाने आई पत्नी ज्ञाना व पुत्री रेशमा को भी पीटा। विरजू ने देवी निषाद, पुत्तन निषाद व जगजीवन निषाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसी प्रकरण में देवी प्रसाद निषाद ने भी बताया कि आरोपी ने उसे व उसके भाई पुत्तन निषाद के साथ अभद्रता कर पिटाई कर दी। देवी प्रसाद निषाद ने विरजू निषाद, मिथुन निषाद व रेशमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम धनईपुरवा धनौरा निवासी नजमा ने बताया कि सुबह उसकी बकरी गांव के कुछ लोगों के खेत में चली गई थी। इसी को लेकर उसकी पुत्री रेशमा से अभद्रता कर पिटाई कर दी।

नजमा की तहरीर पर अबरार उर्फ छोटू, दद्दू उर्फ आसिफ, मंगरू व तसलीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम दुबे पुरवा मरचौर निवासी ननके ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर दोपहर गांव के चार लोग अभद्रता कर पिटाई करने लगे। ननके की तहरीर पर राजू, सुघरा, नंदिनी व रामसुंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।

ग्राम नेवरा डेहरास निवासी संजय यादव ने बताया कि वह सुबह जानवर लेकर गए थे, वहां कुछ लोग अभद्रता कर लाठी-दंडा से मारने लगे। शोर करने पर बहन पूजा, मां राजवंती बचाने आई तो उनकी भी पिटाई करने लगे। संजय यादव की तहरीर पर इंद्रजीत व अनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# चाकू रखने के आरोपी पर लगाया जुर्माना

अदालत से

**बलरामपुर।** आर्म्स एक्ट के आरोपी को मुंसिफ उतरौला योगेश चौधरी ने जेल में बिताई अवधि के साथ 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालगंज जुमैदपुर निवासी मोहम्मद उमर पर पुलिस ने चाकू रखने का अभियोग पंजीकृत किया था। मुंसिफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान मुंसिफ ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि के साथ जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# नाबालिग से दुष्कर्म में आजीवन कारावास

**अदालत से**

बलरामपुर, संवाददाता। अपर जनपद न्यायाधीश ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 13 हजार रुपए अर्थदंड भी अदा करना होगा। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि आठ अक्टूबर 2017 को कोतवाली नगर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री छह अक्टूबर को स्कूल गई थी। वह स्कूल से घर वापस नहीं आई। उसने पुत्री को खोजने का अथक प्रयास किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने नाबालिग लड़की को अशोक कुमार सोनकर पुत्र राम नाथ निवासी ग्राम मुंगेसर थाना घोसी जनपद मऊ के पास से बरामद किया। साथ ही पीड़िता ने बयान दिया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर भगा लाया है और उसके साथ दुष्कर्म भी किया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं की बढ़ाकर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने अशोक कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# धोखाधड़ी करने वाला बैंक प्रबंधक उन्नाव से गिरफ्तार

## कार्रवाई

बलरामपुर, संवाददाता। नगर कोतवाली में बैंक धोखाधड़ी के मामले में आरोपित बैंक प्रबंधक को पुलिस ने उन्नाव से गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मनिकोट गांव के दिनेश कुमार मिश्र ने 10 मई 2023 को बैंक प्रबंधक के साथ चार अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था जिसमें पुलिस बैंक प्रबंधक की तलाश कर रही थी।

शहर के पंजाब नेशनल बैंक में फरवरी 2023 में तैनात बैंक प्रबंधक नितेश कुमार शुक्ल निवासी किदवई नगर कानपुर पर आरोप था कि उन्होंने कांती देवी के नाम से ऋण खाते में हेराफेरी की है। कांती देवी के बेटे दिनेश मिश्र ने इसकी शिकायत फरवरी में ही थाने में की। सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली, जहां से एफआईआर के आदेश हुए थे। मई 2023 में एफआईआर दर्ज करने के बाद नगर पुलिस ने जांच शुरू किया। नगर कोतवाल शैलेष सिंह का कहना है कि आरोपों की पुष्टि होने पर भी बैंक प्रबंधक जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। इसलिए थाने के उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व अजीत त्रिपाठी की टीम आरोपित बैंक प्रबंधक की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी। टीम ने पता किया जो जानकारी हुई कि आरोपित बैंक प्रबंधक वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक इंदेमऊ उन्नाव में कार्यरत है। टीम ने वहां जाकर आरोपित को गिरफ्तार किया।

---

# धोखाधड़ी मामले का आरोपित बैंक प्रबंधक उन्नाव से पकड़ा गया



नगर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपित बैंक प्रबंधक नितेश कुमार शुक्ल • सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं • बलरामपुर: धोखाधड़ी के मामले में आरोपित बैंक प्रबंधक किदवईनगर कानपुर निवासी नितेश कुमार को नगर कोतवाली पुलिस ने उन्नाव से गिरफ्तार किया है।

बैंक प्रबंधक के साथ चार अन्य लोगों के विरुद्ध 10 मई 2023 को कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। एक वर्ष बाद पुलिस ने बैंक प्रबंधक की गिरफ्तारी कर ली है।

नगर के पंजाब नेशनल बैंक में फरवरी 2023 में तैनात बैंक प्रबंधक नितेश कुमार शुक्ल पर आरोप था कि उन्होंने कांती देवी के नाम से ऋण खाते में हेराफेरी की है। कांती देवी के बेटे दिनेश मिश्र ने इसकी शिकायत फरवरी में ही थाने में की थी। सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली, जहां से एफआइआर के आदेश हुए थे। मई 2023 में मुकदमा दर्ज करने के बाद नगर पुलिस ने जांच शुरू की।

नगर कोतवाल शैलेश सिंह का कहना है कि आरोपों की पुष्टि होने पर भी बैंक प्रबंधक जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। इसलिए उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व अजीत त्रिपाठी की टीम आरोपित बैंक प्रबंधक की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी।

टीम की जांच में पता चला कि आरोपित बैंक प्रबंधक वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक इंदेमऊ उन्नाव में कार्यरत है। टीम ने वहां जाकर आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। बैंक प्रबंधक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# एसपी ने ली परेड की सलामी जांची जवानों की दक्षता



रिजर्व पुलिस लाइन में उपकरणों की जांच करते पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ( दाएं से दूसरे) ● सौ पुलिस मीडिया सेल

जासं ● वलरामपुर: पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड का साप्ताहिक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य व शारीरिक दक्षता की परख के लिए दौड़ कराई गई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए अभ्यास कराया गया।

परेड की सलामी के बाद यूपी 112 वाहनों के दंगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बाक्स व अन्य आवश्यक उपकरणों की जांच की। यूपी 112 के सुरक्षा कर्मियों को सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पहुंचने का निर्देश दिया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड, जीडी कार्यालय, कैंटीन, परिवहन शाखा, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर व पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की साफ-सफाई चेक की गई। सीओ लाइन ज्योतिश्री व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन पानी की टंकी में मानक की अनदेखी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

हरैया सतघरवा (बलरामपुर) : ग्रापं लखनीपुर मजरा भवानियापुर में जल जीवन मिशन योजना से 194,58 लाख की लागत से पानी टंकी का निर्माण चल रहा है। इसमें मानक की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण हरीराम, सत्ते, सूरज, धनीराम, मनीराम, कोयला, वीरेंद्र, ओमप्रकाश, दिनेश, मंजू, पतिराम आदि ने बताया कि निर्माणाधीन पानी टंकी के पूर्वी छोर की ओर चाहरदीवारी मानक के अनुरूप नहीं बनी है। दो सप्ताह पूर्व में निर्माणाधीन भवन की छत एक बार गिर चुकी है। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संसू)



हरैया सतघरवा मजरे भवानियापुर में प्रदर्शन करते ग्रामीण• जागरण

## 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

आचार संहिता खत्म होने के बाद आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा। आगामी 13 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिला न्यायालय के साथ ही कलेक्ट्रेट व तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लोक अदालत में सुलह-समझौते के जरिए वादों का निस्तारण किया जाएगा।

## दिवसों पर सुलझाई जाएंगी जनसमस्याएं

आचार संहिता लागू होने के चलते माह के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस और दूसरे और चौथे शनिवार को थाना दिवस पर सुनवाई बंद थी। ऐसे में बंदिशें हटने के बाद अपने निर्धारित समय पर अधिकारी थाने व तहसीलों में बैठ कर आमजनों की समस्याएं सुनेंगे। साथ ही मौके पर जाकर लंबित मामलों का समाधान कराएंगे। वहीं, रोजाना कार्यालयों में जनसुनवाई की जा सकेगी।

# नाबालिग के अपहरण में दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** ललिया थाना क्षेत्र के एक गांव से बहला फुसलाकर नाबालिग को ले जाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने नौ मई को अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया था। 10 मई को लड़की को बरामद कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बृहस्पतिवार को बलरामपुर-तुलसीपुर मार्ग पर राप्ती पुल के पास से आरोपी तज्जमुल व वसीम निवासी बेहननपुरवा कोड़री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

## टोलीवार कराया गया पूर्वाभ्यास

**बलरामपुर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का निरीक्षण एसपी केशव कुमार ने किया। कहा कि पुलिस कर्मियों को चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए नियमित परेड कराई जा रही है। स्वास्थ्य व शारीरिक दक्षता की परख के लिए दौड़ कराई गई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोली बनाकर पूर्वाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सीओ लाइन ज्योतिश्री व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# धोखाधड़ी का आरोपी बैंक प्रबंधक उन्नाव से गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर कोतवाली में 10 मई को कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी एफआईआर**

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बैंक में धोखाधड़ी के मामले में आरोपी बैंक प्रबंधक को पुलिस ने उन्नाव से गिरफ्तार किया है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मनिकोट गांव के दिनेश कुमार मिश्र ने 10 मई 2023 को बैंक प्रबंधक के साथ चार अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।



आरोपी बैंक मैनेजर। -स्रोत विभाग

शहर के पंजाब नेशनल बैंक में फरवरी 2023 में तैनात बैंक प्रबंधक नितेश कुमार शुक्ल निवासी किदवई नगर कानपुर पर आरोप था कि उन्होंने कांती देवी के नाम से ऋण खाते में हेराफेरी की है। कांती देवी के बेटे दिनेश मिश्र ने इसकी शिकायत फरवरी में ही थाने में की। सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। मई 2023 में एफआईआर दर्ज करने के बाद नगर पुलिस ने जांच शुरू किया। नगर कोतवाल शैलेष सिंह का कहना है कि आरोपों की पुष्टि होने पर भी बैंक प्रबंधक जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। इसलिए थाने के उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व अजीत त्रिपाठी की टीम आरोपी बैंक प्रबंधक की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी।

टीम ने पता किया जो जानकारी हुई कि आरोपी बैंक प्रबंधक वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक इंदेमऊ उन्नाव में कार्यरत है। टीम ने वहां जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# चाकू रखने के आरोपी पर लगाया जुर्माना

**अदालत से**

**बलरामपुर।** आर्म्स एक्ट के आरोपी को मुंसिफ उतरौला योगेश चौधरी ने जेल में बिताई अवधि के साथ 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालगंज जुमैदपुर निवासी मोहम्मद उमर पर पुलिस ने चाकू रखने का अभियोग पंजीकृत किया था। मुंसिफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान मुंसिफ ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि के साथ जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

हिन्दुस्

# मासूम से रेप मामले में 20 वर्ष का सश्रम कारावास

## अदालत से

- दोषी पर कोर्ट से 50 हजार का जुर्माना
- जुर्माना न देने पर तीन माह और जेल में रहेंगे

बहराइच। अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकान्त मणि ने सात वर्षीय बालिका से रेप व पाक्सो के मामले में दोषसिद्ध होने पर बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। पचास हजार का जुर्माना भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाने के एक गांव में दो वर्ष पूर्व मौसेरी बहन के विवाह में शामिल होने नबाबगंज थाने के एक गांव से सात वर्षीय बेटी अपनी मां के साथ आई थी। विवाह सम्पन्न होने के बाद बालिका को मौसी के घर पर छोड़कर उसकी मां चली गई। इस बीच 5 जुलाई 22 को लुकई उर्फ अजमत अली ने मासूम बालिका से रेप किया। बालिका की हालत देख उसकी मौसी ने बहन को फोन पर तबियत खराब होने की जानकारी देते हुए बेटी को ले जाने को कहा।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नबाबगंज इलाके से जब बालिका की मां बहन के घर पहुंची, तो जननांग से रक्त बहता देख सन्न रह गई। बालिका की मां ने रुपईडीहा थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने लुकई के विरुद्ध रेप का केस दर्ज किया।

हिन्दुस्त

# नीलगाय के वध मामले में दर्ज हुई एफआईआर

**हि फॉलोअप**

- बीट प्रभारी ने दी थी तहरीर चार को नीलगाय का वध
- आरोपियों की तलाश में पुलिस डाल रही है दबिश

**बहराइच, संवाददाता।** रानीपुर के बुलहा इलाके में मंगलवार शाम शिकारियों ने एक नील गाय का वध कर मांस गायब कर दिया था। वन महकमे को इसकी भनक लगी, तो दबिश में अवशेष बरामद किए गए थे। इस मामले में रेंजर के निर्देश पर बीट प्रभारी ने थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है, शिकारियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है।

रानीपुर थाने के बुलहा गांव के जब्दा में शिकारियों की ओर से नील गाय के वध की भनक कैसरगंज रेंज कार्यालय को मिली। कैसरगंज रेंजर के नेतृत्व में दबिश पड़ी, तो वहां नीलगाय का सिर व अवशेष मिले। शिकारी मांस सहित भाग चुके थे। वन महकमे की टीम ने इस मामले में गहन तहकीकात करते हुए बीट प्रभारी रामपूर्ति सिंह को थाने में तहरीर दिए जाने के निर्देश दिए थे।

थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की तीन धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। एसओ का कहना है कि जल्द ही आरोपी हवालात में होंगे।

# दुष्कर्मी को 20 वर्ष की सजा 50 हजार रुपये जुर्माना भी

- दो साल बाद आया बालिका से दुष्कर्म के मामले में फैसला
- जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को सौंपने का दिया आदेश

**जागरण संवाददाता • बहराइच** : विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने सात वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपित को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दोषी को तीन माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामला 30 जून 2022 को दिन में 11 बजे का है। रुपईडीहा थाने के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह अपनी सात वर्षीय पुत्री को लेकर एक शादी समारोह में आई थी। वहां पर सुजौली निवासी लुकई उर्फ अजमत ने उसके साथ दुष्कर्म किया था, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई थी। पांच जुलाई 2022 को पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा और विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपित को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी लिखा है कि यदि दोषी जुर्माना अदा करता है तो संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दी जाए। अदालत ने पीड़िता की उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को नियमानुसार प्रतिकर की धनराशि दिलाए जाने की संस्तुति की है।

# एसएसओ पर हमला करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ जेई ने दी तहरीर

संसू, जागरण • पयागपुर (बहराइच): बिजली उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ पर हुए हमले में अवर अभियंता ने 14 नामजद समेत 25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

बीते बुधवार की रात रजुवापुर के मौहारी में ट्रांसफार्मर की फ्यूज सही कर रहे विद्युतकर्मी हनुमान यादव पुत्र निबरे की अचानक सप्लाई चालू हो जाने से मौत हो गई थी, जिससे आक्रोशित होकर दर्जनों लोग लाठी-डंडा लेकर विद्युत उपकेंद्र आ धमके थे। रात्रि में ड्यूटी कर रहे संविदाकर्मी एसएसओ वृजराज विश्वकर्मा को हमलावरों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। अवर अभियंता नवीन कुमार तिवारी ने घटना में शामिल 14 लोगों को नामजद करते हुए 25 अज्ञात के विरुद्ध कर्मचारी पर जानलेवा हमला करना, सरकारी अभिलेखों को क्षति पहुंचाना, बलवा समेत जैसे विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर दी है। अवर अभियंता का कहना कि घायल कर्मचारी की हालत गंभीर है। थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



# नमाज पढ़ने गए सींचपाल की चाकू से गोदकर हत्या

## गांव के युवक ने की हत्या, किया गिरफ्तार

संसू, जागरण • मटेरा (बहराइच) : ग्राम पंचायत के अमवा मौलवी के सोंदराई गांव में नमाज पढ़ कर मस्जिद से बाहर निकले सींचपाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर एएसपी ग्रामीण, स्थानीय पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। एसपी के निर्देश पर मटेरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।



वसीम खां (फाइल फोटो)

मटेरा के सोंदराई गांव निवासी 55 वर्षीय वसीम खां सिंचाई विभाग में सींचपाल के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह घर से चंद कदम दूरी पर स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। वह नमाज पढ़कर बाहर निकले। पहले से घात लगाए गांव के ही युवक ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया, जब तक लोग बचाने दौड़ते, वसीम की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व परिवारजन को दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवारजन घटना स्थल पर पहुंचे। पति का शव देखकर पत्नी बेहोश हो गईं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने आसपास के लोगों व परिवारजन से वार्ता कर घटना के बारे में जानकारी ली और थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि मृतक की पत्नी रेशमा बेगम की मुकदमा दर्ज कर आरोपित इब्राहीम उर्फ गुल्ले को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि प्रथम दृष्ट्या संज्ञान में आया है कि आरोपित नशे का आदी है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेजा जाएगा।

**गुस्सा इतना कि मरने तक चाकू से गोदता रहा हत्यारा:** अमवा मौलवी गांव में शुक्रवार की भोर पेड़ों पर बैठी चिड़ियों की चहचहाहट शुरू हुई थी कि अधेड़ की अपनी जान बचाने के लिए चीख ने ग्रामीणों को डरा दिया। जब तक लोग घटना स्थल पहुंचते, तब तक आरोपित ताबड़तोड़ वार कर सींचपाल की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित को पकड़ा और पूछताछ की तो वह एक ही बयान देता रहा कि वसीम ने मेरे ऊपर जादू-टोना कर परेशान कर रखा था, जिससे हम कहीं नौकरी नहीं कर पा रहे थे और उसके बाद चुप। फिलहाल पुलिस अन्य बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है। मटेरा थाना क्षेत्र के अमवा मौलवी गांव में हुई 55 वर्षीय सींचपाल वसीम की हत्या से हर कोई हतप्रभ है। हत्या इतनी बेरहमी से की गई कि जिसने भी शव देखा, वह हैरान हो गया। शव देख लोगों को यह प्रतीत हुआ कि हत्यारे में मन में काफी नाराजगी थी। चाकू से तब तक वार किया गया, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

**एक दिन पूर्व ही मुंबई से आया था आरोपित:** मृतक परिवारजन के मुताबिक, सींचपाल की गांव में किसी से कोई विवाद ही नहीं था, जिसने हत्या की। उससे तो दूर-दूर तक कोई नाता ही नहीं रहा। इसके बावजूद उसने हत्या क्यों की? यह सवाल सबको उलझाए हुए है। शकील खां ने बताया कि आरोपित इब्राहीम उर्फ गुल्ले गुरुवार को ही मुंबई से तकरीबन ढाई वर्ष बाद वापस घर आया था। थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान वह जादू-टोने से नाराज होने की बात कह रहा है। जांच की जा रही है।

# भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन, पुलिस से झड़प



कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल के पास प्रदर्शन करती भीम आर्मी व मौजूद पुलिस ● जागरण

संसू, जागरण ● बहराइच: मोतीपुर थाना क्षेत्र के कंजड़वा गांव में कुछ दिन पूर्व पंचशील झंडा हटाकर भगवा लगाए जाने से नाराज भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया व नारेबाजी करते हुए सीओ के निलंबन की मांग की। पुलिस कर्मियों से नोकझोंक भी हुई।

भीम आर्मी ने नानपारा-लखीमपुर मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया था। एसडीएम और पुलिस के अधिकारियों ने समझाते हुए पुनः झंडा स्थापित करवा दिया था, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। झंडा विवाद को लेकर भीम आर्मी ने सुबह धरना शुरू किया। दोपहर तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं। इसी के विरोध में शुक्रवार को सभी जिला मुख्यालय पहुंचे। इसके बाद मार्च निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी मोतीपुर सीओ राहुल पांडेय के निलंबन की मांग कर रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा और एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा लोगों से वार्ता कर रहे हैं। आंदोलनकारियों में जिलाध्यक्ष सुरेश पासवान, मंडल अध्यक्ष एसके राजगुरु, लंकेशलाल लहरी, शिवम गौतम, अनुपम पासवान, अन्नू, पूनम, प्रीति, उमा, गुंजन आदि शामिल हैं।

## सफाई कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

जासं ● बहराइच : नगरपालिका परिषद बहराइच के आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया। सभी ने ईओ को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष मिथुन वाल्मीकि की अगुवाई में नगरपालिका परिसर में धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आउटसोर्सिंग सफाई श्रमिकों को कम वेतनमान दिया जा रहा है। इसे बढ़ाकर 18 हजार प्रतिमाह किया जाए। साप्ताहिक अवकाश को हाफ टाइम की जगह फुल टाइम करने की घोषणा हो। नियमित सफाई कर्मचारियों को एसीपी का लाभ दिया जाए। संविदा सफाई कर्मचारियों को भी सातवें वेतन मान का लाभ देने की कार्रवाई की जाए। शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार व जिला महामंत्री ललित ने कहा कि आउटसोर्सिंग सफाई श्रमिकों को प्रतिमाह 7500 रुपये पेंशन और मृतक कर्मियों के आश्रितों को छह लाख रुपये बीमा का लाभ भी देने की कार्रवाई की जाए। जिला संरक्षक जीवनलाल, शाखा महामंत्री मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, विवेक, पप्पू आदि मौजूद रहे।

# माफिया गब्बर की मदद करने वाला पालिका कर्मी गया जेल

जासं ● बहराइच : प्रदेश के टाप-50 माफिया जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह ने जमीन हड़पने व अपनी जमानत के प्रयास में अपहृत व्यवसायी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के दौरान दोषी पाए गए नगरपालिका कर्मी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। उसे कोर्ट ने जेल भेज दिया।

दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र निवासी सुधा मातनहेलिया ने 24 सितंबर 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके पति अरुण मातनहेलिया का माफिया गब्बर सिंह ने जमीन हड़पने के लिए अपहरण कर हत्या कर दी है। इस मामले की जांच की जा रही थी। इसी बीच व्यवसायी का मृत्यु प्रमाणपत्र भी बन गया। उसकी पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली देहात के सुरेंद्र पाल, पूर्व सभासद तिलकचंद, माफिया देवेंद्र सिंह, उनके भाई रवींद्र सिंह व नगरपालिका के कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज किया। विवेचना रिसिया के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह को सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि अरुण मातनहेलिया के अपहरण का मुकदमा पहले से दर्ज था। इस मामले में बचने के लिए फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कराया गया। आवेदन की जांच में पता चला कि सुधा देवी के फर्जी हस्ताक्षर और शपथपत्र को आधार बनाया गया। नगरपालिका के जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने वाले पटल लिपिक अनिल कुमार ने मौके पर जांच करना दर्शाया था। मगर पुलिस की विवेचना में स्पष्ट हुआ कि जिस घर पर जाकर जांच की गई, वह मकान वर्ष 2013 में ही मातनहेलिया ने बेच दिया था। ऐसे में धोखाधड़ी के इस मामले में उसकी संलिप्तता उजागर हुई। विवेचक ने शुक्रवार को आरोपित कर्मी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र ने कर्मी को जेल भेजने के आदेश दिए।



नगर पालिका परिषद बहराइच ● जागरण

# दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कारावास

## 50 हजार का अर्थदंड भी लगा, अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट ने दोषी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 50 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

**अदालत से**

थाना रूपईडीहा के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया था कि सुजौली गांव निवासी लुकई उर्फ अजमत ने उनकी सात वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।

विवेचना अधिकारी व थाने के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने मुकदमे में पीड़िता का बयान व अन्य साक्ष्यों को एकत्रित कर आरोप पत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट पर मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने लुकई को दोष सिद्ध करते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी को 50 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित में दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 साल की जेल

**बहराइच।** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट ने दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। थाना जरवलरोड के एक गांव निवासी पिता ने थाने में दर्ज केस में कहा था कि उनकी 17 वर्षीय बेटी के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम तपेसियाह निवासी अजय कुमार ने गन्ने के खेत में ले जाकर 12 जनवरी, 2016 को जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने 13 जनवरी, 2016 को अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोषी अजय कुमार को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# कार्रवाई का आश्वासन पाकर धरने से हटे भीम आर्मी के कार्यकर्ता

- 12 तक मांगें पूरी न होने की दशा में वे लोग विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे
- पांच दिनों में निस्तारण न होने पर जिला मुख्यालय पर धरना देने की चेतावनी

बहराइच, संवाददाता। पूर्व प्रस्तावित धरना के तहत शुक्रवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे। कंजड़वा गांव में धार्मिक स्थल से झंडा हटाने के मामले में तहसील प्रशासन के रवैए पर धरने पर बैठे। एडीएम व एएसपी के जांच कराकर कार्रवाई के आश्वासन पर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया है। पांच दिनों के अंदर मामले का निस्तारण न होने पर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के कंजड़वा गांव में धार्मिक स्थल पर झंडा हटाकर दूसरा झंडा लगा दिया गया था। इससे नाराज भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने नानपारा- लखीमपुर हाईवे को जाम कर दिया था। मौके पर पहुंचे एसडीएम संजय कुमार, सीओ राहुल पांडेय ने लोगों को हटाया था। मामले का पटाक्षेप करने के लिए दोनों पक्षों से वार्ता भी किया। दूसरे पक्ष ने अपनी गलती भी मान ली थी, लेकिन भीम आर्मी के सदस्य जेल भेजने व झंडा लगाने पर अड़े रहे। इस मामले में एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई की बात कही थी, लेकिन आर्मी के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई न होने पर सात जून को धरना देने का ऐलान किया था। इसी को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर धरना शुरू किया गया। एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव व एएसपी रामानंद कुशवाहा धरना स्थल पर पहुंचे। एक मांग को त्वरित पूरा कराकर धरने का समापन किया। भीम आर्मी के सदस्यों ने कहा कि 12 जून तक सभी मांग पूरी न होने की दशा में वे लोग विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। मांग पत्र में सीओ को निलंबित करने व कोतवाल को हटाने की बात कही गई है।



धरने पर बैठे भीम आर्मी के कार्यकर्ता

### लंबित मांगों को लेकर गरजे नपाप के कर्मचारी

बहराइच, संवाददाता। वेतन वृद्धि समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को नगरपालिका के कर्मचारियों ने भी परिसर में धरना दिया। कर्मचारी संगठन का आरोप है कि आउट सोर्सिंग के नाम पर उन लोगों का खुलेआम शोषण हो रहा है। मांग पूरी न होने पर वे लोग हड़ताल करेंगे। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों ने काम निपटाने के बाद परिसर में धरना दिया। संरक्षक जीवन लाल वाल्मीकि ने कहा कि आउट सोर्सिंग कर्मियों को समय से मानदेय भुगतान नहीं हो रहा है। काम हर समय लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानदेय 18000 रुपये किया जाना चाहिए। एरियर भुगतान, पेंशन, बीमा समेत 11 सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा।

# फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने वाले नपाप कर्मी को भेजा जेल

## अरुण के मृत्यु प्रमाणपत्र को लेकर हुई शिकायत पर की गई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। फर्जी मृत्यु प्रमाण जारी करने के मामले में एक नगर पालिका परिषद कर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नगर पालिकाकर्मी की ओर से जमानत की अर्जी कोर्ट में दाखिल की गई, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। जिसके बाद उसे जेल भेजा गया है।

### चर्चित गब्बर सिंह प्रकरण

शहर के चर्चित माफिया गब्बर सिंह प्रकरण की पक्षकार सुधा मातनहेलिया के पति अरुण मातनहेलिया के मृत्यु प्रमाणपत्र पर सवाल उठाए गए थे। नगर पालिका परिषद बहराइच से प्रमाणपत्र जारी करने संबंधी पटल पर अनिल कुमार नामक कर्मचारी की तैनाती है। इसी पटल से गोंडा रोड स्थित शिवनगर निवासी अरुण मातनहेलिया का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया गया था। इसकी शिकायत पुलिस में की गई तो, प्रकरण को क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया था।

पुलिस ने जांच कर शुक्रवार को आरोपी को बयान के लिए दरगाह थाने में तलब किया और बयान के दौरान आरोप की पुष्टि होने पर उसे वहीं से गिरफ्तार कर लिया गया।

इसी मामले में माफिया देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर भी आरोपी हैं, जो मौजूदा समय में फरीदाबाद जेल में निरुद्ध हैं। फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर जमीन की खरीद फरोख्त के मामले का खुलासा हुआ था, जिसकी जांच अभी भी लंबित है। दरगाह थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने नगर पालिका परिषद कर्मचारी को जेल भेजे जाने की पुष्टि की है।

# बिजलीकर्मी पर हमला करने के मामले में 14 नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध केस

## पयागपुर थाना क्षेत्र का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

पयागपुर (बहराइच)। थाना क्षेत्र के दरयावपुरवा में बुधवार देर रात बिजली का तार ठीक करते समय करंट लगने से संविदाकर्मी की हुई मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मी पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने मामले में 14 नामजद सहित 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

बिजली उपकेंद्र पयागपुर के अवर अभियंता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि पांच जून की रात संविदाकर्मी लाइनमैन हनुमान की मौत के बाद उनके परिजन व ग्रामीणों ने रात 10 बजे उपकेंद्र पर धावा बोलकर ड्यूटी पर तैनात कर्मी बृजराज पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया था। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए केंद्र में रखे रजिस्टर फाड़ते हुए कुर्सी-मेज सहित अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया। जिसके संबंध में 14 नामजद लोगों व लगभग 25 अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अवर अभियंता नवीन कुमार तिवारी ने बताया कि घायल कर्मी बृजराज की हालत गंभीर बनी हुई है। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# घर जाकर पीड़ित महिलाओं की व्यथा सुनेगी पुलिस

## 250 मामले चिह्नित किए गए जिसमें, बार-बार की गई शिकायत

जितेन्द्र दीक्षित

**बहराइच।** जिले में घरेलू हिंसा के 250 ऐसे मामले चिह्नित किए गए हैं। जिनमें महिलाएं लगातार शिकायत कर रही हैं। ऐसे मामलों में प्रभावी पैरवी करने व शिकायतों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए अब महिला बीट सिपाही प्रत्येक सप्ताह पीड़ित महिलाओं के घर दस्तक देंगी। महिला से फीडबैक लेकर उन्हें उच्चाधिकारियों को अवगत करवाएंगी।

जिले में महिला अपराधों में कमी लाने के लिए एसपी वृंदा शुक्ला की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। जिसके तहत अब एसपी ने घरेलू हिंसा के मामलों में कमी लाने व प्रभावी कार्रवाई के लिए नया प्रयोग शुरू किया है। इसके अंतर्गत विभिन्न थानों पर एक से अधिक बार आए घरेलू हिंसा के मामलों को चिह्नित किया जा रहा है। प्रकरणों के चिह्नांकन के साथ ही थाने पर तैनात संबंधित क्षेत्र की महिला बीट सिपाही को प्रकरण हस्तांतरित किया जाएगा। जिसके बाद महिला सिपाही पीड़ित महिला के घर पर सप्ताह में एक बार दस्तक देगी और घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी लेगी। इस दौरान अगर महिला की ओर से फिर से हिंसा की शिकायत की जाती है, तो बिना उसे थाने दौड़ाए तत्काल मौके पर ही समस्या के निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। (संवाद)

### 100 महिला सिपाहियों को दी गई जिम्मेदारी, दोबारा शिकायत आने पर होगी कार्रवाई

### परिवार बचाने के चक्कर में रहती हैं महिलाएं

पुलिस की ओर से घरेलू हिंसा से संबंधित सिर्फ ऐसे मामलों को चिह्नित किया जा रहा है, जिनमें महिलाएं शिकायत लेकर थाने तो आती हैं, लेकिन परिवार बचाने के चक्कर में वह पतियों पर केस नहीं चाहती हैं। महिलाएं सुलह व दबाव से मामले में पटाक्षेप चाहती हैं। यही कारण है कि महिलाएं कुछ समय बीतने के बाद फिर से शिकायत करने पहुंचती हैं। पुलिस की ओर से जिले के 23 थाने व कोतवाली में ऐसे 250 मामले चिह्नित किए गए हैं और इनपर लगाम लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### 13 महिला उपनिरीक्षकों की भी तैनाती

घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों पर लगाम के लिए थानों के 100 महिला बीट सिपाहियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही 13 महिला उपनिरीक्षक भी इनपर नजर रखेंगी और निस्तारण के लिए महिला के घर पर दस्तक देंगी। यही नहीं एसपी स्वयं ऐसे मामलों में की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगी।



"घरेलू हिंसा से संबंधित 250 ऐसे मामले चिह्नित किए गए हैं, जिनमें महिलाएं लगातार शिकायत कर रही हैं। इनके समाधान के लिए महिला बीट सिपाही के साथ महिला उपनिरीक्षक लगाई गई हैं। अभियान का उद्देश्य जिले में महिला अपराधों में कमी लाना है।

\- **वृंदा शुक्ला**, एसपी

# तालाब की जगह नदी किनारे करवा दी खोदाई

### एक ग्रामीण की शिकायत पर विभाग ने कराई जांच, मनरेगा उपायुक्त ने कार्य को किया श्रमदान घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** मनरेगा के कार्यों में जिले में जमकर अनियमितता हो रही है। एक गांव में तालाब खुदवाने के नाम पर घाघरा नदी किनारे कछार में खोदाई कर लाखों रुपये गबन करने का मामला सामने आया है। तहसील महसी के एक गांव में नदी के कछार में ट्रैक्टर से खुदाई चल रही थी। जिसकी शिकायत एक ग्रामीण ने की थी। मनरेगा उपायुक्त ने जब जांच कराई तो मामला सही पाया। इस पर उपायुक्त ने अब तक कराए गए कार्य को श्रमदान घोषित कर दिया है।

तहसील महसी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कायमपुर निवासी अमित कुमार सिंह ने सीडीओ को शिकायत कर बताया था कि गांव के प्रधान गोमती प्रसाद, ग्राम पंचायत सचिव राजवंत व ग्राम रोजगार सेवक सरिता देवी ने मनरेगा का धन गबन करने के उद्देश्य से घाघरा नदी के कछार में छह माह तक जलमग्न रहने वाली भूमि पर नदी से 100 मीटर दूर तालाब की खुदाई करवा रहे है। खोदाई में मनरेगा श्रमिकों को न लगाकर पांच ट्रैक्टर से खुदाई करा रहे थे। इसकी शिकायत उन्होंने सीडीओ से की थी। सीडीओ ने इसकी जांच उपायुक्त श्रम रोजगार केडी गोस्वामी को सौंपी थी।

उपायुक्त श्रम रोजगार ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने छह जून को प्रकरण की जांच की, तो मामला सही पाया गया। उन्होंने बताया कि घाघरा नदी के किनारे तालाब की खोदाई चल रही थी। बाढ़ के दौरान तालाब का अस्तित्व समाप्त हो जाता। खुदाई में श्रमिकों का प्रयोग न कर ट्रैक्टर से कार्य किया जा रहा था। इसलिए तालाब खुदाई के कार्य की परियोजना को श्रमदान घोषित किया जाता है। पूरे मामले की रिपोर्ट सीडीओ को सौंपने की बात कही है।

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 08-06-2024

# बालश्रम रोकने का चला अभियान

श्रावस्ती। थाना एएचटीयू की थानाध्यक्ष पुष्पलता की ओर से पुलिस व चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम, बाल विवाह की रोकथाम के लिए शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर बाजार, मंगल भट्टा, भिनगा कस्बा आदि स्थानों पर बालश्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह आदि न करने के लिए जागरूक किया। वहीं बालश्रम के विरुद्ध होटल, ढाबा, वर्कशॉप, मिठाई की दुकानों आदि में छापेमारी की गई।

# एएसपी ने सुनीं जन समस्याएं

श्रावस्ती। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने शुक्रवार को जनता दर्शन में लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान कुल 21 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें चार भूमि विवाद, तीन पारिवारिक विवाद व 14 अन्य विवादों से संबंधित रहे। लोगों की शिकायत सुन एसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायती पत्रों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# पत्नी विदा कराने के लिए थाने पहुंचा पति

**गिलौला (श्रावस्ती)।** बहराइच जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र के ग्राम पेड़ी निवासी कैलाशनाथ ने शुक्रवार को गिलौला थाने में तहरीर देकर कहा कि चार वर्ष पूर्व उसका विवाह ग्राम कोलाभार मजगवां के मजरा कुतिहार पुरवा निवासी भदई की पुत्री से हुआ था। एक सप्ताह पूर्व सास-ससुर अपनी बेटी को मायके ले आए थे। शुक्रवार को जब पीड़ित पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचा तो सास-ससुर ने उसे एक साल बाद ले जाने को कह कर लौटा दिया। कैलाश ने गिलौला पुलिस से पत्नी की विदाई कराने की मांग की है। (संवाद)

# घरेलू हिंसा के विरुद्ध तोड़ें चुप्पी

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए महिला सशक्तीकरण, मिशन शक्ति व शक्ति दीदी टीम की ओर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को गिलौला के एकघरवा, तिलकपुर मोड़ व गिलौला कस्बा में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान महिलाओं व किशोरियों का छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न व साइबर हिंसा जैसे घटनाओं की रोकथाम के लिए बने कानून व नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान शक्ति दीदी ने छह से आठ वर्ष के बच्चों को गुड व बैड टच के बारे में बताया। महिलाओं व युवतियों को पिंक कार्ड वितरित कर घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने व अधिकारों के बारे में जागरूक किया। (संवाद)